भोपाल, शुक्रवार 6 नवंबर 2026 ■ कार्तिक मास कृष्ण पक्ष-12 ■ वर्ष : 13, अंक : 217 ■ पृष्ठ : 18 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 26 न्यून.22 haribhoomi.com



हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

अयोध्या में 5 दिवसीय दीपोत्सव का आगाज

सरयू तट से राम जन्मभूमि तक सजी रामनगरी

कल 56 घाटों पर जगमगाएंगे 30 लाख दीप

- पांच देशों की रामलीला मंडलियों ने संभाला मंच
- देशभर के लोक कलाकारों ने बिखेरे संस्कृति के रंग

घाट पर रखे दीये

राम की पैड़ी पर बनाई गई आकर्षक रंगोली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अयोध्या

रामनगरी अयोध्या में गुरुवार को 5 दिवसीय दीपोत्सव का भव्य आगाज हुआ। पहले दिन लेजर शो, प्रोजेक्शन मैपिंग और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का मंचन के साथ दीपोत्सव की शुरुआत हुई। रामलीला की गूंज और देशभर की लोक संस्कृतियों की झलक के साथ पूरी रामनगरी उत्सव के रंग में सराबोर हो गई। सरयू तट से लेकर श्रीराम ⏭ शेष पेज 14 पर



लोकनृत्यों से दिखाई सांस्कृतिक विविधता

दीपोत्सव के सांस्कृतिक मंचों पर देशभर की लोककलाओं की छटा बिखरी। पश्चिम बंगाल के श्री खोल से लेकर आंध्र प्रदेश के बोनालु तक की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र बनीं। संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के अनुसार प्रदेश के विभिन्न जिलों के कलाकारों ने भी विशेष प्रस्तुतियां दीं। इनमें मथुरा का मयूर और बम रसिया, प्रयागराज का ढेढ़िया, बांदा का पाई डंडा और करमा, गाजीपुर का धोबिया, गोरखपुर का वनटांगिया, पीलीभीत का थारू, झांसी का राई, सुल्तानपुर का नटवरी और बहराइच का डोमकच नृत्य शामिल रहा।

रामभक्तों को भेजे शुभकामना संदेश

दीपावली के अवसर पर श्रीराम मंदिर ट्रस्ट ने मंदिर निर्माण में सहयोग देने वाले रामभक्तों को शुभकामना संदेश भेजे। वाट्सएप के माध्यम से भेजे गए इन संदेशों के साथ आभार-पत्र भी संलग्न किया गया। ट्रस्ट ने रामभक्तों के योगदान के प्रति आभार जताया।

आज से दीप पर्व की शुरुआत

दीप पर्व 6 नवंबर से 11 नवंबर तक मनाया जाएगा। कहा जाता है कि कार्तिक मास की अमावस्या की आधी रात में देवी लक्ष्मी धरती पर आती हैं और हर घर में जाती हैं। जिस घर में स्वच्छता और शुद्धता होती है, वे वहां निवास करती हैं।

1. धनतेरस



धनतेरस पर कुबेर, यमराज और धन्वंतरि की पूजा विधि-विधान से की जाती है। इस दिन सोना चांदी और बर्तन खरीदने से वो संपदा अक्षत हो जाती है।

2.नरक चतुर्दशी



छोटी दिवाली पर मान्यता है कि कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी के दिन प्रातः काल तेल लगाकर अपामार्ग (चिचड़ी) की पत्तियां जल में डालकर स्नान करने से नरक की यातनाओं से मुक्ति मिलती है।

3. दीपावली



दिवाली पर गणेश लक्ष्मी जी की पूजा की जाती है जिससे बुद्धि और धन दोनों की प्राप्ति होती है। यह मां लक्ष्मी के अवतरण का दिन है। दीपावली पर कुछ चीजें व संकेत दिखना अति शुभ माना गया है।

4. गोवर्धन पूजा



दिवाली के अगले दिन कृष्ण रूपी गोवर्धन की पूजा की जाती है और संध्या में मंदिरों में अन्नकूट पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। मंदिरों में भगवान को 56 भोग लगाकर प्रसादी बांटी जाती है।

5. भाई दूज



यह भाई-बहन के प्रेम से जुड़ा हुआ है। यमुना और यमराज की भैया दूज की कथा पौराणिक महत्व रखती है। भाई-बहनों को उपहार देते हैं और बहन उनके लिए खुशियां ईश्वर से मांगती हैं।

दीपावली का 'उजियारा'... धनतेरस से संग 'हमारा'

12 साल बाद धनतेरस पर 'तीन शुभ योगों' का संयोग, 13 दीप जलाने का विशेष महत्व



विष्कुंभ योग, हस्त नक्षत्र और मालव्य राजयोग में आज मनेगी धनतेरस प्रदोष का भी संयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

धन, आरोग्य और समृद्धि का पर्व धनतेरस शुक्रवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस बार धनतेरस पर करीब 12 साल बाद विष्कुंभ योग, हस्त नक्षत्र और मालव्य राजयोग का विशेष संयोग बन रहा है। इसके साथ ही शुक्र प्रदोष का संयोग भी रहेगा। ज्योतिषीय मान्यता के अनुसार इन शुभ योगों में भगवान धन्वंतरि, माता लक्ष्मी और कुबेर देव की पूजा का विशेष फल प्राप्त होता है। मां चामुंडा दरबार भोपाल के पुजारी रामजीवन दुबे ने 'हरिभूमि'को बताया कि धनतेरस पर 13 दीप जलाने का विशेष महत्व है। इस दिन घर के बाहर दीपदान करने की भी परंपरा है। उन्होंने बताया कि दीपोत्सव की शुरूआत कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी यानी धनतेरस से होती है और भाई दूज पर इसका समापन होता है। इस बार तिथियों के विशेष संयोग के चलते दीपोत्सव पांच ⏭ शेष पेज 14 पर

सेंसेक्स 2100 अंक उछला, निफ्टी भी 600 अंक चढ़कर 24,500 के पार

शेयर बाजार में चले अनार, निवेशकों की झोली में आए 7 लाख करोड़ रुपए



कच्चे तेल में गिरावट और विदेशी निवेशकों की खरीदारी से बाजार में लौटी रौनक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिवाली में अभी दो दिन बाकी हैं, लेकिन शेयर बाजार में गुरुवार को ही दिवाली जैसा माहौल बन गया। अमेरिकी मिडटर्म चुनाव में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हार की खबर से दलाल स्ट्रीट पर ऐसी रौनक लौटी कि सेंसेक्स और निफ्टी ने लंबी छलांग लगा दी। बीएसई सेंसेक्स 2100 अंकों से अधिक उछलकर 79,400 के पार पहुंच गया, जबकि एनएसई निफ्टी ने भी 600 अंकों की तेजी के साथ 24,500 का स्तर पार कर लिया। बाजार की इस शानदार तेजी ने निवेशकों को दिवाली का तोहफा दे दिया। कारोबार शुरू होने के कुछ ही मिनटों में बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 500 लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच गया। निवेशकों की संपत्ति में करीब 7 लाख करोड़ रुपए का इजाफा हुआ। तेजी का असर केवल बड़ी कंपनियों के शेयरों तक सीमित नहीं ⏭ शेष पेज 14 पर

Reliance

स्टोर्स खुलने का समय सुबह 9 बजे

धनतेरस की हार्दिक शुभकामनाएं





iPhone 17 Pro 256 GB Starting at ₹54990*

iPhone 17 Pro Max 256 GB Starting at ₹66990*

*Price Post In-store Discount, Exchange, Exchange Bonus & Cashback

iPhone Air Starting from ₹49990* *Price post Instore Discount, Exchange, Exchange Bonus & Cashback.

oppo Find X10 Series Starting from ₹59999* Best upgrade offer. *Price post exchange, exchange bonus and cashback

motorola edge 70 fusion Starting from ₹29499* *Price inclusive of cashback & exchange offer

LOWEST PRICE EVER 3 Year WARRANTY xiaomi 109cm (43) FHD SMART TV Google TV ₹19999*

Also available 81 cm (32) HD at ₹13999*

*Prices after bank cashback

LG SMART TV AI 3 YEARS WARRANTY UPGRADE ₹1999* 36 MONTH FIXED EMI 26% CASH BACK* ₹26000*

FLASH SALE

DELL 13 XPS TOUCH Intel® Core™ 5 Series 3 ₹100809 ₹74999*

MacBook Neo Powered by A18 Pro Built for Apple Intelligence. ₹79900 ₹64900*

HP Omnibook 3 Ryzen 3 7000 8 GB | 512 GB SSD ₹83421 ₹44999*

*Prices after discount & cashback

₹20000 तक एश्योर्ड एक्सचेंज बोनस*

अगले पर 50% छूट दूसरे प्रॉडक्ट पर*

डायसन बिग बॉल वैक्यूम क्लीनर ₹43900 ₹14990*

*₹50000 और उससे अधिक की खरीदारी पर

₹30000 तक डिस्काउंट* लीडिंग बैंक कार्ड्स और कंज्यूमर लोन्स पर

AU SMALL FINANCE BANK AXIS BANK HDFC BANK IDFC FIRST Bank IndusInd Bank kotak onecard RBL BANK SBI card YES BANK HDB FINANCIAL SERVICES

#CelebrateWithNoExcuses

digital PERSONALISING TECHNOLOGY www.reliancedigital.in

INVERTER ACs VOLTAS 1.5T VRTS RGALMAGNM ₹36990** 5 STAR Kelvinator 1.5T KAS-V183ALSG6 ₹28990** 3 STAR

*Prices inclusive of cashback & exchange offers

RO WATER PURIFIER BENEFITS GET BAJAJ 3J 500W MIXER WORTH ₹5000 AT ₹499*

boAt PARTYPAL 450 180W FREE 2 MIC ₹13499* BENEFITS FREE ANC HEADPHONE WORTH ₹4499*

noise TWIST GO ₹4999 ₹1399*

ROBOTIC VACUUM CLEANER ₹34499 ₹24999* FREE* PRODUCTS WORTH ₹22999*

boAt 500W 5.1CH SOUNDBAR ₹10999*

*Price post cashback

ONEPLUS NORD BUDS 3 ANC ₹2799 ₹2499*

UPTO ₹15000 EXCHANGE BENEFIT* UPTO ₹20000 CASH BACK* GET GIFTS WORTH UPTO ₹12490*

UPSIZE & UPGRADE To a Bigger Refrigerator POWERED BY: LG Haier | CO-POWERED BY: Godrej

REFRIGERATORS

DOUBLE DOOR Starting from ₹17990* EMI of ₹1994*

SIDE BY SIDE Starting from ₹39990* EMI of ₹2994*

FRENCH DOOR Starting from ₹69990* EMI of ₹2994*

WASHING MACHINES

SEMI AUTOMATIC LG 7 Kg ₹11990* EMI of ₹999*

TOP LOAD VOLTAS 6.5 Kg ₹11990* EMI of ₹999*

FRONT LOAD HAIER 8 Kg ₹32990* EMI of ₹2749*

*Prices after bank cashback & under exchange.

BLUE STAR BOSCH BPL Electrolux Godrej Haier IFB LG LLOYD VOLTAS beko Whirlpool

फ्री डिलीवरी* सबसे जल्दी इंस्टॉलेशन* | बिल्कुल नई टेक्नोलॉजी की विशाल रेंज | ईज़ी ईएमआई | सबसे कम कीमत* | 14-दिन आसान रिटर्न

SCAN TO VISIT WEBSITE OR STORE

शॉपिंग करें यहां से भी: SHOP ANY ELECTRONICS AT MY JIO STORE Jio DIGITAL LIFE

Unless specified, the retail prices shown are for 1 unit of the product.
Terms & Conditions Apply: AU Small Finance Bank/IDFC First Bank/Kotak Bank/RBL/Yes Bank: CC FS: 7.5% discount up to Rs 1,500 on transactions of Rs 10,000 & above. Flat Rs. 3,000 discount on a minimum transaction of Rs. 50,000 & above. Flat Rs. 5,000 discount on a minimum transaction of Rs. 1,00,000 & above. Flat Rs. 10,000 discount on a minimum transaction of Rs. 2,00,000 & above. CC EMI: : 7.5% discount up to Rs 2,500 on transactions of Rs 10,000 & above. Flat Rs. 3,500 discount on a minimum transaction of Rs. 50,000 & above. Flat Rs. 7,000 discount on a minimum transaction of Rs. 1,00,000 & above. Flat Rs. 15,000 discount on a minimum transaction of Rs. 2,00,000 & above. Flat Rs. 25,000 discount on a minimum transaction of Rs. 3,00,000 & above. IDFC: DC FS: 7.5% discount up to Rs 1,500 on transactions of Rs 10,000 & above. Flat Rs. 3,000 discount on a minimum transaction of Rs. 50,000 & above. IndusInd: CC/DC FS: 7.5% discount up to Rs 1,500 on transactions of Rs 10,000 & above. Flat Rs. 3,000 discount on a minimum transaction of Rs. 50,000 & above. Flat Rs. 5,000 discount on a minimum transaction of Rs. 1,00,000 & above. Flat Rs. 10,000 discount on a minimum transaction of Rs. 2,00,000 & above. CC EMI: 10% discount up to Rs 15,000 on transactions of Rs 10,000 & above. Axis/HDFC/SBI/OneCard: CC EMI: 7.5% discount up to Rs 2,500 on transactions of Rs 10,000 & above (SBI Card EMI- Rs. 15,000 & above). Flat Rs. 3,500 discount on a minimum transaction of Rs. 50,000 & above. Flat Rs. 7,000 discount on a minimum transaction of Rs. 1,00,000 & above. Flat Rs. 15,000 discount on a minimum transaction of Rs. 2,00,000 & above. Flat Rs. 25,000 discount on a minimum transaction of Rs. 3,00,000 & above. For HDFC Bank & SBI Cards, EMI offer applicable on 6 months & above tenure only. Offers applicable on purchase of select product & brands only. Offers is applicable across Reliance digital, My Jio Stores, JioMart Signature stores & www.reliancedigital.in from 31st Oct to 11th Nov 2026. For the purpose of this offer, CC FS shall refer to Credit Card Full Swipe, CC EMI shall refer to Credit Card EMI, DC FS shall refer to Debit Card Full Swipe. Consumer Durable Loan Upto 20,000 Cashback on LED, Laptop, AC, Ref, Washing Machine & Mobile Phone with Bajaj Finserv. Offer validity : 31st Oct'26 to 11th Nov'26.Up to Rs 45000/- Cashback on Refrigerator, Panel, Washing Machine, Dish Washer, Smart phone & laptop with IDFC First Bank Ltd . Offer validity: 31st Oct'26 to 15th Nov'26 for IDFC First Bank. Up to Rs 31,000/- cash back on Consumer durable products, laptop & Digital Products with HDB Financial services, offer Validity 31st Oct'26 to 11th Nov'26 for Pan India. All Paper finance offers are available on select brands / products/ Schemes & select customers. offer valid in select states/cities. For more details contact In-store finance executive. For Paper Finance, benefit shall be given to the customer in form of cashback which shall be posted by respective financier as per their terms. Finance: Offer wherever applicable is at the sole discretion of the financing company. Brand Offers: Offers applicable on brands are sole discretion of the respective brands. *GST will be applicable on all the FREE products. All disputes are subject to the exclusive jurisdiction of the courts in Mumbai only.

भोपाल, शुक्रवार 6 नवंबर 2026

haribhoomi.com



हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



एशियाई पैरा गेम्स

30 स्वर्ण, 35 रजत और 49 कांस्य लेकर लौटे 97 खिलाड़ियों से मिले पीएम मोदी

बोले-पैरा एथलीट ने फिर दिखा दिया हौसलों से संभव है सबसे ऊंची उड़ान

पीएम मोदी ने इतिहास रचने वाली इस टीम से गुरुवार को दिल्ली के इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में मुलाकात की

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

जापान में इस बार आयोजित किए गए एशियन पैरा गेम्स 2026 में भारतीय खिलाड़ियों ने अब तक का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन किया है। भारतीय टीम के 97 पैरा खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने जापान के आइची-नागोया पहुंचे थे। भारतीय टीम ने इस दौरान 114 पदक जीते, जो अब तक के एशियाई पैरा गेम्स के भारतीय इतिहास का सबसे ज्यादा है। इनमें 30 गोल्ड, 35 सिल्वर और 49 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं।



भारतीय खिलाड़ियों के साथ पीएम मोदी

भारत खेल में एक शक्ति के रूप में आगे बढ़ रहा

भारतीय पैरा खिलाड़ियों की इस उपलब्धि के बाद जापान से लौटी भारतीय टीम के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संवाद किया। आयोजन दिल्ली के इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में किया गया। बातचीत के बीच पीएम मोदी ने एक ऐसी लाइन कही, जिससे पैरा खिलाड़ियों का मन गदगद हो गया। पीएम मोदी ने कहा कि उन्हें खिलाड़ियों से मिलने ▸▸शेष पेज 14 पर


पीएम मोदी खिलाड़ियों को मिठाई खिलाते हुए

खिलाड़ियों के कोच की तारीफ की

पीएम मोदी ने इन खिलाड़ियों के प्रशिक्षकों को भी बधाई दी। खिलाड़ियों के कोच की तारीफ करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि एक सामान्य खिलाड़ी के पीछे कोच को जितनी मेहनत करनी पड़ती है, पैरालंपिक के लिए उससे अनेक गुना ज्यादा मेहनत करनी होती है, तब जाकर के रंग बिखरते हैं। इसलिए उनको मैं विशेष बधाई देता हूं, उनका अभिनंदन करता हूं।

सुप्रीम कोर्ट ने दिया सख्त रुख अपनाने का संकेत

यूजीसी के विवादित इक्विटी रेगुलेशंस को हटाएगी सरकार



सीजेआई सूर्यकांत ने केंद्र से पूछा- नियमों पर दोबारा विचार क्यों नहीं करते? सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा- हर छात्र के हितों की रक्षा जरूरी, कमेटी गठित करने पर भी विचार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के विवादित इक्विटी रेगुलेशंस 2026 को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। मामले की सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार से इन नियमों को तत्काल हटाने और इन पर दोबारा विचार करने को कहा।


सीजेआई सूर्यकांत

इस पर केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने आश्वासन दिया कि सरकार विवादित नियमों पर पुनर्विचार कर रही है और इन्हें हटाने की दिशा में कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि नई पीढ़ी के हर छात्र के हितों की रक्षा हो और किसी भी वर्ग में ▸▸शेष पेज 14 पर

नियमों पर नए सिरे से विचार करने के लिए एक कमेटी गठित होगी



पायल तड़वी और रोहित वेमुला के मामलों से जुड़ा है विवाद

जवाबी हलफनामे के बजाए दिया मौखिक सुझाव

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने अदालत को बताया कि शिक्षाविदों और इस क्षेत्र में काम करने वाले विशेषज्ञों की ओर से उठाए गए मुद्दों की सूची तैयार कर सुप्रीम कोर्ट के सामने रख दी गई है। उन्होंने यूजीसी को जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए समयबद्ध निर्देश देने की मांग की। इस पर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि जवाबी हलफनामे के बजाए अदालत केंद्र सरकार को मौखिक रूप से एक सुझाव दे रही है। ▸▸शेष पेज 14 पर

जनवरी में नए नियमों पर लगा दी थी रोक

सुप्रीम कोर्ट ने जनवरी 2026 में यूजीसी के नए इक्विटी रेगुलेशंस पर रोक लगा दी थी। अदालत ने नियमों की भाषा में अस्पष्टता और उनके संभावित दुरुपयोग की आशंका को लेकर चिंता जताई थी। इसके बाद शीर्ष अदालत ने 2012 के पुराने नियमों को जारी रखने की अनुमति दी थी।

हिरासत के बाद 24 घंटे में पेशी जरूरी

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को हिरासत के बाद कोर्ट में पेश करने की 24 घंटे की समय सीमा को साफ किया। कोर्ट ने कहा कि किसी व्यक्ति को मजिस्ट्रेट के सामने पेश करने की 24 घंटे की समयसीमा उसे हिरासत में लेते ही शुरू हो जाएगी। यह समय औपचारिक गिरफ्तारी दर्ज होने के समय से नहीं ▸▸शेष पेज 14 पर

दो प्रत्याशियों के नामांकन खारिज

हरदीप सिंह पुरी निर्विरोध चुने गए राज्यसभा सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

केंद्रीय मंत्री और भाजपा उम्मीदवार हरदीप सिंह पुरी मध्य प्रदेश से राज्यसभा उपचुनाव में निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए हैं। गुरुवार को नाम वापसी की अंतिम तारीख समाप्त होने के बाद रिटर्निंग ऑफिसर ने उनके निर्वाचन की घोषणा की। पुरी के अलावा किसी अन्य ▸▸शेष पेज 14 पर


हरदीप सिंह पुरी

प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने लिया निर्वाचन प्रमाणपत्र



भाजपा के तीन सांसदों को जवाब देने का अंतिम मौका

जबलपुर। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने राज्यसभा चुनाव से जुड़ी चुनाव याचिका में भाजपा के तीन निर्वाचित सांसदों को जवाब पेश करने का अंतिम अवसर दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि ▸▸शेष पेज 14 पर

रोनाल्डो का फुटबॉल से संन्यास

'23 साल' तक रही जर्सी नंबर 7 की धूम

पुर्तगाल के लिए 234 मैचों में दागे 146 गोल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

फुटबॉल की दुनिया के महानतम खिलाड़ियों में शुमार क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने पुर्तगाल के लिए अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लिया है। 41 वर्षीय इस दिग्गज खिलाड़ी के साथ 23 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर का अंत हो गया है। नवंबर के अंतरराष्ट्रीय ब्रेक के बाद वह राष्ट्रीय टीम की नंबर-7 जर्सी में मैदान पर नजर नहीं आएंगे। रोनाल्डो ने 2003 में महज 18 साल की उम्र में पुर्तगाल के लिए पदार्पण किया था। उन्होंने देश के लिए 234 मैच खेले और 146 गोल दागे। वह पुरुष अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सर्वाधिक गोल करने और सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी हैं। उनके करियर की ▸▸शेष पेज 14 पर ▸▸पढ़ें पेज 17 भी





एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में हमारा जलवा

लगातार तीसरी बार 'खिताब' जीतकर भारत ने रचा इतिहास

जापान को 4-1 से हराया, हॉकी में भारत बना एशिया का बादशाह

एजेंसी ▸▸ जालंधर

भारतीय हॉकी टीम ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में अपना दबदबा कायम रखते हुए लगातार तीसरी बार खिताब जीत लिया। गुरुवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत ने जापान को 4-1 से करारी शिकस्त देकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। भारत ने इसी के साथ गोल्ड मेडल अपने नाम कर लिया। इसके साथ ही भारत ने रिकॉर्ड छठी बार इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।



हरमनप्रीत सिंह की टीम पहले दो क्वार्टर में 0-1 से पिछड़ रही थी। इसके बाद तीसरे क्वार्टर में शिलानंद लाकड़ा ने गोल कर स्कोर को बराबरी पर ला दिया। वहीं आखिरी क्वार्टर में दिलप्रीत सिंह ने ▸▸शेष पेज 14 पर

चुनाव आयोग में बड़ा बदलाव

आईटी विभाग की निगरानी करेंगे अब वरिष्ठ अधिकारी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



■ 3 महीने पहले हुआ था कार्य आवंटन

चुनाव आयोग में कार्य आवंटन को लेकर तीन महीने पहले उठे विवाद के बाद आईटी विभाग की रिपोर्टिंग व्यवस्था में बदलाव किया गया है। आयोग के नए आदेश के तहत डायरेक्टर जनरल (आईटी) सीमा खन्ना को अब सीनियर डिप्टी इलेक्शन कमिश्नर पवन कुमार शर्मा के माध्यम से फाइलें प्रस्तुत ▸▸शेष पेज 14 पर

ग्वालियर से शिवपुरी तबादले के बाद एसडीओपी कार्यालय के बाहर डेरा

बीमार गाय के इलाज की मांग उठाई, अब 15 दिन से सड़क पर रात गुजार रही महिला सब-इंजीनियर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ शिवपुरी

अलग खबर

बीमार गाय के इलाज और गोशाला में कथित लापरवाही के खिलाफ आवाज उठाने वाली मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण की महिला सब-इंजीनियर हिमांचली मिश्रा पिछले 15 दिनों से शिवपुरी में सड़क पर रात गुजार रही हैं। ग्वालियर से शिवपुरी तबादले के बाद वह एसडीओपी कार्यालय और पुलिस कंट्रोल रूम के बाहर खुले आसमान के नीचे रह रही हैं। उनका आरोप है कि गोवंश के प्रति अपनी जिम्मेदारी ▸▸शेष पेज 14 पर



गोशाला प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप

कलेक्टर ने दिया समाधान का भरोसा

शिकायतों के बाद तबादले का आरोप

हिमांचली का आरोप है कि उन्होंने मामले की शिकायत कलेक्टर, नगर निगम कमिश्नर, सीईओ और जनप्रतिनिधियों से की, लेकिन गोशाला प्रबंधन पर कार्रवाई के बजाए उन्हें विभागीय नोटिस, एफआईआर की चेतावनी और अंततः ग्वालियर से शिवपुरी तबादले का सामना करना पड़ा। उनका कहना है कि विरोध दर्ज कराने के लिए उन्होंने स्वेच्छा से बिस्तर और कमरे का त्याग किया है। शिवपुरी कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कहा कि यह प्रकरण उनके संज्ञान में आया है। वह महिला सब-इंजीनियर से बात कर उनकी समस्या का समाधान निकालने का प्रयास करेंगे।

हीरो मना रहा है भारत की कला शैलियों का जश्न. पेश है तमिलनाडु के **रुबेशकुमार टी** की **तंजौर कला.**

Hero

Hero

भरोसा सोने सा खरा

धनतेरस की शुभकामनाएँ



Splendor+

Destini

सोने का सिक्का और बहुत कुछ जीतने का मौका पाएं®

कैश डिस्काउंट ₹3000~ तक

एक्सचेंज बोनस ₹5000~ तक

इंस्टेंट कैशबैक ₹10000^ तक SBI card HDFC BANK pine labs

कम डाउन पेमेंट ₹4999^ से शुरू

कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹3200~ तक

For bulk / institutional inquiries, please write to us at : institutionalsales@heromotocorp.com | Available in CSD

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero GoodLife

Also Available on: Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Of'ice: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard 'itment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler.~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. Cash discount, Exchange & Corporate offer are exclusive and can't be availed together ^Finance/Card offer are at the sole discretion of the 'nancier/bank, Subject to their respective T&Cs, Offer available only on limited stores. ®Offer is only for New Goodlife members, Limited period offer-T&C apply.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः भोपाल: वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाइटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, बैतूल: खण्डेलवाल हीरो 9289922624, सीहोरः मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावरा: आनंद हीरो 9289922871, गुना: गगन हीरो 9289922358, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, होशंगाबादः पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदा: राहुल हीरो 9289922491, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, दमोहः इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, सागरः सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), ग्वालियर: तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिन्डः शिवम हीरो 9289922787, दतिया: शिव हीरो 9289923172, मुरैना: गगन हीरो 9289922678, श्योपुर: आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरी: रघुवंशी हीरो 9289922571, इंदौर: सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सेठी ऑटोमोबाइल्स (भवरकुआँ) 9289923211, रुक्साटानी ऑटोमोटिव (एलआईजी स्क्वायर के पास) 8871444414, मेहता ऑटोमोबाइल्स (देवास नाका), 9821741577, बड़वानी: शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुर: श्रीजी हीरो 9289922372, देवास: खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धार: साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलिया: श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआ: नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षी: अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवा: ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोन: निमाड़ हीरो 9289922378, महू: लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावद: राजेश हीरो 9289922774, रतलाम: एक्सीलेन्ट हीरो (महू रोड 9289922375, सैलाना रोड 07412-408600) नीमच: उत्तम हीरो 9289922367, मन्दसौर: रामदर्शन हीरो 9289922369, जावरा: रिलायबल हीरो 9289923045, एसोशिएट डीलर: आष्टा: श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोना: आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेली: श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपाल: मानिक मोटर्स 8827379110, मंडीदीप: सोनी मोटर्स, 9179461211, 8962143877, बंडा: श्रुति मोटर्स, 7879573737, नसरुल्लागंज: जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदा: ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसी: रेवा मोटर्स 9425630406, जताराः शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, 7428492559, पिपरिया: राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़: गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोर: प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेन: युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, बीना: राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, खरगापुर: हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, राघोगढ़: बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुर : गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरी: श्याम हीरो 7748890061, जामनेर: अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंज: प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सिराली: भायरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनी: गंगोत्री मोटर्स, 9755101902, अम्वाह: उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबरा: दुर्गा एजेन्सी 9926746001, पिछोर: दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़: शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारस: भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवास: बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहद: ओम साई मोटर्स 8358994876, लहार: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, अलीराजपुर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़: न्यू निमाड़ मोटर्स 9425416084, बदनावर: नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़िया: कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियां: अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमा: अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोद: अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौर: क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडी: अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमल: हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावद: भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरी: कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊ: अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवा: डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली : श्री वल्लभ मोटर्स, 9893501517, नागदा: काठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, पुंजापुरा: पटेल मोटर्स 9755567226, सतवास: शिवम मोटर्स 9826088351, सिघोट: आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छ: भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लोद: लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोद: जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलिया: श्री साई मोटर्स 8962460729, 8889415553, जौरा: विजयानंद मोटर्स 9754451762, राणापुर: सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, जोबट: धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, सोंडवा: राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, क्षिप्रा: श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, सुखलिया इंदौर: आर्यन मोटर्स, 9399928958, कांटाफोड़: रुखमणी मोटर्स, 9993048891, नीलवड़: महाकाल मोटर्स, 9586778889, तीन इमली: न्यू गीतांजलि मोटर्स, 8770264612, नेहरू नगर: रुद्र एंटरप्राइजेज, 9039011650,51,52,53, गांधीनगर: आर जे मोटर्स, 8827588411, स्नेहलतागंज: साहू ऑटोमोबाइल, 9926977784, अमझेरा: महावीर ऑटोमोबाइल, 9589890703, सागौर कूटी: अमन ऑटोमोबाइल, 9039055993, जावद: शिवाय इंटरप्राइजेज, 9752346321, रानीसिंह: गुरुकृपा ऑटोमोबाइल्स, 9753044683, बोरी बुजुर्ग: जिलानी मोटर्स, 9399900143, कढ़ी: श्री राम मोटर्स, 9584997081, पिपलिया बुजुर्ग: न्यू सिन्हा मोटर्स, 9981562315, अयोध्या बाईपास, भोपाल: शिवांश मोटर्स, 6262363123, फंदा: अवनि मोटर्स, 9993160799, परवलिया सड़क, भोपाल: एन आर ट्रेडिंग एंटरप्राइजेज, 6264359954, गांधी नगर: श्रीकुंज मोटर्स, 9893735683, बंगरासिया: रॉयल राइड, 9202342023, डोडी: कप्तान ऑटोमोबाइल्स, 8770850811, रेहली: मां विजासन मोटर्स, 9009828428, चांदबाद: श्रीजी नारायण मोटर्स, 9285334084, खाचरौद: विनायक मोटर्स, 9009152131, उदयपुर: सपना मोटर्स, 9826620434, बारी: श्री राम मोटर्स, 9893352212, शोभापुर: अफजल मोटर्स, 8839223122, तलेन: श्री सांवरिया मोटर्स, 9669661034, संडावता: विजय मोटर्स, 8269770075, करेड़ी: वासुदेव मोटर्स, 7566920711, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना: गगन हीरो 9289922358, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, भिन्द: शिवम् मोटर्स 9289922787, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगी: श्री मोटर्स, 9340927342, सीतामऊ: तिरुपति मोटर्स, 9753008855, पिपलिया मंडी: नवपद मोटर्स, 9479861211, दलोदा: जेएस मोटर्स, 9926600906.

Cheil 33547/26



धनतेरस को हार्दिक शुभकामनाएं

KUBER DAIRY

हमारी शाखाएं
+ डी.आई.जी. बंगला
+ लालघाटी + करोंद + सोनागिरी
+ गुलमोहर + अरेरा कॉलोनी
+ अयोध्या बायपास + अवधपुरी
+ बागमुंगलिया डेरी एवं रेस्टोरेंट

सनातन धर्मावलंबी कार्तिक कृष्णपक्ष की त्रयोदशी तिथि पर धनतेरस का पर्व मनाएंगे। ब्रह्म योग, प्रदोष व्रत, त्रिग्रहीय संयोग ने धनतेरस का महत्व बढ़ा दिया है। आभूषण, वस्त्र, वाहन आदि की खरीदारी करके मां लक्ष्मी, कुबेर, गणेश और धनवंतरि का पूजन किया जाएगा। धनतेरस पर व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में बही-खाता बदलने की परंपरा है। व्यापार में वृद्धि के लिए वर्षभर उसी में काम करते हैं।

ब्रह्म योग में बरसेगी
मां लक्ष्मी की कृपा

पीतल-तांबे के बर्तन की करें खरीदारी : आचार्य विद्याकांत

पाराशर ज्योतिष संस्थान के निदेशक आचार्य विद्याकांत पांडेय के अनुसार कार्तिक कृष्णपक्ष की त्रयोदशी तिथि पर देव व असुरों के बीच समुद्र मंथन हुआ था। समुद्र मंथन में आयुर्वेद के प्रवर्तक धनवंतरि व मां लक्ष्मी का प्राकट्य हुआ। इसी कारण धनतेरस पर धनवंतरि की जयंती भी मनाई जाती है। इसमें नई वस्तुएं खरीदने का विधान है। शनिवार का दिन होने के कारण तांबा और पीतक के बर्तनों उससे बनी देव मूर्तियों को खरीदना चाहिए। सोने-चांदी के सिक्के, आभूषण व उससे बनी देव मूर्तियों, रत्न खरीदना शुभकारी रहेगा।

दरिद्रता भगाने को खरीदें झाड़ू

धनतेरस पर झाड़ू जरूर खरीदना चाहिए। झाड़ू मां लक्ष्मी का प्रतीक मानी जाती है, क्योंकि वो घर से दरिद्रता रूपी गंदगी को साफ करती है। झाड़ू खरीदने से घर में सुख-समृद्धि का वास होता है। जबकि तेल, हल्दी व चना की दाल नहीं खरीदना चाहिए।

13 दीयों का है विशेष महत्व

धनतेरस की शाम घर के अंदर और बाहर दीया जलाने की परंपरा है। इससे वर्षभर सुख-समृद्धि और सौभाग्य बना रहता है। धनतेरस पर 13 दीयों का विशेष महत्व है जिन्हें अलग-अलग स्थानों पर जलाना चाहिए।

- एक दीया यम देवता के निमित्त जलाना चाहिए।
- मां लक्ष्मी के निमित्त दीया जलाना आवश्यक है।
- घर के मुख्य द्वार के दोनों तरफ दो दीये जलाने की परंपरा है।
- तुलसी के पास एक दीया अवश्य जलाना चाहिए।
- घर की छत पर एक दीया रखना चाहिए
- इसके अलावा सात दीया पीपल के वृक्ष के नीचे, मंदिर में जलाना चाहिए।















हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 6 नवंबर 2026



भोपाल। धनतेरस को लेकर राजधानी के चौक बाजार में जबरदस्त रौनक देखने को मिली। त्यौहार से एक दिन पूर्व गुरुवार को बाजार में खरीदारी करने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। सराफा, बर्तन और सजावटी सामान की दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही बनी रही। फोटो जर्नलिस्ट : जसप्रीत सिंह।

ऑटोमोबाइल
300 करोड़ के कारोबार का अनुमान

सराफा
250 करोड़ के आसार

प्रॉपर्टी में बूम
मकान-फ्लैट बुकिंग से 150 करोड़ की उम्मीद

कपड़ा बाजार
100 करोड़ की बिक्री के आसार

पटाखा बाजार
100 करोड़ रुपए से ज्यादा की उम्मीद

इलेक्ट्रॉनिक्स
75 करोड़ की आस

बर्तन
70 करोड़ का अनुमान

धनतेरस भोपाल में खुलेगा कुबेर का खजाना, पिछले साल से 20 फीसदी ज्यादा बिक्री की आस

'धनवाली'... बरसेगा 1000 करोड़

त्यौहार आते ही भोपाल के बाजार गुलजार हो गए हैं। ऑफर और मुहूर्त ने खरीदारी बढ़ा दी है। धनतेरस से दिवाली तक कारोबारियों को 20 फीसदी से ज्यादा की कारोबार की उम्मीद है।



वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

धनतेरस और दीपावली को लेकर राजधानी भोपाल के बाजारों में रौनक बढ़ी है। सराफा बाजार से लेकर बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल और सजावटी सामान की दुकानों तक ग्राहकों की आवाजाही तेज हो गई है। सोना-चांदी की कीमतों में नरमी और त्योहारी ऑफर्स ने खरीदारी का उत्साह बढ़ाया है। इस बार ग्राहक केवल धनतेरस के दिन खरीदारी करने के बजाय पहले से पसंदीदा सामान की बुकिंग करा रहे हैं, ताकि शुभ मुहूर्त में डिलीवरी ले सकें। बाजार विशेषज्ञों के अनुमान के मुताबिक धनतेरस से दीपावली तक राजधानी में करीब 1,000 करोड़ रुपए की धनवर्षा होगी। इसके साथ ही अनुमान यह भी है कि पिछले साल के मुकाबले इस बार 20 फीसदी अधिक कारोबार होगा। सराफा, ऑटोमोबाइल, कपड़ा और पटाखा बाजार में सबसे ज्यादा रौनक है। महंगे सामान की खरीदारी के लिए ग्राहक पहले से बुकिंग करा रहे हैं। कारों और दोपहिया वाहनों से लेकर मोबाइल, टीवी और घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स तक की एडवांस बुकिंग ने व्यापारियों की उम्मीद बढ़ी हैं। ग्राहकों को लुभाने के लिए कंपनियां भी छूट, कैशबैक, एक्सचेंज और मुफ्त उपहारों की बौछार भी की है।

पूर्वानुमान के तहत कारोबार में ऑटोमोबाइल सेक्टर आगे है। कार और दोपहिया वाहनों की बिक्री से करीब 300 करोड़ रुपए का कारोबार होने की उम्मीद है। धनतेरस के शुभ मुहूर्त में वाहन घर ले जाने के लिए ग्राहकों ने पहले से बुकिंग करा रखी है। डीलरों की ओर से कुछ वाहनों पर सवा लाख रुपए तक के ऑफर दिए जा रहे हैं। वहीं सराफा बाजार में करीब 250 करोड़ रुपए के कारोबार का अनुमान है। सोने-चांदी के सिक्कों, हल्के वजन के आभूषणों और पारंपरिक ज्वेलरी की मांग बनी हुई है। ज्वेलर्स ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए विशेष योजनाएं चला रहे हैं। कहीं सोने की खरीद पर चांदी देने का ऑफर है तो कहीं आभूषणों पर विशेष छूट दी जा रही है।



प्रॉपर्टी से कपड़े तक करोड़ों का बाजार

रियल एस्टेट सेक्टर में भी धनतेरस को लेकर उत्साह है। मकान, फ्लैट और प्लॉट की बुकिंग से करीब 150 करोड़ रुपए के कारोबार का अनुमान है। बिल्डर्स और डेवलपर्स ग्राहकों को विशेष बुकिंग ऑफर दे रहे हैं। कपड़ा बाजार में करीब 100 करोड़ रुपए की बिक्री का अनुमान है। साड़ी, रेडीमेड गारमेंट्स, बच्चों के कपड़े और पारंपरिक परिधानों की दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही बढ़ने लगी है। वहीं पटाखा बाजार में भी करीब 100 करोड़ रुपए का कारोबार होने की उम्मीद है। इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में 75 करोड़ और बर्तन बाजार में 70 करोड़ रुपए की बिक्री का अनुमान लगाया गया है।

मिठाई, ड्राई फ्रूट्स और सजावट पर भी खर्च

दीपावली पर मिठाई कारोबार में 35 करोड़ और ड्राई फ्रूट्स में 25 करोड़ रुपये की बिक्री का अनुमान है। फर्नीचर बाजार में 30 करोड़ का कारोबार हो सकता है। इसके अलावा किराना, ड्राई फ्रूट्स की तरह घरों और दुकानों की सजावट पर भी जमकर खर्च होने की उम्मीद है। किराना बाजार में 20 करोड़ रुपए, सजावटी सामान में 25 करोड़ और पूजा सामग्री में 10 करोड़ रुपए के कारोबार का अनुमान है। लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों, दीपकों, पूजन सामग्री, इलेक्ट्रिक झालरों और आकर्षक लाइटिंग की मांग बढ़ रही है। धनतेरस पर पारंपरिक बर्तनों की खरीदारी भी बाजार को रफ्तार दे रही है। पीतल के दीपक, कलश, लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमाएं, तांबे के लोटे और पूजा सामग्री की मांग बढ़ रही है।

दीपोत्सव की बेला

महंगाई के बावजूद मिठाइयों की खरीदारी में उत्साह



शुगर-फ्री गुड़ व अन्य उत्पादों की बढ़ी मांग

राजधानी का मिठाई बाजार भी गुलजार होने लगा है। इस बार बाजार में पारंपरिक मिठाइयों के साथ प्रीमियम और महंगी मिठाइयों की मांग है तो वहीं शुगर-फ्री, गुड़ और मिलेट से बनी मिठाइयों की मांग भी तेजी से बढ़ रही है। मिठाई कारोबार से जुड़े लोगों के अनुसार दूध, मावा, चीनी और ड्राई फ्रूट्स की कीमतों में इस वर्ष लगभग 10 से 15 प्रतिशत तक बढ़ोतरी का असर बाजार पर पड़ा है। लोग परिवार, रिश्तेदारों और कारोबारी परिचितों को उपहार देने के लिए आकर्षक पैकिंग वाली मिठाइयां पसंद कर रहे हैं। विक्रेताओं के अनुसार पारंपरिक काजू कतली, लड्डू, बर्फी और गुलाब जामुन के साथ शुगर-फ्री मिठाइयां, गुड़ से बने उत्पाद और रागी-मिलेट कुकीज की मांग बढ़ रही है। कुल मिलाकर धनतेरस और दीपावली के अवसर पर भोपाल का मिठाई बाजार नई वैरायटी, प्रीमियम उत्पादों और आकर्षक गिफ्ट पैक के साथ तैयार है।

A project from the house of ABHINAV HOMES

BALAJI PARISAR
PHASE-II

3 and 4 BHK
Premium Duplex
Bungalows

At the prime location of **Ayodhya Bypass Road**, bhopal



CC ROADS
DEVELOPED GARDEN
SURFACE DRAINAGE
CCTV SURVEILLANCE
EXTERNAL ELECTRIFICATION WITH STREET LIGHTS
BORE WELL FOR GROUND WATER
SEWAGE TREATMENT PLANT
WATER SUPPLY WITH SUMP WELL AND OHT

Luxurious & spacious bungalows at prime location where fast developing surroundings make your life comfortable, easy and blissful. And renowned malls, multiplexes, cinema, hospitals, and many educational institutions are within a 2 km radius.

www.abhinavhomes.in

RERA REGD.

Promoter:
Lucky Real Estate Developers

Site address: Beside Tirupati Abhinav Homes, Ayodhya Bypass Road, Bhopal.

For booking and more information, Please Call : 9200200345

पिछले साल 2 नवंबर को ही 5 डिग्री तक दर्ज हो गई थी सर्दी

भोपाल में सीजन की सबसे ठंडी रात, पारा 13.5 डिग्री

अगले 3 से 4 दिन में 3 डिग्री तक और गिरेगा तापमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में अब मौसम साफ हो गया है। इससे हवाएं उत्तरी होने से सर्दी का असर बढ़ा है। गुरुवार को प्रदेश में पांच जिले जहां 12 से 13 डिग्री के बीच रहे। वहीं, भोपाल में सीजन की सबसे सर्द रात का पारा 13.5 डिग्री पर पहुंच गया है। इससे रात में सर्दी का अहसास बढ़ा है। बुधवार के मुकावले इसमें 2.7 डिग्री की गिरावट के साथ पारा सामान्य से 2.8 डिग्री नीचे दर्ज हुआ है। हालांकि, पिछले साल 2 नवंबर को ही भोपाल में सबसे कम रात का तापमान 5.2 डिग्री रहा है। प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान शाजापुर के गिरवकर में 11.9 डिग्री रहा है। मौसम केंद्र के अनुसार अगले 3 से 4 दिन में प्रदेशभर में सर्दी का असर और बढ़ेगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार बंगाल की खाड़ी में सक्रिय रहा तूफान मुरासु अब पूरी तरह कमजोर होकर आगे बढ़ गया है। इससे प्रदेश में मौसम साफ हो गया है। मौसम साफ होने से हवाएं उत्तरी होने लगी हैं, जिससे सर्दी का असर बढ़ रहा है। अगले 2 से 3 दिन में 2 से 3 डिग्री तक न्यूनतम पारा और गिरने से तेज सर्दी का अहसास शुरू हो जाएगा।



स्थानः कमला पार्क रोड, समयः शाम 5.45 बजे, गुरुवार

रात में ओस और धूल से बढ़ी धुंध

भोपाल में इन दिनों में धूल और धुएं का असर चरम पर है। मौसम खुलते ही रात में ओस गिरने से हवा में मौजूद धूल के कण फिजा में धुंध का असर बढ़ा रहे हैं। यह क्रम अगले कुछ दिनों में और बढ़ेगा। सुबह और शाम को धुंध का असर बढवे से विजिबिलिटी भी प्रभावित होगी। अगले 3 से 4 दिन में भोपाल सहित इन शहरों में पारा 2 से 3 डिग्री तक और गिरने से तेज सर्दी का असर होगा।



खबर संक्षेप

नाबालिग ने किशोरी के साथ किया दुष्कर्म

भोपाल। गुनगा इलाके में 15 साल की किशोरी से गांव के नाबालिग द्वारा दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पहले साथ पढ़ने वाला नाबालिग तीन साल से किशोरी से शारीरिक संबंध बना रहा था। घटना की जानकारी उस समय लगी, जब नाबालिग ने सोशल मीडिया पर किशोरी का अश्लील वीडियो अपलोड कर दिया। ग्रामीणों ने वीडियो देखकर किशोरी के परिजन को बताया था। इसके बाद परिजन किशोरी को लेकर थाने पहुंचे और नाबालिक के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस के अनुसार 15 साल की किशोरी थाना क्षेत्र के एक कस्बे में रहती है। वह भोपाल के एक शासकीय स्कूल में 11वीं कक्षा में पढ़ती है। पहले वह गांव में रहने वाले नाबालिग के साथ पढ़ती थी। उसे समय किशोरी की नाबालिग से दोस्ती हो गई। दोनों में करीब तीन साल से शारीरिक संबंध बना रहे थे। अभी छह महीने पहले नाबालिग ने इंस्टाग्राम पर किशोरी का वीडियो अपलोड कर दिया। वीडियो की जानकारी परिजन को मिली और परिजन ने बेटी से पूछताछ की। इस दौरान बेटी ने बताया कि नाबालिग तीन साल से इसका दैहिक शोषण कर रहा था। परिजन बेटी को लेकर थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।

वेल्डिंग मशीन से करंट लगने से युवक की मौत

भोपाल। पिपलानी स्थित जेके रोड के पास निर्माणधीन टीनशेड में काम कर रहे युवक को वेल्डिंग मशीन से करंट लग गया। करंट लगने के बाद युवक अपने साथियों के पास पहुंचा और बताया कि मुझे करंट लग गया। इसके बाद वह बेसुध होकर गिर गया। साथी उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार 20 साल का आकाश प्रजापति पिता तखत सिंह प्रजापति ग्राम दौलत कोकता, बिलखिरिया में रहता था। वह अपने दोस्त राजेश के साथ फेब्रिकेशन का काम करता था। राजेश का काम जेके रोड के पास शोरूम के पीछे चल रहा है। इसी दौरान आकाश को करंट लग गया।

महेश जैन जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष नियुक्त

औबेदुल्लागंज। अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष



बीबी श्री निवास ने मप्र के सेवा अध्यक्ष अविनाश भार्गव की सहमति से औबेदुल्लागंज ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष महेश जैन को रायसेन जिला कांग्रेस सेवादल का अध्यक्ष नियुक्त किया है। जैन इसके पूर्व एनएसयूआई के ब्लॉक अध्यक्ष, ब्लॉक 20 सूत्रीय सदस्य, ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री, जिला कांग्रेस महामंत्री, नगर कांग्रेस महामंत्री, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सहित पार्टी के अनेक पदों पर रह चुके है। जैन ने अपनी नियुक्ति पर कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है।

नर्मदापुरम रोड के पास मिला वनकर्मी का शव

औबेदुल्लागंज। रातापानी अभ्यारण्य में पदस्थ और तीन दिन से लापता चल रहे वनकर्मी तुकाराम का शव नर्मदापुरम रोड पर



हनुमान मंदिर के पास मिला है। प्रथम दृष्टया मामला सड़क हादसे का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार शव मिलने की सूचना पर एडिशनल एसपी दीपक नायक, औबेदुल्लागंज एसडीओपी सलिल शर्मा एवं थाना प्रभारी भरत प्रताप सिंह स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। औबेदुल्लागंज पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है। मृतक भीमकोटी का निवासी था और बरखेड़ा रेंज में चौकीदारी का काम करता था। टीआई भारत प्रताप सिंह ने बताया कि यह एक्सीडेंट जैसा दिख रहा है। पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है।

कलेक्टोरेट के खाद्य विभाग में जाकर शर्मा ने एएसओ को लगाई फटकार

68 सिलेंडर जब्त, सांसद भड़के तो एजेंसी को सुपुर्दगी की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

- वाहन और सिलेंडर की सिक्योरिटी जमा कराकर एजेंसी को सौंपा जाएगा सामान
- सीहोर की इंडेन गैस एजेंसी का वाहन परवलिया सड़क पर सप्लाई करते मिला



फाइल फोटो।

सीहोर जिले की अहमदपुर इंडेन गैस एजेंसी का वाहन परवलिया सड़क पर सिलेंडर सप्लाई करते हुए पकड़ा गया। जिसको लेकर सहायक आपूर्ति अधिकारी अशोक सत्यार्थी ने एजेंसी के वाहन में भरे 61 घरेलू और 7 कामर्शियल सिलेंडर जब्त किए गए, जबकि वाहन को गांधी नगर पुलिस के सुपुर्द दिया गया। गुरुवार को कलेक्टोरेट में मास्टर प्लान के दावे-आपत्तियों को लेकर बैठक में आए सांसद आलोक शर्मा बैठक के बाद सीधे खाद्य विभाग पहुंचे, जहां उन्होंने फूड कंट्रोलर चंद्रभान सिंह जादौन के सामने एएसओ सत्यार्थी को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि पैसे लेने के लिए एजेंसियों के वाहनों को पकड़कर कार्रवाई करते हो। जिसके बाद कंट्रोलर ने बताया कि वाहन और सिलेंडरों की कीमत की सिक्योरिटी लेकर उन्हें छोड़ दिया जाएगा।

खाद्य विभाग में सांसद के पहुंचने के बाद हड़कंप मच गया। यहां भीड़ जमा हो गई, हालांकि सांसद ने कहा कि एजेंसियों पर सही तरीके से कार्रवाई की जानी चाहिए। सीहोर एजेंसी के कनेक्शन परवलिया इलाके में हैं। बावजूद इसके एएसओ ने पैसे लेने के लिए कार्रवाई की है।

कर्मचारी के साइन नहीं होने से 8 दिन में पेश नहीं किया केस

एएसओ ने परवलिया सड़क क्षेत्र से सीहोर जिले के अहमदपुर में संचालित इंडियन गैस एजेंसी से लाए गए सिलेंडर जब्त किए थे। जब्ती के दौरान एजेंसी कर्मचारी ने पंचनामे पर दस्तखत नहीं किए, जिसकी वजह से केस एडीएम कोर्ट में पेश नहीं किया जा सका। जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन का कहना है कि सिक्योरिटी राशि लेकर वाहन और सिलेंडरों को छोड़ देंगे।

जबरन कार्रवाई का विरोध किया: शर्मा

सांसद आलोक शर्मा ने बताया कि सीहोर की गैस एजेंसी के परवलिया सड़क क्षेत्र में कनेक्शन हैं, बावजूद इसके अलग तरीके से एएसओ द्वारा कार्रवाई की गई है। जिसको लेकर मैं खाद्य विभाग में फूड कंट्रोलर से मिलने गया था। कंट्रोलर को उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

दीपावली पर तैनात रहेंगे एक हजार 880 बिजली कर्मचारी, तीन शिफ्टों में करेंगे ड्यूटी

भोपाल। जगमग दीपावली के लिए मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा हर घर, दुकान, प्रतिष्ठान एवं व्यापारिक केन्द्रों को रोशनी के हर संभव प्रयास किए हैं। कंपनी ने कमिश्नरी जिला मुख्यालय, तहसील मुख्यालय, ब्लॉक मुख्यालय, ग्रामीण क्षेत्रों में अस्थाई शिकायत निवारण केंद्र खोले हैं। वहीं भोपाल में शिकायत निवारण के लिए एक हजार 880 कार्मिकों की ड्यूटी चौबीसों घंटे शिकायत निवारण और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए लगाई गई हैं। यह टीमें एफओसी वाहन, सुरक्षा उपकरणों और आवश्यक विद्युत सामग्री/उपकरणों के साथ तीन शिफ्टों में उपभोक्ता शिकायतों का निराकरण करने के साथ ही निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करेंगी। भोपाल शहर के पूर्व संभाग, पश्चिम संभाग, उत्तर संभाग, दक्षिण संभाग एवं कोलार संभाग अंतर्गत आने वाले सभी 27 जोन/वितरण केन्दों सहित सभी 33/11 उपकेन्द्रों पर कार्मिकों की विशेष टीमें दीपावली पर्व के दौरान विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने 6 से 9 नवंबर तक विशेष व्यवस्था के तहत कार्य करेगी।

प्रोफेसर कॉलोनी में एलईडी टीवी समेत अन्य सामान चुराकर हुए चंपत

भाजपा विधायक अनिल जैन के घर चोरी की वारदात, सरिया काटकर भीतर घुसे बदमाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भाजपा विधायक अनिल जैन के प्रोफेसर कॉलोनी स्थित सरकारी आवास में चोरों ने सेंध लगा दी। सरिया काटकर भीतर घुसे चोर एलईडी टीवी समेत हजारों रुपए का माल बटोर ले गए हैं। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

श्यामला हिल्स पुलिस के अनुसार घटना को मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात अंजाम दिया गया था। घटना प्रोफेसर कॉलोनी में हुई है। यहां भाजपा विधायक अनिल जैन को सरकारी आवास आवंटित हैं। वे निवाड़ी जिले से विधायक है। मकान की देखरेख के लिए अवधपुरी थाना क्षेत्र स्थित गोपाल नगर में रहने वाले 73 वर्षीय कालीचरण अहिरवार आते-जाते हैं। वह दुग्ध महासंघ के सेवानिवृत्त कर्मचारी भी है। वह बुधवार दोपहर लगभग तीन बजे बंगले पर पहुंचे तो खिड़की पर लगा सरिया कटा हुआ मिला। भीतर जाकर देखा तो एलईडी टीवी, डायनिंग टेबल में रखे मेवा के अलावा विधायक का चश्मा नहीं था। इस बात की जानकारी श्यामला हिल्स थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने कालीचरण अहिरवार की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया है। घर में किसी तरह की रोशनी या फिर सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं। पुलिस सर्विलांस के लगे कैमरों से संदिग्धों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

एफआईआर में पुलिस ने मुंबई की ट्रेन में हुई घटना बताई

रेवांचल एक्सप्रेस में सीट को लेकर आरक्षक ने नशे की हालत में यात्री को पीटा, केस दर्ज

रेलवे पुलिस पहुंची तो कोच छोड़कर गायब हुआ आरक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रेवांचल एक्सप्रेस के वातानुकूलित कोच के भीतर आरक्षक ने सीट के विवाद पर यात्री के साथ जमकर मारपीट कर दी। भोपाल जीआरपी पुलिस ने इस मामले में प्रकरण दर्ज किया है। लेकिन घटना स्थल में ट्रेन मुंबई की दर्शा दी है। आरोप है कि आरक्षक घटना के वक्त नशे की हालत में था।

पुलिस के अनुसार घटना वातानुकूलित कोच ए-2 में हुई थी। कोच की बर्थ नंबर 48 सीधी जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में रहने वाले 28 वर्षीय अभिनव सिंह परिहार को आवंटित थी। वह रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से सतना में जाने के लिए ट्रेन में सवार हुए थे। उनकी सीट पर पुलिस आरक्षक योगेश कुमार सवार थे। वह नशे थे। अभिनव सिंह ने उनकी सीट बताकर दूसरी जगह जाने के लिए बोला तो आरक्षक ने गाली-गलौज शुरू कर दी। ट्रेन में जब हाथापाई चल रही थी तब वह भोपाल जंक्शन से निकली थी। पीड़ित ने विदिशा जिले में रेलवे पुलिस बल से मदद मांगी और वह उन्हें लेकर सीट पर पहुंचे तो आरक्षक गायब था। उन्होंने रीवा जीआरपी थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

रेवांचल की बजाए बताया प्रगति एक्सप्रेस ट्रेन

घटना भोपाल जंक्शन में होने के कारण केस डायरी भोपाल जीआरपी को भेज दी गई। पुलिस ने इस मामले में मारपीट का प्रकरण तो दर्ज कर लिया है लेकिन घटना 12125 ट्रेन में दर्शाई है। इस ट्रेन का नाम प्रगति एक्सपेंस है जो कि मुंबई से पुणे के बीच चलती है। इसमें किसी तरह का वातानुकूलित कोच ही नहीं होता है। जबकि घटना 12185 रेवांचल एक्सप्रेस में हुई थी। पुलिस की तरफ से इस मामले में लिपिकीय त्रुटि बोलकर सफाई दी जा रही है।

यादव समाज ने शास्त्री के खिलाफ सौंपा ज्ञापन



औबेदुल्लागंज। भगवान श्रीकृष्ण के संबंध में कथित रूप से अभद्र एवं आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में कथावाचक धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ निष्पक्ष जांच कर वैधानिक कार्रवाई एवं एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक रायसेन को लिखित शिकायत सौंपी गई है। यादव समाज के राजाराम यादव उत्तम यादव ने थाने जाकर ज्ञापन दिया।

शाहपुरा और गांधी नगर थाना क्षेत्र में हुई दुर्घटनाएं

ठेले को उड़ाने के बाद दो वाहनों से टकराई बस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बीते चौबीस घंटों के दौरान आधा दर्जन से अधिक सड़क हादसे हुए। जिसमें महिला शिक्षक समेत दो व्यक्ति गंभीर रुप से जख्मी है। यह दुर्घटनाएं शाहपुरा और गांधी नगर थाना क्षेत्र में हुई है। जिसमें पुलिस ने आरोपी वाहन चालकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

शाहपुरा पुलिस के अनुसार 63 वर्षीय इमरत लाल माली भरत नगर सब्जी फॉर्म के पास रहते हैं। वे सब्जी का ठेला लगाने बुधवार शाम सात बजे जा रहे थे। जब वे दाना पानी लक्ष्मण नगर के पास पहुंचे तो बारह नंबर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बस चालक ने टक्कर मार दी। ठेला बुरी तरह से चकनाचूर हो गया और वे जख्मी हो गए। इसके अलावा उसी बस ने सड़क किनारे खड़े दो मोपेड एमपी-04-एसएम-1116 और एमपी-40-एमसी-5283 को भी टक्कर मार दी। जिस कारण वह दोनों भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। भीड़ ने बस और चालक को दबोचकर पुलिस के हवाले कर दिया है।

इधर, दूसरी दुर्घटना गांधी नगर स्थित गणेश मंदिर तिराहा के पास हुई। हादसे में सीमा कुशवाह पति रणवीर सिंह कुशवाह उम्र 46 साल जख्मी है।

वे लालघाटी स्थित ओम शिव नगर मं रहती हैं और गांधी नगर स्थित सरकारी स्कूल में शिक्षिका है। वे अपनी मोपेड पर थी और स्कूल की तरफ जा रही थी, तभी इनोवा कार एमपी-07-जेडब्ल्यू-9048 के चालक ने अचानक ड्रायविंग सीट वाला गेट खोल दिया। मोपेड कार के गेट से टकराने के बाद वह गिरने से बुरी तरह से जख्मी है। उन्हें हलालपुर स्थित आरएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

शांति-सुरक्षा के लिए फ्लैग मार्च



औबेदुल्लागंज। औबेदुल्लागंज में दीपावली त्योहार को देखते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था के लिए पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला।

पचौरी ने विधायक पटवा से मुलाकात कर समसामायिक मुद्दों, विकास पर चर्चा की

- भोपाल निवास पर पूर्व केंद्रीय मंत्री ने की सौजन्य भेंट
- भोजपुर व औबेदुल्लागंज के विकास कार्यों पर चर्चा



विधायक पटवा से भेंट करते पचौरी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

गुरुवार को भोपाल निवास पर वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी ने भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा से भेंट की। इस अवसर पर समसामयिक मुद्दों, औबेदुल्लागंज भोजपुर के विकास पर चर्चा हुई।



विधायक पटवा के साथ पार्षद परमार

विधायक पटवा ने परमार से की भेंट

विधायक सुरेंद्र पटवा ने औबेदुल्लागंज में वार्ड 14 के पार्षद दीपू परमार के निवास पर भेंट की। इस अवसर पर क्षेत्र के अन्य लोग उपस्थित रहे।

सड़कों और गलियों में जमा हुआ कचरा

दिवाली की रोशनी के बीच कचरे के ढेर से बदरंग हुई संतनगर की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

दीपावली के जगमगाते पर्व के बीच शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह बेपटरी हो गई है। प्रदेशव्यापी सफाई मित्रों की कामबंद हड़ताल के दूसरे दिन भी जारी रहने से सड़कों, गलियों और मोहल्लों में जगह-जगह कचरे के ढेर लग गए हैं। घरों से दो दिन से कचरा नहीं उठने के कारण हालात बदतर होते जा रहे हैं। त्योहार के दौरान शहर की साफ-सफाई की उम्मीद लगाए बैठे लोगों को गंदगी और बदबू के बीच रहने को मजबूर होना पड़ रहा है।सफाई कर्मचारियों की नियमितीकरण सहित अन्य मांगों को लेकर चल रही हड़ताल का सीधा असर शहर की सफाई व्यवस्था पर दिखाई दे रहा है। बैरागढ़ में पहले से ही बदहाल सफाई व्यवस्था के कारण समस्या और गंभीर हो गई है। घरों में कचरा जमा होने से परेशान लोग अब बोरों में कचरा भरकर चोरी-छिपे आसपास की सड़कों और खाली स्थानों पर फेंक रहे हैं। इससे गलियों और मुख्य मार्गों पर गंदगी फैलती जा रही है। कई इलाकों में कचरे के ढेर शहर की तस्वीर बिगाड़ रहे हैं। हड़ताल के कारण नियमित सफाई नहीं हो रही है। ऐसे में नागरिकों को संक्रमण फैलने की आशंका सताने लगी है।

नवयुवक सभा ने स्कूलों में मिठाई वितरित कर मनाया उत्सव

नकारात्मकता दूर कर सकारात्मक विचारों को अपनाना है दीपावली त्यौहार का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर



स्कूल स्टाफ को उपहार वितरित करते अतिथि।

नव युवक सभा संचालित पांच शिक्षण संस्थानों में दीपावली पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय कन्या महाविद्यालय, अनन्दराम टी. शाहानी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, केटी शाहानी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सिंधु माध्यमिक विद्यालय एवं डीडी प्ले विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नव युवक सभा के अध्यक्ष वासुदेव वाधवानी ने कहा कि दीपावली शरद ऋतु के आगमन का उल्लासपूर्ण पर्व है। सभा के सचिव सुरेश राजपाल ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को दीपक की भांति समाज में ज्ञान और सद्भाव की ज्योति फैलानी चाहिए।

कोषाध्यक्ष धर्मप्रकाश मोटवानी ने शिक्षण संस्थानों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उपाध्यक्ष महेश दयारामानी ने कहा कि दीपावली का संदेश जीवन से नकारात्मकता दूर कर सकारात्मक विचारों को अपनाना है। महासचिव एवं एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी ने भी सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए संस्थानों की निरंतर प्रगति की कामना की।

अतिथियों ने दीपावली पर्व की बधाई दी

अनन्दराम टी. शाहानी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्या ज्योति चौहान ने प्रबंध समिति एवं शिक्षक परिवार को दीपावली की बधाई देते दी। केटी शाहानी विद्यालय के प्राचार्य हरिओम शर्मा ने प्रबंध समिति एवं शिक्षक परिवार को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में नव युवक सभा दिनेश वाधवानी, धर्मप्रकाश मोटवानी, केएल रामनानी, पुरुषोत्तम टिलवानी, कमल प्रेमचंदानी, ओमप्रकाश टहिलयानी, अशोक हिमथानी, केएल लालवानी, दौलत भोजवानी, अनन्दराम टी. शाहानी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्या ज्योति चौहान, प्रधानाचार्या प्रिया धर्मदासानी, केटी शाहानी विद्यालय के प्राचार्य हरिओम शर्मा सहित सभी संस्थानों के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को मिठाई वितरित की गई।

खबर संक्षेप

मुरैनाः नदी में डूबने से 3 मासूम बच्चियों की मौत

भोपाल। मुरैना जिले के कैलारस क्षेत्र में गुरुवार को एक हादसे ने तीन परिवारों की खुशियां छीन लीं। कार्तिक स्नान के लिए कुंवारी नदी पहुंची तीन बच्चियों की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। मृतकों में दो सगी बहनें भी शामिल हैं। तीन मासूम की मौत से हरलाल गांव शोक में डूब गया है। जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह हरलाल गांव की तीन बच्चियां कार्तिक स्नान के लिए कुंवारी नदी पहुंची थीं। तीनों नदी में नहाने लगीं। इसी दौरान वे नदी के गहरे पानी में चली गईं और डूबने लगीं। जब तक आसपास मौजूद लोगों को घटना का पता चला, तब तक तीनों बच्चियां पानी में समा चुकी थीं। घटना की जानकारी कैलारस थाना पुलिस को दी गई। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और तलाश शुरू कराई। एनडीआरएफ की टीम को भी बुलाया गया। इसके बाद नदी में सर्चिंग और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। टीम ने काफी मशक्कत के बाद तीनों बच्चियों के शव नदी से बाहर निकाले।

अग्रवाल हत्याकांडः आरोपी की अस्पताल से हुई छुट्टी

भोपाल। भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी राकेश अग्रवाल हत्याकांड के आरोपी वरुण कुमार को हमीदिया अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। वह दो दिन पहले पुलिस अभिरक्षा में भागते वक्त गोली लगने से जख्मी हुआ था। उसको जांच कर रही विशेष जांच दल घटना स्थल लेकर पहुंचा था। आरोपी ने जिस ब्लैड से गला रेंता था, उसे जब्त कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी वरुण कुमार वाल्मिक पूछताछ के लिए एक सप्ताह की रिमांड पर लिया गया है। उसके दाहिने पैर में गोली लगी थी। इसलिए उसे सहारे से घटना स्थल रातीबड़ स्थित सूरज नगर ले जाया गया। आरोपी ने 29-30 सितंबर की दरमियानी रात सेवानिवृत्त अधिकारी राकेश अग्रवाल का गला रेंता था। वह बंगले की चाहरदीवारी लांघकर भागा था।

बाबा बटेश्वर का दिव्य श्रृंगार, 5001 दीपों से शिवालय होगा जगमग

धनतेरस पर बुध-शुक्र युति से बन रहा लक्ष्मी नारायण राजयोग...धनवंतरी, कुबेर, लक्ष्मी की होगी आराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

इस साल धनतेरस का त्योहार बहुत ही खास रहने वाला होगा। मां चामुंडा दरबार भोपाल के पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि दिवाली पर बुध, शुक्र की युति से लक्ष्मी नारायण राजयोग का शुभ संयोग बनेगा।

दीपोत्सव का पांच दिवसीय महापर्व इस वर्ष 6 नवंबर को धनतेरस के साथ शुरू होगा। पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि इस बार धनतेरस पर श्रद्धा और उल्लास के साथ विशेष ज्योतिषीय संयोग भी बन रहा है। करीब 84 साल बाद धनतेरस पर शुक्र प्रदोष का दुर्लभ संयोग बन रहा है। शुक्रवार को शुक्र प्रदोष और धनतेरस का एक साथ होना विशेष फलदायी है। इस दिन मां लक्ष्मी, भगवान कुबेर और भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना का विशेष महत्व रहेगा। इस शुभ संयोग में की गई पूजा और खरीदारी से घर में सुख-समृद्धि, आर्थिक स्थिरता और आरोग्य का वास होता है। मान्यता है कि धनतेरस के दिन भगवान धनवंतरी समुद्र मंथन के दौरान अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे। इसी कारण इस दिन भगवान धन्वंतरि की पूजा करने से परिवार में आरोग्य और उत्तम स्वास्थ्य की प्राप्ति होती है। वहीं मां लक्ष्मी और भगवान कुबेर की पूजा से घर में धन-धान्य और आर्थिक समृद्धि का वास सुनिश्चित होता है।



लक्ष्मी-कुबेर पूजा के लिए 1 घंटा 55 मिनट का विशेष मुहूर्त

पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि धनतेरस पर पूजा के लिए प्रदोष काल और वृषभ लग्न को विशेष महत्व दिया गया है। प्रदोष काल शाम 5:32 से रात 8:09 बजे तक रहेगा। वहीं स्थिर लग्न यानी वृषभ लग्न शाम 6:02 से रात 7:57 बजे तक रहेगा। मां लक्ष्मी और कुबेर पूजा का मुख्य मुहूर्त शाम 6:02 से रात 7:57 बजे तक रहेगा। इसकी अवधि 1 घंटा 55 मिनट है। धनतेरस पर सोना, चांदी, पीतल के बर्तन, वाहन, भूमि और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं की खरीदारी अत्यंत फलदायी मानी गई है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार इस बार शुक्रवार को धनतेरस पड़ने और शुक्र प्रदोष का संयोग बनने से खरीदारी का विशेष महत्व है। शुक्र ग्रह को माता लक्ष्मी और भौतिक सुख-समृद्धि का कारक माना जाता है। खरीदारी का शुभ समय 6 नवंबर की सुबह 10:30 बजे से शुरू होकर अगले दिन 7 नवंबर की सुबह 6:37 बजे तक रहेगा।

अकाल मृत्यु के भय से मुक्ति दिलाता है यम दीपदान

धनतेरस की शाम पूजा-अर्चना के साथ यमराज के निमित्त दीपदान करने की विशेष परंपरा है। इस दिन सूर्यास्त के बाद घर के मुख्य द्वार पर और तुलसी के पौधे के समीप दक्षिण दिशा की ओर मुख करके यम दीप प्रज्वलित किया जाता है। चौमुखा मिट्टी या आटे के दीपक में सरसों का तेल डालकर जलाया जाता है। मानते है कि दीप परिवार के सदस्यों को अकाल मृत्यु के भय से सुरक्षा और नकारात्मक ऊर्जा का नाश करता है।

आधा दर्जन स्थों पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीमों ने लिए सैंपल

जीवाना रिसॉर्ट में मिला 15 किलो खराब मीट अनुपम की एक्सपायरी कोल्ड ड्रिंक्स फिंकवाई

नगर निगम कर्मचारियों की हड़ताल होने से नहीं लगाया जुर्माना, खाद्य अमले ने लिए सैंपल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दिवाली को देखते हुए नगर निगम के मोबाइल कोर्ट ने गुरुवार को लालघाटी स्थित जीवाना रिसॉर्ट में कार्रवाई की। मजिस्ट्रेट तरुणेंद्र प्रताप सिंह ने रिसार्ट के किचन में जाकर लोगों को दिए जाने वाले खाने को देखा। जब जांच की गई तो यहां पंद्रह किलो मीट खराब स्थिति में मिला। जिसे नष्ट कराया गया। यहां वेज, नॉनवेज खाना फ्रीज में एक साथ रखा था।

टीम ने जवाहर चौक स्थित अनुपम स्वीट्स के यहां कोल्ड ड्रिंक्स, रियल जूस, काजू पैकेट, पोमेग्रेनेट जूस, आशा ब्रांड सहित विभिन्न खाद्य सामग्री एक्सपायरी मिलने पर उन्हें मौके पर नष्ट कराया गया। टीम दोपहर के समय लालघाटी पहुंची, जहां जीवाना रेस्टॉरेंट किचन का निरीक्षण के दौरान नॉनवेज खाद्य सामग्री का शाकाहारी खाद्य सामग्री के साथ रखी मिली। इसके साथ लंबे समय से रखा हुआ पंद्रह किलो मटन को नष्ट कराया गया। साथ ही कोका-कोला और अन्य शीतल पेय पदार्थों को भी नष्ट कराया। इस परिसर में गागर रेस्टॉरेंट से कलाकंद का नमूना लिया गया।



खाद्य पदार्थों के सैंपल लेते अधिकारी।

नगर निगम के मोबाइल कोर्ट ने मिठाई दुकानों पर चलाया जांच अभियान

मोबाइल कोर्ट का काफिला देख कर दुकानदारों में मचा हड़कंप

निगम की विशेष टीम के साथ खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम के काफिले के साथ पहुंचने से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। निगम के अधिकारी भी यहां पहुंचे। मौके से ही भोजन और कोल्ड ड्रिंक्स के सैंपल भी लिए। इस दौरान किचन में गंदगी मिलने पर स्टाफ को फटकार भी लगाई गई। मोबाइल कोर्ट ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित मिठाई प्रतिष्ठानों, रेस्टोरेंट, होटल का निरीक्षण किया। टीम जब जवाहर चौक स्थित अनुपम स्वीट्स एंड रेस्टॉरेंट के किचन में पहुंची, तो वहां पर घरेलू गैस सिलेंडरों से मिठाइयां तैयार की जा रही थीं। खाद्य विभाग की टीम को बुलाकर चार घरेलू सिलेंडर जब्त कराए हैं।

20 हजार की घूस लेते एडीएम का बाबू गिरफ्तार

भोपाल। गुरुवार को उज्जैन कलेक्ट्रेट में लोकायुक्त पुलिस की टीम ने दबिश देकर एडीएम कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 कर्मचारी रोहित गोठवाल को 20 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी बाबू पर उज्ज्वला योजना के तहत फर्जी गैस कनेक्शन जारी होने की शिकायत से जुड़े मामले में कार्रवाई के बदले रिश्वत मांगने का आरोप है। मामले में बिरलाग्राम, नागदा के रहने वाले शिकायतकर्ता बृजेश विश्वकर्मा ने 29 अक्टूबर को लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार दीक्षित से इस संबंध में शिकायत की थी। शिकायत के जरिए कहा गया था कि उसकी मां के दस्तावेजों का इस्तेमाल कर उज्ज्वला योजना के तहत किसी अन्य व्यक्ति को फर्जी तरीके से गैस कनेक्शन जारी कर दिया गया है। इस संबंध में उनके द्वारा कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई के दौरान भी आवेदन दिया था। खाद्य विभाग ने जांच पूरी करने के बाद अपनी रिपोर्ट एडीएम कार्यालय को भेज दी थी।

प्रेम प्रसंग में डबल मर्डर की आशंका!

एनएच-45 पर कार से कुचल कर युवक व युवती की हत्या

कार जब्त कर फरार आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर

जबलपुर-भोपाल राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-45 पर बेलखेड़ा थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर एक सनसनीखेज वारदात सामने आई। सड़क किनारे पुलिया के पास खड़े युवक-युवती को तेज रफ्तार आई-10 ग्रैंड कार से कुचल दिया गया। हादसे में दोनों की मौत हो गई। शुरुआती तौर पर मामला सड़क दुर्घटना का नजर आया, लेकिन अब प्रेम प्रसंग और आपसी रंजिश के चलते सुनियोजित हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। मृतकों की पहचान प्रशांत लोधी (18), निवासी उड़ना गांव, थाना पाटन और जागृति महलोनिया (16), निवासी गुबरा कला के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि जागृति बेलखेड़ा कन्या हाईस्कूल में कक्षा 12वीं की छात्रा थी।



साथियों के साथ बात कर रहे थे युवक व युवती

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, प्रशांत और जागृति पुलिया के पास कुछ अन्य युवक-युवतियों के साथ खड़े होकर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान जबलपुर की ओर से आई तेज रफ्तार आई-10 ग्रैंड कार ने उन्हें टक्कर मार दी।

पुलिस जांच कर रही है

जबलपुर- भोपाल मार्ग पर सड़क हादसा हुआ है, जिसमें एक कार द्वारा दो युवाओं को कुचला गया है। उनकी मौके पर ही मौत हो गई है। मामला परिचितों का लग रहा है। हत्या की आशंका पर भी पुलिस जांच कर रही है।

आशुतोष द्विवेदी
डीएसपी पाटन जबलपुर

अवधूत दादा गुरू ने किया पार्षद गुड्डू चौहान का सम्मान



कांग्रेस पार्षद चौहान को सम्मानित करते अवधूत श्री दादा गुरू।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नर्मदा मिशन के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में वार्ड 46 के कांग्रेस पार्षद योगेंद्र गुड्डू सिंह चौहान ने विशेष सहभागिता कर 108 दिनों के संकल्प के तहत एक ही दिन में 131 पौधों का रोपण किया।

'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने पर गुरूवार को रवींद्र भवन में आयोजित राष्ट्र धर्म सेवा संकल्प समारोह में अखण्ड निराहार साधना अवधूत श्री दादा गुरू ने गुड्डू चौहान को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। गुड्डू चौहान ने बताया कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में नूतन कॉलेज के सामने कार्यक्रम में अपनी माताजी शीला देवी की स्मृति में पौधरोपण कर योगदान दिया। अभियान में पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने भी सहभागिता करते हुए अपनी माता द्वारिका शर्मा और दादी चंदू बाई के नाम पर पौधे रोपित किए।

डकैत कल्ली और अजय का शॉर्ट एनकाउंटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुरैना

पुलिस ने गुरुवार सुबह चंबल के डकैत कल्ली गुर्जर और उसके साथी अजय का शॉर्ट एनकाउंटर किया। बानमोर के पहाड़ी जंगल में हुई मुठभेड़ में दोनों के पैरों में गोली लगी। कल्ली पर 80 हजार रुपए का इनाम था। उसकी तलाश में 200 जवान जुटे थे। कल्ली के खिलाफ मुरैना, ग्वालियर और श्योपुर में 20 केस दर्ज हैं। इनमें हत्या के प्रयास, मारपीट और हथियार रखने के मामले शामिल हैं। 2022 में गुड्डा गुर्जर के पकड़े जाने और उसके भाई योगी के सरेंडर के बाद कल्ली ने गैंग की कमान संभाली थी। कल्ली ने नाबालिग से शादी की जिद में लड़की की मां को गोली मारी थी।



■ बानमोर के पहाड़ी जंगल में हुई मुठभेड़

लॉन्चिंग गैंट्री मशीन से, बिना ट्रैफिक रोके रखे जा रहे गर्डर



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल मेट्रो के निर्माण में अब नई तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। इंद्रपुरी कॉरिडोर में पहली बार लॉन्चिंग गैंट्री मशीन की मदद से एलिवेटेड ट्रैक के गर्डर रखे जा रहे हैं। इस मशीन की खासियत है कि यह सड़क पर भारी क्रेन खड़ी किए बिना पिलरों के ऊपर ही गर्डर लगाने का काम करती है। इससे नीचे सड़क पर वाहनों की आवाजाही जारी रहती है और लोगों को ट्रैफिक जाम की परेशानी कम होती है। अब तक प्रायोरिटी कॉरिडोर में गर्डर रखने के लिए भारी क्रेनों का इस्तेमाल होता था।



सीएम हाउस में अजजा समाज के जनप्रतिनिधियों का सम्मेलन

जनजातीय समाज का सम्मान और कल्याण प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने गुरूवार को मुख्यमंत्री निवास में अनुसूचित जनजाति समाज के जनप्रतिनिधियों के सम्मेलन को संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जनजातीय समाज का सम्मान और कल्याण मध्यप्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनजातीय क्षेत्रों को विकास की बड़ी सौगातें मिल रही हैं। जनजातीय नायकों के सम्मान और उनके योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा जनजातीय समाज को वोट बैंक समझा और उनके विकास के लिए कोई कार्य नहीं किया। भाजपा ने जनजातीय समाज को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए केन्द्र और प्रदेश में अनेक योजनाएं संचालित की हैं। इस बार भगवान बिरसा मुंडा की जयंती का आयोजन इतना भव्य होगा कि पूरा देश मप्र को देखेगा।



कार्यक्रम में मंच पर उपस्थित डॉ. यादव, खंडेलवाल व जनप्रतिनिधि।

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर पूरे प्रदेश में भव्य कार्यक्रम होंगेः खंडेलवाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा कि जनजातीय समाज के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए भगवान बिरसा मुंडा का संघर्ष प्रेरणास्रोत है। भगवान बिरसा मुंडा के विचारों और संघर्ष को जनजातीय समाज की नई पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य जनजातीय समाज के जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता करें। 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर प्रदेशभर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिन्हें ऐतिहासिक बनाना है।

जनजातीय युवाओं को शिक्षा, रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रही सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में भाजपा सरकार उन वर्गों को सम्मान और अवसर प्रदान कर रही है, जिन्हें पहले उपेक्षित रखा गया। मानवता के आधार पर सभी वर्गों को साथ लेकर चलना हमारा संकल्प है। दूध उत्पादन को प्रोत्साहन देने वाली योजनाओं का लाभ भी जनजातीय समाज को मिल रहा है। शहडोल में सरिया उत्पादन फैक्ट्री स्थापित होने से स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। मंडला और बालाघाट में मेडिकल कॉलेज तथा छिंदवाड़ा में आयुर्वेदिक महाविद्यालय की स्थापना भी हमारी विकास प्राथमिकताओं में शामिल है।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत और राष्ट्रीय प्रवक्ता शुक्ला ने कांग्रेस पर लगाए आरोप

राहुल गांधी के नेतृत्व में देशभर में अराजकता फैलाने का हो रहा षडयंत्रः खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सदन छोड़कर भागने वाले राहुल गांधी सड़क पर बहस की चुनौती दे रहे : प्रेम



भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकार-वार्ता के दौरान शुक्ला और खंडेलवाल।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला ने गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकार-वार्ता को संबोधित किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में देशभर में अराजकता फैलाने का कार्य किया जा रहा है। एसआईआर नई प्रक्रिया नहीं है। देश के आजाद होने के बाद एसआईआर की प्रक्रिया 12 बार हो चुकी है, जिनमें 10 बार यह प्रक्रिया कांग्रेस के शासनकाल में हुई है। राहुल गांधी मतदाता सूची से 13 करोड़ लोगों के नाम काटने का झूठा व गलत आंकड़ा देश की जनता को बताकर भ्रमित करने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं। वह विदेशी नागरिकों और घुसपैठियों को मतदाता बनाए रखने के लिए देश में अराजकता फैलाने का कार्य कर रहे।

विपक्षी दलों के नेता देश में फैला रहे भ्रम

अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत और अन्य श्रेणियों के मतदाताओं के सत्यापन को राहुल गांधी और विपक्षी दलों के नेता गलत तरीके से प्रस्तुत कर देश में भ्रम फैला रहे है। राहुल गांधी और विपक्षी दलों के नेता एसआईआर के तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश करने की बजाय संवैधानिक प्रक्रिया पर भरोसा करना चाहिए। देश की लोकतांत्रिक ताकतें और संवैधानिक मजबूत रहेंगी, तभी देश मजबूती के साथ आगे बढ़ेगा। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि राहुल गांधी, कांग्रेस और विपक्षी दलों के नेता देश की लोकतांत्रिक और संवैधानिक संस्थाओं को निशाना बनाकर बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। अभी इंदौर, जबलपुर और भोपाल में बड़ी पदयात्राएं निकाली गई हैं। आने वाले दिनों में जिलों में भी पदयात्राएं निकाली जाएंगी।

राष्ट्रीय प्रवक्ता शुक्ला ने कहा कि सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच विमर्श के लिए हमारे संविधान में संसद का सदन निर्धारित किया है। राहुल गांधी सदन में बहस करने की बजाय हंगामा खड़ा करते हैं। सदन छोड़कर भागने वाले राहुल गांधी सड़क पर बहस की चुनौती दे रहे हैं। चार बार ऐसा मौका आया, जब बहस के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार जब सदन में अपना पक्ष रखने लगी तब राहुल गांधी और कांग्रेस सदन छोड़कर चले गए। रामलीला में राहुल लीला करने वाले लोग देश में अराजकता फैलाने का कुत्सित षड्यंत्र कर रहे हैं। राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की राजनीति अब झूठ, भ्रम, निराशा और अराजकता फैलाने तक सीमित रह गई है। कांग्रेस लगातार चुनावों में मिल रही हार का आत्ममंथन करने के बजाय अपनी विफलताओं का ठीकरा निर्वाचन आयोग और अन्य संवैधानिक संस्थाओं पर फोड़ रही है।

देश की स्वतंत्रता, रक्षा में जनजातीय समाज का योगदानः पटेल

प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय महासचिव, राष्ट्रीय प्रवक्ता, प्रदेश संगठन महामंत्री हुए शामिल



जनजातीय गौरव सप्ताह का शुभारंभ करते प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल।

'जनजातीय गौरव सप्ताह' को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित अनुसूचित जनजाति मोर्चा की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। खण्डेलवाल, पटेल, वी सतीश, चंद्रशेखर, राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला एवं अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज टेकाम ने संबोधित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव गजेन्द्र सिंह पटेल ने कहा कि जनजातीय समाज का देश की स्वतंत्रता, संस्कृति, स्वाभिमान और राष्ट्र की रक्षा में अतुलनीय योगदान रहा है।

जनजातीय समाज की भूमिका महत्वपूर्णः चंद्रशेखर

भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में 11 से 18 नवंबर तक प्रदेशभर में जनजातीय गौरव सप्ताह मनाया जाएगा। 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों सहित विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित होंगे। अनुसूचित जनजाति समाज की भारतीय संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण में भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

सभी जिला मुख्यालयों पर भव्य आयोजन किए जाएंगेः टेकाम

भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज टेकाम ने कहा कि 11 नवंबर को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर जनजातीय समाज के वरिष्ठ नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पत्रकार-वार्ता आयोजित की जाएंगी। 14 नवंबर को प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कम से कम दो प्रमुख स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस पर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

खबर संक्षेप

सीएम ने दीं गोमाता के पर्व गोवत्स द्वादशी की शुभकामनाएं



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने जगत जननी गोमाता की उपासना और सेवा के पावन पर्व गोवत्स द्वादशी (बछ बारस) की शुभकामनाएं दीं हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि गौमाता हमारी आस्था, संस्कृति और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार हैं। डॉ यादव ने इस अवसर पर गौवंश के संरक्षण, संवर्धन और गौसेवा का संकल्प लेने का प्रदेशवासियों से आव्हान किया, उन्होंने कहा कि गौमाता की कृपा समस्त प्रदेशवासियों पर बनी रहे यही कामना है।

निर्विरोध निर्वाचित होने के बाद सीएम से मिलने पहुंचे केंद्रीय मंत्री पुरी

भोपाल। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर ने गुरूवार को केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित होने पर निर्वाचन प्रमाण पत्र प्राप्त कर मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट की।

सीएम ने कहा: हर गांव-शहर को सड़कों से जोड़ना हमारा लक्ष्य

63 हजार 296 करोड़ की लागत से तैयार होगा 5 ग्रीन फील्ड कॉरिडोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र सड़क विकास निगम के संचालक मंडल की हुई 49वीं बैठक



सड़क विकास निगम की बैठक में मौजूद सीएम।

सड़कें विकास की वास्तविक जीवन रेखा होती हैं। मप्र का कोई गांव, कस्बा या शहर बेहतर सड़क संपर्क से वंचित न रहे। हर गांव-शहर को बारहमासी सड़कों से जोड़ना ही हमारा लक्ष्य है। स्टेट हाईवे, फोर लेन, सिक्स लेन, 8 लेन और ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के निर्माण के माध्यम से आधुनिक सड़क नेटवर्क विकसित किया जा रहा है। इससे प्रदेश में कनेक्टिविटी का नेटवर्क और मजबूत होगा। यह बात सीएम ने कही।

मुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि सड़कों के जो काम निर्माणाधीन हैं, उनमें कार्य की गति बढ़ाकर तेजी से पूरा कर लें। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में करीब 63 हजार 296 करोड़ रुपए की लागत से कुल 1398 किमी लंबाई वाले पांच ग्रीनफील्ड कॉरिडोर्स तैयार करने के लिए सभी तैयारियां की जा रही हैं। यह फोर लेन ग्रीनफील्ड एक्सेस-कंट्रोल्ड कॉरिडोर, पेव्हड शेल्डर सहित होंगे।

प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाना है

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाना है। इसके लिए लोक निर्माण विभाग, नगरीय प्रशासन, ग्रामीण विकास, उद्योग और मप्र हाऊसिंग बोर्ड के साथ आपसी तालमेल से काम करें। सड़क निर्माण कार्यों की गति तेज करें, मेजर डिस्ट्रिक्ट रोड पर भी काम करें तथा सभी संभावनाओं पर एक साथ काम करें।

इन प्रस्तावों को मंजूरी

सीएम ने इस दौरान बीओटी योजनातर्गत 4 लेन जावरा-नयागांव खंड की परियोजना में शतप्रतिशत इक्विटी के विनिवेश की अनुमति को मंजूरी दी। निगम के सुचारू संचालन के लिए मुख्य अभियंता के दो, महाप्रबंधक के तीन तथा उप महाप्रबंधक के पांच नवीन पदों के सृजन को मंजूरी दी गई। लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन विभाग के स्वामित्वाधीन मप्र तिलहन संघ भवन, अर्थात पीएएम भवन, अरेरा हिल्स के अधिग्रहण, स्वतंत्र संचालक की नियुक्ति सहित अन्य मंजूरी दी गई।

स्वामित्व योजना के हितग्राहियों से आज संवाद करेंगे सीएम

स्वामित्व योजना में ग्रामीणों को मिल रहा उनकी संपत्ति का मालिकाना हक

सीएम आज मुरैना जिले के ग्राम करुआ में स्वामित्व योजना के अंतर्गत ग्रामीणों को उनकी सम्पत्ति का मालिकाना हक दिलाने और सम्पत्ति संबंधी अधिकारों को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान में शामिल होंगे। डॉ यादव स्वामित्व योजना के हितग्राहियों से संवाद भी करेंगे। साथ ही मुरैना जिले के स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। स्वामित्व योजना के माध्यम से ग्रामीण आबादी क्षेत्र में स्थित मकानों एवं अन्य सम्पत्तियों के पात्र हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख एवं सम्पत्ति स्वामित्व संबंधी दस्तावेज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे ग्रामीण परिवारों को अपनी सम्पत्ति का कानूनी अधिकार प्राप्त होगा। साथ ही उन्हें आर्थिक गतिविधियों एवं वित्तीय सुविधाओं का लाभ लेने में भी मदद मिलेगी।

लक्ष्य निर्धारित

सीएम के निर्देश पर शुक्रवार से ग्रामीणों को स्वामित्व योजना का लाभ देने के लिए मंत्री, सांसद एवं विधायक गांव में पहुंचकर अपनी उपस्थिति में शत-प्रतिशत रजिस्ट्री पूर्ण कराएंगे। प्रदेश में अब तक लगभग 15 लाख 98 हजार 46 रजिस्ट्रियां की जा चुकी हैं और 15 नवम्बर तक 20 लाख रजिस्ट्रियां पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित है।

दुबई से एयर एंबुलेंस के जरिए भारत पहुंचे ज्ञानेंद्र तिवारी, एम्स दिल्ली में उपचार जारी

भोपाल। अपनों के लौटने की उम्मीद और लंबे इंतजार के बाद अनूपपुर जिले के ज्ञानेंद्र तिवारी दुबई से एयर एंबुलेंस के माध्यम से सुरक्षित भारत पहुंच गए हैं। उन्हें बेहतर उपचार के लिए दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया है, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उनका उपचार जारी है। ज्ञानेंद्र की स्वदेश वापसी के लिए भारत सरकार और मध्यप्रदेश शासन द्वारा समन्वित प्रयास किए गए। सीएम की पहल पर प्रधानमंत्री कार्यालय से संपर्क एवं आवश्यक समन्वय किया गया। वहीं उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल और शहडोल सांसद हिमाद्री सिंह ने भी ज्ञानेंद्र की सुरक्षित भारत वापसी और बेहतर उपचार सुनिश्चित कराने के लिए लगातार प्रयास किए।

■ मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहल पर हुई कार्रवाई

इस पूरे घटनाक्रम में शासन-प्रशासन के स्तर पर किए गए प्रयासों के फलस्वरूप दुबई से एयर एंबुलेंस के जरिए उन्हें भारत लाने की व्यवस्था सुनिश्चित हो सकी। इसके बाद उन्हें उपचार के लिए एम्स दिल्ली पहुंचाया गया। पारिवारिक रिश्तेदार देवेन्द्र तिवारी ने बताया कि ज्ञानेंद्र तिवारी की स्वदेश वापसी को लेकर पूरा परिवार लगातार चिंतित था। उन्होंने ज्ञानेंद्र की सुरक्षित वापसी में सहयोग करने वाले सभी लोगों के प्रति परिवार की ओर से आभार व्यक्त किया।

मिलकर काम करें तो एक साल में 1 लाख करोड़ का निर्यात लक्ष्य संभवः बर्णवाल

आवश्यकता पड़ने पर व्यापार बढ़ाने के लिए नीति में करेंगे जरूरी बदलावः मंत्री काश्यप

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप उद्योग संगठनों से कहा है कि वे हर उद्योग की निर्यात संभावनाएं खोजकर शासन के पास लाएं, और आश्वासन दिया कि छोटे या बड़े किसी भी उद्योग का व्यापार बढ़ाने के लिए नीति में बदलाव की आवश्यकता होगी, तो राज्य शासन वह भी जरूर करेगा। काश्यप भारत सरकार के वाणिज्य विभाग के सहयोग से गुरुवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में आयोजित मध्यप्रदेश एक्सपोर्ट एंड एफटीए कॉन्क्लेव 2026 को संबोधित कर रहे थे। कॉन्क्लेव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग और मप्र औद्योगिक विकास निगम ने विदेश व्यापार महानिदेशालय और भारत व्यापार संवर्धन संगठन के साथ मिलकर कॉन्क्लेव आयोजित की।

उद्योग को व्यापार समझौतों का लाभ लेने के गुर बताए

मुख्य सचिव बर्णवाल ने उद्योग को व्यापार समझौतों का लाभ लेने के गुर बताए। सरकार समझौते से बाजार का रास्ता खोलती है, खरीददार तक पहुंचना गुणवत्ता से तय होता है, और समझौता निर्यातक को प्रतिस्पर्धी से आगे निकलने की अतिरिक्त बढ़त देता है। उन्होंने 1 लाख करोड़ रुपये के लक्ष्य के लिए उद्योग संगठनों को तीन कदम बताए। पहला, अपने क्षेत्र के कम से कम पांच ऐसे उत्पाद चुनें जिनमें निर्यात की सबसे अधिक क्षमता है। दूसरा, इन उत्पादों के लिए एफटीए साझेदार देशों में सबसे संभावनाशील बाजार पहचानें, जो इस स्तर तक निर्यात कर सकती हैं। बर्णवाल ने कहा कि उद्योग और शासन मिलकर काम करें, तो मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा तय 1 लाख करोड़ रुपए के निर्यात का लक्ष्य एक वर्ष में प्राप्त किया जा सकता है।

कुल निर्यात में लगभग आधा हिस्सा

मंत्री काश्यप ने कहा कि देश के कुल निर्यात में लगभग आधा हिस्सा एमएसएमई का है। चीन में बिजली, श्रम और अधोसंरचना की लागत बढ़ने से भारत और मध्यप्रदेश के निर्माताओं के लिए विश्व बाजार में बड़ा अवसर बना है, और इसका लाभ लेने के लिए उद्यमी उत्पादन का पैमाना और क्षमता बढ़ाएं, जिससे प्रति इकाई लागत घटे। उन्होंने कहा कि यूके और यूरोपीय संघ के साथ समझौतों में परिधान पर जीरो शुल्क के लिए उत्पाद में भारतीय अंश अधिक होना आवश्यक है।

वेतन नहीं मिलने पर जनजातीय संचालनालय पर किया प्रदर्शन

कर्मचारियों ने किया घेराव तो अपर आयुक्त ने दिया आज शुक्रवार को वेतन देने का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



पांच महीने से वेतन की गुहार लगा रहे स्थाई कर्मी, दैनिक वेतनभोगी एवं अंशकालीन कर्मचारियों ने गुरूवार को जनजातीय संचालनाय कार्यलय अरेरा हिल्स का घेराव कर प्रदर्शन किया।

मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ के तत्वावधान में कर्मचारियों चेतावनी दी अगर एक से दो दिन में वेतन नहीं आया तो पूरे प्रदेश में कर्मचारी काली दीपावली मनाएंगे। संघ के प्रांताध्यक्ष महेंद्र शर्मा ने बताया कि महेंद्र शर्मा ने बताया कि आदिम जाति कल्याण विभाग के अंतर्गत कार्यरत स्थाई कर्मी, अंशकालीन एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को चार-पांच माह से वेतन नहीं मिला है।

स्थिति बेहद दयनीय

वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई है। वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों को घर चलाना मुश्किल होने के साथ वह बच्चों की स्कूल की फीस तक जमा नहीं करा पा रहे है। कर्मचारियों के प्रदर्शन को देख अपर आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग तृप्ति श्रीवास्तव ने प्रतिनिधिमंडल को बुलाकर आश्वासन दिया कि वेतन मद में बजट सभी जिलों और छात्रावासों के लिए डाल दिया गया है, शुक्रवार तक तक वेतन की व्यवस्था हो जाएगी।

मप्र में कांग्रेस का ओबीसी दांव, दो उपाध्यक्ष भी नियुक्त

बैजनाथ कुशवाहा को ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष की कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल/नई दिल्ली

मध्य प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के बीच अपनी राजनीतिक पकड़ मजबूत करने की रणनीति के तहत कांग्रेस ने संगठनात्मक स्तर पर बड़ा कदम उठाया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ओबीसी विभाग में नई नियुक्तियों को मंजूरी देते हुए पूर्व विधायक बैजनाथ कुशवाहा को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। वहीं राजेंद्र मंडोली और पवन पटेल को प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने गुरुवार को इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी किया। सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। कांग्रेस की यह नियुक्ति ऐसे समय में हुई है, जब मध्य प्रदेश की राजनीति में ओबीसी मतदाताओं की भूमिका लगातार महत्वपूर्ण बनी हुई है। प्रदेश की आबादी में अन्य पिछड़ा वर्ग की हिस्सेदारी करीब आधी मानी जाती है। ऐसे में भाजपा के मजबूत ओबीसी जनाधार को चुनौती देना कांग्रेस की प्रमुख राजनीतिक प्राथमिकताओं में शामिल है।

संगठनात्मक गतिविधियां की जाएं तेज

पार्टी की कोशिश है कि नए नेतृत्व के जरिए पिछड़े वर्गों के बीच संगठनात्मक गतिविधियां तेज की जाएं और विभिन्न जातीय समूहों को पार्टी से जोड़ा जाए। बैजनाथ कुशवाहा मुरैना की सबलगढ़ विस सीट से विधायक रह चुके हैं। उन्होंने 2018 के विस चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर जीत दर्ज की थी। वह मप्र कांग्रेस कमेटी में महासचिव की जिम्मेदारी भी निभा चुके हैं। उनकी नियुक्ति को ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में ओबीसी राजनीति को मजबूत करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। वहीं राजेंद्र मंडोली और पवन पटेल को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। पवन पटेल इससे पहले भी कांग्रेस के ओबीसी विभाग में उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी निभा चुके हैं। पार्टी ने इन नियुक्तियों के जरिए ओबीसी संगठन को सक्रिय करने और विभिन्न क्षेत्रों में राजनीतिक संपर्क बढ़ाने का प्रयास किया है। ओबीसी राजनीति भाजपा और कांग्रेस दोनों के लिए बेहद अहम रही है। भाजपा ने उमा भारती, शिवराज सिंह चौहान और सीएम जैसे नेताओं के माध्यम से इस वर्ग में अपना मजबूत आधार तैयार किया है।

मुद्दा चर्चाओं में

अक्टूबर 2026 में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के फैसले के बाद यह मुद्दा फिर राजनीतिक चर्चा में है। ऐसे में कांग्रेस को उम्मीद है कि आरक्षण, जातिगत जनगणना और पिछड़े वर्गों की राजनीतिक हिस्सेदारी जैसे मुद्दों के माध्यम से वह भाजपा सरकार को घेर सकेगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी लगातार जातिगत जनगणना और आबादी के अनुपात में अधिकार की मांग उठाते रहे हैं। पार्टी की कोशिश होगी कि इन मुद्दों को नए ओबीसी नेतृत्व के माध्यम से प्रदेश के गांवों, कस्बों और जिला स्तर तक पहुंचाया जाए।

मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर सफाई कर्मचारियों की मांगों का निराकरण करने की मांग, नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने लगाए आरोप

सफाईकर्मियों को सम्मानजनक वेतन, स्थाई रोजगार और सुरक्षा देने में सरकार विफल

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल



विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने प्रदेश के सफाई कर्मचारियों की बदहाल स्थिति, कम वेतन, असुरक्षित रोजगार और नियमितीकरण की मांगों को लेकर गुरुवार को भोपाल में प्रेस वार्ता कर भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान का श्रेय लेने वाली सरकार शहरों को स्वच्छ रखने वाले कर्मचारियों को सम्मानजनक वेतन, स्थायी रोजगार और सुरक्षा देने में विफल रही है। प्रदेश में सफाई कर्मचारी अपने अधिकारों के लिए आंदोलन कर रहे हैं, वहीं सीवर सफाई के दौरान लगातार हो रही मौतें सरकार की संवेदनहीनता उजागर करती हैं। सिंघार ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर सफाई कर्मचारियों की मांगों का जल्द निराकरण करने की मांग की है।

सफाई कर्मचारियों के लिए प्रमुख मांगें

उमंग सिंघार ने सफाई कर्मचारियों की प्रमुख मांगों का जिक्र करते हुए कहा कि वर्षों से कार्यरत दैनिक वेतनभोगी एवं विनियमित कर्मचारियों को नियमित कर सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। ठेकेदारी और आउटसोर्सिंग व्यवस्था खत्म कर स्थायी एवं सुरक्षित रोजगार दिया जाए और सेवाकाल में मृत्यु होने पर मृत कर्मचारी के परिवार के एक पात्र सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति मिले। उन्होंने कहा कि भोपाल में सफाई कर्मचारियों को 29 दिन काम करने के बाद लगभग 9,000 रुपए वेतन मिलता है।

पुलिसकर्मियों के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने की घोषणा करें मुख्यमंत्रीः पटवारी

गुजरात में हो रही अवैध शराब तस्करी की सीबीआई जांच की मांग

शहीद टीआई दिलीप पुरी के परिजनों से मिल कर व्यक्त की संवेदना



भोपाल। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी धार जिले के ग्राम बरमंडल पहुंचे और वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रकाश पुरी के सुपुत्र एवं खातेगांव थाना प्रभारी शहीद दिलीप पुरी के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की। शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। पटवारी ने कहा कि दिलीप पुरी का असमय निधन अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है। पुलिस विभाग के कर्मचारी दिन-रात 24 घंटे कठिन परिस्थितियों में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं।

पूरे नेटवर्क की होना चाहिए जांच

ऐसे में सरकार की जिम्मेदारी है कि पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों की सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करे। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की कि वे पुलिस विभाग के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के बच्चों की शिक्षा पूरी तरह निःशुल्क करने की तत्काल घोषणा करें। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों के बच्चों को मुफ्त शिक्षा उपलब्ध कराना स्वर्गीय दिलीप पुरी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इससे पुलिसकर्मियों पर आर्थिक बोझ कम होगा और उन्हें अपने परिवार की बेहतर परवरिश एवं बच्चों के भविष्य को लेकर राहत मिलेगी। पटवारी ने कहा कि गुजरात में अवैध शराब की सप्लाई और तस्करी के पीछे सक्रिय पूरे नेटवर्क की जांच होनी चाहिए। आखिर किन लोगों के संरक्षण में शराब माफिया बेखौफ होकर अपना कारोबार चला रहे हैं?

खबर संक्षेप

क्यूपिड की वी2 रिटेल से बड़ी साझेदारी

मुंबई। क्यूपिड लिमिटेड ने वी2 रिटेल लिमिटेड के साथ दीर्घकालिक विशेष खुदरा साझेदारी की घोषणा की है। इस समझौते के तहत क्यूपिड को वी2 रिटेल के 425 से अधिक मौजूदा और भविष्य में खुलने वाले सभी स्टोर्स में 400 वर्ग फुट का समर्पित खुदरा स्थान मिलेगा।कंपनी को उम्मीद है कि इस साझेदारी से अगले 12 महीनों में करीब 400 करोड़ रुपए का अतिरिक्त राजस्व हासिल हो सकता है। इस साझेदारी से क्यूपिड को स्वास्थ्य एवं कल्याण और दैनिक उपभोक्ता उत्पादों की पहुंच बढ़ाने का बड़ा अवसर मिलेगा।

राजेश को मिला 1,629 करोड़ रु. का बड़ा ठेका

अहमदाबाद । राजेश पावर सर्विसेज लिमिटेड को दक्षिण गुजरात विज कंपनी लिमिटेड (डीजीवीसीएल) से 1,628.74 करोड़ रुपए (कर सहित) का बड़ा ठेका मिला है। इस ठेके के बाद कंपनी के पास कुल लंबित ऑर्डरों का मूल्य बढ़कर करीब 5,400 करोड़ रुपए हो गया है, जो पहले 4,000 करोड़ रुपए था। यानी इसमें लगभग 35 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2027 की पहली छमाही में सालाना आधार पर राजस्व में 46 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।

एलजी का मुनाफा बढ़कर 489 करोड़ रु. पहुंचा

नई दिल्ली। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही में शानदार वित्तीय प्रदर्शन करते हुए लगातार दूसरी तिमाही में दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज की है। कंपनी की परिचालन से आय सालाना आधार पर 19.5 फीसदी बढ़कर 7,380 करोड़ रुपए हो गई, जो पिछले साल की समान तिमाही में 6,174 करोड़ रुपए थी। कंपनी का कर भुगतान के बाद शुद्ध मुनाफा 25.7 फीसदी बढ़कर 489 करोड़ रुपए रहा।

नॉर्टन ने पेश की नई 450 अर्बन बाइक

नई दिल्ली। ब्रिटिश प्रीमियम मोटरसाइकिल ब्रांड नॉर्टन मोटरसाइकिल्स ने आइक्मा 2026 में नई 450 अर्बन बाइक का वर्ल्ड प्रीमियर किया। यह बाइक दो वेरिएंट में पेश की गई है। इसमें 454 सीसी का लिक्विड-कूल्ड इंजन दिया गया है, जो 47 पीएस पावर और 45 एनएम टॉर्क जनरेट करता है। इसमें 6-स्पीड गियरबॉक्स, क्विकशिफ्टर, कॉर्नरिंग एबीएस, ट्रैक्शन कंट्रोल, क्रूज कंट्रोल और तीन राइडिंग मोड मिलते हैं। बाइक में 8-इंच टीएफटी टचस्क्रीन और स्मार्टफोन कनेक्टिविटी भी है। फिलहाल नॉर्टन 10 बाजारों में 50 से अधिक रिटेल आउटलेट संचालित कर रही है।

दो नए डुअल-टोन कलर और खास थ्रीडी एम्ब्लेम से सजा स्कूटर

हीरो मोटोकॉर्प ने पेश किया डेस्टिनी 110 इंजन वाला का क्लासिक एडिशन

- 76,400 रुपए रखी गई एक्स-शोरूम कीमत
- डेस्टिनी 110 का क्लासिक एडिशन देता है नया अंदाज
- क्लासिक डिजाइन के साथ आधुनिक फीचर्स का संयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

हीरो मोटोकॉर्प ने त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए अपने लोकप्रिय फैमिली स्कूटर डेस्टिनी 110 का नया क्लासिक एडिशन लांच किया है। नियो-रेट्रो स्टाइलिंग के साथ पेश किए गए इस स्पेशल एडिशन में नए डुअल-टोन कलर, आकर्षक स्ट्राइप्स और एक्सक्लूसिव थ्रीडी क्लासिक एडिशन एम्ब्लेम दिया गया है। कंपनी ने इसकी एक्स-शोरूम कीमत दिल्ली में 76,400 रुपए तय की है। यह देशभर की हीरो डीलरशिप पर उपलब्ध है। सितंबर 2025 में लांच हुए डेस्टिनी 110 का नया क्लासिक एडिशन इसके मौजूदा डिजाइन को एक नया अंदाज देता है। कंपनी ने इसमें स्कूटर की रोजमर्रा की उपयोगिता, आराम और माइलेज से जुड़ी खूबियों को बरकरार रखते हुए स्टाइलिंग पर खास ध्यान दिया है।



दो नए डुअल-टोन कलर में मिलेगा स्कूटर

डेस्टिनी 110 क्लासिक एडिशन को दो नए कलर ऑप्शन में पेश किया गया है। इनमें मैट गोल्डफिश सिल्वर/लाइट इंडस्ट्रियल ग्रे और मैट एरीज ब्राउन शामिल हैं। पहले कलर ऑप्शन में ब्राउन इनर पैनल, जबकि दूसरे में ब्लैक इनर पैनल दिया गया है। स्कूटर के फ्रंट हैंडल कवर और साइड पैनल पर नई स्ट्राइप्स, कलर-मैचिंग मिरर, सीट और इनर पैनल इसकी नियो-रेट्रो अपील को बढ़ाते हैं। इसके अलावा खास थ्रीडी क्लासिक एडिशन बैज और ब्रांडेड रिम टेप भी दिए गए हैं।

785 मिमी लंबी सीट और 19 लीटर का स्टोरेज

फैमिली राइडिंग को ध्यान में रखते हुए स्कूटर में 785 मिमी लंबी सीट दी गई है। कंपनी के मुताबिक, यह अपने सेगमेंट की सबसे लंबी सीट है। इसके साथ पर्याप्त लेगरूम भी मिलता है। स्कूटर में आगे और पीछे 12 इंच के पहिए दिए गए हैं। वहीं, चौड़ा 100/80-12 रियर टायर बेहतर राइडिंग अनुभव देने में मदद करता है। सामान रखने के लिए इसमें 19 लीटर का अंडर-सीट स्टोरेज मिलता है।

110 ओसीसी इंजन के साथ आईथ्रीएस टेक्नोलॉजी

डेस्टिनी 110 क्लासिक एडिशन में 11ओसीसी का रिफाइंड इंजन दिया गया है। इसमें हीरो मोटोकॉर्प कीआईथ्रीएस टेक्नोलॉजी भी मिलती है, जो बेहतर माइलेज के लिए इंजन के इस्तेमाल को अधिक कुशल बनाने में मदद करती है। लाइटिंग के लिए स्कूटर में एलईडी प्रोजेक्टर हेडलैंप, एलईडी टेल लैंप और पोजीशन लैंप दिए गए हैं। इस तरह कंपनी ने क्लासिक डिजाइन के साथ आधुनिक फीचर्स का संयोजन किया है। हीरो डेस्टिनी 110 क्लासिक एडिशन की कीमत 76,400 रुपए (एक्स-शोरूम, दिल्ली) है। यह देशभर की हीरो मोटोकॉर्प डीलरशिप पर उपलब्ध है। कंपनी के इंडिया बिजनेस यूनिट के चीफ बिजनेस ऑफिसर आशुतोष वर्मा ने कहा कि डेस्टिनी 110 को खासतौर पर परिवारों की रोजमर्रा की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

महंगाई के बावजूद मिठाइयों की खरीदारी में उत्साह

शुगर-फ्री, गुड़ और मिलेट उत्पादों की भी बढ़ी मांग, गिफ्ट पैक की खरीदारी में तेजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी भोपाल का मिठाई बाजार भी गुलजार होने लगा है। मिठाइयों और आकर्षक गिफ्ट पैक की खरीदारी के लिए दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ बढ़ रही है। इस बार बाजार में पारंपरिक मिठाइयों के साथ प्रीमियम और महंगी मिठाइयों की मांग है तो वहीं शुगर-फ्री, गुड़ और मिलेट से बनी मिठाइयों की मांग भी तेजी से बढ़ रही है। मिठाई कारोबार से जुड़े लोगों के अनुसार दूध, मावा, चीनी और ड्राई फ्रूट्स की कीमतों में इस वर्ष लगभग 10 से 15 प्रतिशत तक बढ़ोतरी का असर बाजार पर पड़ा है। इसके बावजूद त्योहार पर मिठाई खरीदने का उत्साह कम नहीं हुआ है। लोग परिवार, रिश्तेदारों और कारोबारी परिचितों को उपहार देने के लिए आकर्षक पैकिंग वाली मिठाइयां पसंद कर रहे हैं। भोपाल में मिठाई और गिफ्ट पैक के कारोबार से करोड़ों रुपए का व्यापार होने का अनुमान है। विक्रेताओं के अनुसार पारंपरिक काजू कतली, लड्डू, बर्फी और गुलाब जामुन के साथ शुगर-फ्री मिठाइयां, गुड़ से बने उत्पाद और रागी-मिलेट कुकीज की मांग बढ़ रही है। कुल मिलाकर धनतेरस और दीपावली के अवसर पर भोपाल का मिठाई बाजार नई वैरायटी, प्रीमियम उत्पादों और आकर्षक गिफ्ट पैक के साथ तैयार है।



धनतेरस-दीपावली के लिए सोन पपड़ी से लेकर काजू बादाम कतली, नमकीन की वैरायटी लुभा रही

त्योहार पर मिठास और चटपटे स्वाद का संगम, कुंदन नमकीन में सजी खास रेंज

- मिठाइयों के साथ नमकीन की वैरायटी की खास जगह
- एक ही छत के नीचे अलग-अलग स्वाद के विकल्प

दीपावली की रौनक मिठाइयों के बिना अधूरी है। अपनों को मिठाई का डिब्बा भेंट करना हो या मेहमानों की खातिरदारी, त्योहार पर पारंपरिक स्वाद की मांग बढ़ जाती है। इसी को देखते हुए कुंदन नमकीन एंड स्वीट्स सेंटर ने धनतेरस और दीपावली के लिए मिठाइयों और नमकीन की आकर्षक रेंज सजाई है। यहां सोन पपड़ी, सोहन पपड़ी, सोहन हलवा और पटिसा के साथ काजू कतली, बादाम कतली और बेसन की मिठाइयां ग्राहकों के लिए उपलब्ध हैं। त्योहारी खरीदारी में मिठाइयों के साथ नमकीन की भी खास जगह रहती है। कुंदन नमकीन में खट्टा-मीठा नमकीन, आलू भुजिया और लांग सेव सहित कई चटपटी वैरायटी उपलब्ध हैं। चाय की मेहमाननवाजी से लेकर पारिवारिक नाश्ते और गिफ्ट पैकिंग तक, ग्राहकों को एक ही छत के नीचे अलग-अलग स्वाद के विकल्प मिल रहे हैं।



संस्थापक की विरासत, गुणवत्ता पर जोर

संस्थान के संचालक प्रेम नारायण यादव बताते हैं कि कुंदन नमकीन एंड स्वीट्स सेंटर की नींव उनके पिता एवं संस्थापक कुंदनलाल यादव ने रखी थी। वर्षों से स्वाद, गुणवत्ता और ग्राहकों का भरोसा प्रतिष्ठान की पहचान रहे हैं। दुकान को आईएसओ 9001:2008 प्रमाणन भी प्राप्त है। प्रेम नारायण यादव के साथ उनके छोटे भाई महेश कुमार यादव कारोबार में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। रामलोचन यादव, विनोद यादव, अंकित और आशीष यादव भी प्रतिष्ठान के संचालन में सहयोग कर रहे हैं। परिवार मिलकर संस्थापक की परंपरा और प्रतिष्ठान की पहचान को आगे बढ़ा रहा है। धनतेरस और दीपावली पर मिठास बांटने से लेकर मेहमानों के लिए चटपटा नाश्ता जुटाने तक, कुंदन नमकीन एंड स्वीट्स सेंटर में पारंपरिक मिठाइयों और नमकीन का खास संगम देखने को मिल रहा है।



क्लीन इंडस्ट्री में निवेश के मामले में दूसरे स्थान पर

नई दिल्ली। मिशन पॉसिबल पार्टनरशिप और इंडस्ट्रियल ट्रांजिशन एक्सेलरेटर की रिपोर्ट के अनुसार, क्लीन इंडस्ट्री में निवेश की संभावनाओं के मामले में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर है। देश में 61 परियोजनाओं के जरिए 434 अरब डॉलर के निवेश की संभावना है। इसमें 428 अरब डॉलर घोषित परियोजनाओं और 6.6 अरब डॉलर अंतिम मंजूरी प्राप्त व चालू परियोजनाओं से जुड़े हैं। कुल 59 परियोजनाएं घोषित हो चुकी हैं और दो को अंतिम मंजूरी मिली है।

कार्यक्रम की शुरुआत आतिशबाजी के साथ

पीपुल्स यूनिवर्सिटी में हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया दीपावली उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पीपुल्स यूनिवर्सिटी में दीपावली के पावन अवसर पर हर्षोल्लास और उमंग के साथ दीपावली उत्सव मनाया गया। विश्वविद्यालय के मानव संसाधन विकास विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में प्रो-चांसलर मेघा विजयवर्गीय, कुलपति डॉ. हरीश राव, विभिन्न संस्थानों के प्रमुखों (एचओआई), अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत आतिशबाजी के साथ हुई। दीपावली के अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर को आकर्षक फूलों और रंग-बिरंगी रंगोलियों से सजाया गया। आयोजन की खास बात यह रही कि सजावट में प्लास्टिक का उपयोग नहीं किया गया। प्राकृतिक और पर्यावरण अनुकूल सजावट के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। इनमें प्रो-चांसलर मेघा विजयवर्गीय सहित अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।


कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया

सोने में 2,200 और चांदी में 1,500 रुपए की तेजी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में गुरुवार को सोने की कीमतों में लगातार दूसरे दिन तेजी जारी रही। धनतेरस से पहले आभूषण विक्रेताओं और खुदरा कारोबारियों की खरीदारी बढ़ने से सोना 2,200 रुपये उछलकर 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 2,200 रुपये बढ़कर 1,48,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) हो गया। बुधवार को इसका भाव 1,46,600 रुपये प्रति 10 ग्राम था। चांदी की कीमतों में भी तेजी जारी रही। इसका भाव1,500 रुपये बढ़कर 1,94,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) हो गया, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,93,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था। कारोबारियों ने कहा कि शुक्रवार को धनतेरस और रविवार को दिवाली के मद्देनजर आभूषण विक्रेताओं, खुदरा कारोबारियों और थोक विक्रेताओं ने खरीदारी बढ़ा दी है। धनतेरस पर सोने-चांदी जैसी कीमती धातुओं की खरीदारी को शुभ माना जाता है। उन्होंने कहा कि निवेश मांग ने भी खरीदारी को समर्थन दिया। त्योहारी मौसम में कीमती धातुओं की कीमतों में यह तेजी पिछले साल की तुलना में उनकी कीमतों में हुई भारी वृद्धि के बीच आई है।



- आभूषण विक्रेताओं और कारोबारियों की खरीदारी बढ़ी
- सोना उछलकर 1.48 लाख रुपए प्रति दस ग्राम

वैश्विक बाजार में सोने में तेजी

वैश्विक बाजार में भी सोने की कीमतों में तेजी रही। हाजिर सोना 65.12 डॉलर यानी करीब दो प्रतिशत बढ़कर 4,125.25 डॉलर प्रति औंस हो गया और 4,100 डॉलर का स्तर पार कर गया। चांदी भी एक प्रतिशत बढ़कर 52.73 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।

अमरबाबू बने मोटोरोला का ग्लोबल प्रेसिडेंट

नई दिल्ली । लेनोवो ने अमर बाबू को मोबाइल बिजनेस ग्रुप का नया जनरल मैनेजर और मोटोरोला मोबिलिटी का ग्लोबल प्रेसिडेंट नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति 1 जनवरी 2027 से प्रभावी होगी। फिलहाल अमर बाबू लेनोवो में सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और एशिया पैसिफिक के प्रेसिडेंट हैं। नए पद पर वह मोटोरोला के वैश्विक कारोबार, प्रीमियम सेगमेंट में विस्तार और इनोवेशन की जिम्मेदारी संभालेंगे।



ऑल इंडिया पेट्रोलियम डीलर वेलफेयर एसोसिएशन

मनोज जैन बने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और मध्यप्रदेश के अध्यक्ष

भोपाल। ऑल इंडिया पेट्रोलियम डीलर वेलफेयर एसोसिएशन ने मध्यप्रदेश के मनोज जैन को संगठन का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं मध्यप्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी। राष्ट्रीय अध्यक्ष बजारी सिंह ने नियुक्ति पत्र जारी कर उनके नाम की घोषणा की। नियुक्ति पत्र में विश्वास जताया गया है कि मनोज जैन संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाते हुए पेट्रोलियम डीलर्स के हितों और कल्याण के लिए सक्रियता एवं समर्पण से कार्य करेंगे। उनकी नियुक्ति पर भोपाल उत्सव मेला समिति के महामंत्री सुनील जैन जैनाविन सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों और शुभचिंतकों ने बधाई दीं।


मनोज जैन

टोयोटा ने पेश की इनोवा क्रिस्टा लिमो

नई दिल्ली। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने व्यावसायिक वाहन ग्राहकों के लिए इनोवा क्रिस्टा लिमो पेश की है। यह विशेष संस्करण जीएक्स -एसएलएफ श्रेणी में उपलब्ध होगा। इसमें 2.4 लीटर डीजल इंजन और मैनुअल गियरबॉक्स दिया गया है। यात्रियों के आराम के लिए इसमें कैप्टन सीटें, बेहतर वातानुकूलन और पर्याप्त जगह मिलती है। सुरक्षा के लिए सात एयरबैग, एंटी-लॉक ब्रेकिंग प्रणाली और वाहन स्थिरता नियंत्रण जैसे फीचर दिए गए हैं।

ज्वॉइंट कमिश्नर परिणीति ने कर सलाहकारों की समस्याएं सुनीं

भोपाल में 4 हजार से ज्यादा जीएसटी अपीलें लंबित

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

जीएसटी अपीलों के निराकरण में हो रही देरी से परेशान कर सलाहकारों और कारोबारियों के लिए केंद्रीय जीएसटी अपील कार्यालय ने एक महत्वपूर्ण रास्ता बताया है। अब यदि किसी लंबित अपील की सुनवाई प्राथमिकता से करवाना चाहते हैं तो संबंधित अपील नंबर के साथ विभाग के ईमेल appeal-bhopal@gov.in पर आवेदन भेज सकते हैं। विभाग इस आवेदन के आधार पर संबंधित अपील की सुनवाई जल्द कराने का प्रयास करेगा। यह जानकारी केंद्रीय जीएसटी अपील कार्यालय की ओर से आयोजित कर सलाहकारों के संवाद कार्यक्रम में ज्वॉइंट कमिश्नर परिणीति सुनकर ने दी। उन्होंने कर सलाहकारों की समस्याओं और अपीलों के निराकरण में आ रही व्यावहारिक दिक्कतों को सुना। साथ ही विभाग की ओर से आ रही चुनौतियों और प्रक्रियागत समस्याओं पर भी अपना पक्ष रखा।

- जल्द सुनवाई के लिए विभाग ने महत्वपूर्ण बताया रास्ता
- विभाग के ईमेल appeal-bhopal@gov.in पर आवेदन


ज्वॉइंट कमिश्नर परिणीति के साथ कर सलाहकारों के संवाद कार्यक्रम

अपील प्रक्रिया में आने वाली समस्याओं और सुझावों को किया साझा

कार्यक्रम में जीएसटी अपीलेट ट्रिब्यूनल बार एसोसिएशन के सचिव नवनीत गर्ग ने अपील दाखिल करने से लेकर उसकी सुनवाई और अंतिम निराकरण तक लगने वाले समय को लेकर कर सलाहकारों की चिंता सामने रखी। उन्होंने बताया कि भोपाल अपील कार्यालय में 4 हजार से अधिक अपीलें लंबित हैं। इतनी बड़ी संख्या में अपीलों के लंबित होने के कारण सुनवाई और निराकरण में समय लग रहा है। ज्वॉइंट कमिश्नर परिणीति सुनकर ने कहा कि विभाग भी लंबित अपीलों के जल्द निराकरण के लिए प्रयास कर रहा है। बड़ी संख्या में लंबित मामलों के बीच सुनवाई की प्रक्रिया पूरी करने में समय लग रहा है। उन्होंने कर सलाहकारों से अपील प्रक्रिया में आने वाली समस्याओं और सुझावों को साझा करने की बात कही। उन्होंने विशेष रूप से स्पष्ट किया कि जिन अपीलों की सुनवाई जल्दी करवाने की आवश्यकता है, उनके अपील नंबर के साथ विभाग के निर्धारित ईमेल पर आवेदन भेजा जा सकता है।

कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, जिला विदिशा (म.प्र.)
E-mail (deo.mpedvds@mp.gov.in)

विदिशा, दिनांक 5/11/26

-: विज्ञप्ति :-

आबकारी आयुक्त, मध्यप्रदेश ग्वालियर के पत्र कमांक/9-लेखा/बजट/2025-26/ई-1163732 ग्वालियर दिनांक 26.10.2026 द्वारा कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, जिला-विदिशा हेतु 02 अतिरिक्त वाहन अनुबंधित किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

उक्त पत्र के पालन में सर्वसाधारण एवं टेक्सी परमिट धारिता वाले ट्रेवल्स एजेंसी / फर्म / वाहनस्वामी की विशेष जानकारी हेतु प्रकाशित किया जाता है कि, कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, जिला-विदिशा के लिए संपूर्ण विदिशा जिले में आबकारी अपराध नियंत्रण, उपलंभन / प्रवर्तन कार्य हेतु शेष अवधि (दिनांक 18/11/2026 से 31/03/2027 तक) के लिये 02 (दो) अतिरिक्त चार पहिया वाहन अनुबंधित किया जाना है।

वाहन अनुबंध की कार्यवाही गठित समिति द्वारा NIC के पोर्टल (https://mptenders.gov.in) के माध्यम से की जावेगी। वाहन अनुबंधित की कार्यवाही निम्न कार्यकम अनुसार संपन्न की जावेगी:-

कार्यकम स्थल - कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, जिला-विदिशा,

1	ई-टेण्डर हेतु ऑन-लाईन टेण्डर प्रपत्र डाउनलोड एवं ऑफर सबमिट करने की तिथि एवं समय	दिनांक 05.11.2026 को प्रात 10:00 बजे से दिनांक 17.11.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक ।
2	समिति द्वारा ई-टेण्डर खोलने एवं निराकरण किये जाने की तिथि एवं समय	दिनांक 17.11.2026 को दोपहर 12:05 से कार्यवाही पूर्ण होने तक।

ई-टेण्डर के माध्यम से वाहन अनुबंध की प्रकिया, शर्ते एवं निर्बधन NIC के पोर्टल (https://mptenders.gov.in) से डाउनलोड की जा सकती है अथवा कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, जिला-विदिशा में कार्यालयीन दिवस / समय में आकर प्राप्त की जा सकती है।

टेक्सी परमिट धारिता वाले एजेंसी / फर्म/वाहनस्वामी ई-टेण्डर की प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे। उक्त जानकारी पोर्टल (https://mptenders.gov.in) के होमपेज पर लाईव टेंडर के ऑप्शन के अंतर्गत आबकारी विभाग का चयन कर, एडवांस सर्च के माध्यम से जिले को सिलेक्ट कर जानकारी प्राप्त कर सकता है। ई-टेण्डर की प्रक्रिया हेतु आवेदक का एमपी टेण्डर्स के पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन होना एवं डिजिटल सिग्नेचर होना अनिवार्य है। ई-टेण्डर की प्रक्रिया हेतु पोर्टल में पंजीयन करने, भुगतान प्रक्रिया तथा ई-टेण्डर प्रक्रिया से संबंधित जानकारी प्राप्त करने हेतु टेंडरदाता NIC के पोर्टल के हेल्प डेस्क नम्बर 0120-4001 002, 0120-4001 005 अथवा 0120-4493395 पर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालयीन समय में जानकारी प्राप्त कर सकता है। साथ ही ई-मेल आई.डी. mptenders@mpsedc.com & support&eproc@nic-in पर सूचित कर आवश्यक सहयोग प्राप्त कर सकता है।

जिला आबकारी अधिकारी
जिला -विदिशा (म.प्र.)

जी - 21098/26 स्वच्छता ही सेवा

POLICE TELECOMMUNICATION HEADQUARTER,
Madhya Pradesh, Bhopal
E-mail: ssp_radio@mppolice.gov.inoffice Phone No. 0755-2443674,

No. PDM/PUR-71-A/Spare Parts Tait/D-18680/2026, Date: 02/11/2026

-:Notice Inviting Tender:-

e-Tenders are invited by the Senior Superintendent of Police(Radio) MP Bhopal on behalf of DGP MP Bhopal for the following items: -

S. No.	ITEM NAME	QTY	Required EMD Rs.	Tender Fee Rs.
1	Surge Protection Device Tx	02		
2	Surge Protection Device Rx	02		
3	Pen Drive 128 GB	02		
4	Pen Drive 64 GB	05		
5	Tool Kit For TP 9400	01		
6	Tool Kit For TM 9400	01		
7	Force Kit (Tool Kit)	02		
8	N Male Connector For RG 58	100		
9	N FeMale Connector For RG 58	20		
10	N Male To Female Connector	25		
11	BNC Crimping Tool	02		
12	N Male Antenna Crimping Tool for LMR 400	02		
13	Antenna Connector preparation Tool for 7/8	01	2,24,000/-	6,000/-
14	BNC Connector	50		
15	N Male Connector For 1½ inch FSJ 4-50 Cable	10		
16	3 db Gain Antenna	50		
17	TB8000/9000 Spare Power Management Unit ACDC12 aux 12	02		
18	TB 9400 Spare Lin PA 762-870M 100W	02		
19	TB 9400 Spare Reciter 762-870M 100W	02		
20	TB 94 Spare Fit Pnl Assy 100W	02		
21	TB9400 Kit Cable Single 100W Replacement Cable Set	05		
22	8 Port Active Reciever Multicoupler, +12V DC	01		
23	TTA	01		
24	Servo Stablizer	01		
25	PCB Interconnect Board	01		
26	Series Comminer Tx Ch. Single, 740-960MHz, 168mm/6.625 in ½ Cavity & 150W Dual Stage Broadband Isolotor	05		

1 Cost of tender documents is Rs. 6,000/- (Tender fee) (Rupees Six Thousand only) which is non-refundable and cannot be exempted in any condition. Must be paid online at the time of filling e tender.
2. The EMD amount will have to be deposited online through the website https://www.mptenders.gov.in.
3. Tender documents can also be download from the website of MP Police (www.mppolice.gov.in).
4. The Tender Should be submitted online on website https://www.mptenders.gov.in and within scheduled date and time.
5. Schedule Date & Time:-

S.No.	Activity of tender	Date	Day	Time
1.	Documents Publish/download/Sale Start Date	02/11/2026	Monday	18:00 Hrs
2.	Bid Submission Start Date	03/11/2026	Tuesday	18:30 Hrs
3.	Bid Submission End Date	23/11/2026	Monday	15:00 Hrs
4.	Opening of PQ Bid	24/11/2026	Tuesday	15:10 Hrs

Samir Saurabh (IPS)
Senior Superintendent of Police (Radio)
M.P. Bhopal

जी-21101/26 स्वच्छता ही सेवा

चिंतन

कारोबारियों के हित में दुनिया में स्थिरता



आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

दुनिया का कारोबार युद्ध, टकराव और अनिश्चितता के सहारे नहीं, बल्कि शांति, स्थिरता और भरोसे के वातावरण में फलता-फूलता है। जब देशों के बीच तनाव बढ़ता है तो उसका असर केवल कूटनीतिक संबंधों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि कच्चे तेल की कीमतों से लेकर माल ढुलाई, उत्पादन लागत, निर्यात और निवेश तक दिखाई देता है। इसके विपरीत, दुनिया में स्थिरता की उम्मीद भी बाजारों में नई ऊर्जा भर देती है। इसलिए दुनिया में स्थिरता होना कारोबारियों के हित में है। धनतेरस से ठीक पहले भारतीय शेयर बाजार में आई जोरदार तेजी इसी बदलते वैश्विक माहौल का संकेत है। पांच नवंबर को सेंसेक्स का 2009 अंक उछलकर 79,310 पर बंद होना और निफ्टी का 576 अंक चढ़कर 24,537 के स्तर पर पहुंचना केवल आंकड़ों का उछाल नहीं है, बल्कि निवेशकों के लौटते भरोसे की अभिव्यक्ति भी है। इस तेजी के पीछे अंतरराष्ट्रीय राजनीति की भी अहम भूमिका है। अमेरिका के मध्यावधि चुनाव में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पार्टी को दोनों सदनों में झटका लगने से उनकी नीतियों और निर्णयों पर राजनीतिक अंकुश बढ़ने की संभावना है। इससे ट्रंप की मनमानी पर रोक लगेगी और दुनिया कुछ स्थिर हो सकेगी। अमेरिकी राजनीति में सत्ता के संतुलन का बदलना वैश्विक बाजारों के लिए काफी महत्वपूर्ण होता है। खासकर तब, जब दुनिया पहले से ही पश्चिम एशिया के तनाव और ईरान से जुड़े घटनाक्रमों को लेकर चिंतित हो। कच्चे तेल की कीमतों में आई नरमी भी भारत जैसे आयात निर्भर देश के लिए राहत का संकेत है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल महंगा होने से देश का आयात बिल बढ़ता है, रुपए पर दबाव आता है और महंगाई को हवा मिलती है। इसके उलट तेल की कीमतों में गिरावट से सरकार, उद्योग और आम उपभोक्ता तीनों को राहत मिल सकती है। परिवहन, बिजली, उर्वरक, रसायन और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों की लागत घटने से कारोबारी गतिविधियों को गति मिल सकती है। इसका लाभ अंततः रोजगार और मांग बढ़ने के रूप में भी सामने आ सकता है। शेयर बाजार के साथ ही सर्राफा बाजार में भी चमक देखने को मिली है। 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 2,328 रुपए चढ़कर करीब 1.44 लाख रुपए पर पहुंच गया, जबकि एक किलो चांदी 1,749 रुपए चढ़कर 1.88 लाख रुपए पर हो गई है। भारतीय बाजार की तेजी का एक घरेलू आधार भी है। सितंबर तिमाही के कंपनियों के बेहतर नतीजों ने निवेशकों का विश्वास बढ़ाया है। रिलायंस, इंफोसिस और टीसीएस जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में मजबूती ने बाजार को सहारा दिया। विदेशी निवेशकों की वापसी की उम्मीद और दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर में संभावित बदलाव की चर्चाओं ने भी निवेश धारणा को प्रभावित किया है। अमेरिकी मध्यावधि चुनाव का संदेश भी यही है कि लोकतांत्रिक संस्थाओं में संतुलन और जवाबदेही का महत्व केवल राजनीति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि आर्थिक निर्णयों और वैश्विक भरोसे को भी प्रभावित करता है। किसी एक देश की नीतियों का असर पूरी दुनिया पर पड़ सकता है। ऐसे में भारत के कारोबारियों के हित में यही होगा कि वैश्विक शक्तियां युद्ध और व्यापारिक टकराव के बजाय सहयोग का रास्ता अपनाएं। कारोबारियों के लिए सबसे बड़ा उपहार शेयर बाजार के कुछ हरे निशान नहीं, बल्कि दुनिया में शांति, स्थिरता और भरोसे का स्थायी माहौल है। बाजार की तेजी का उत्सव मनाने के साथ यह समझना जरूरी है कि स्थायी आर्थिक समृद्धि के लिए वैश्विक शांति, नीतिगत स्थिरता और घरेलू कारोबार के अनुकूल वातावरण अनिवार्य हैं।

डिजिटल विकास से शुभ-लाभ का परिदृश्य

दीपावली पर इस समय जब वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और आपूर्ति श्रृंखला की बाधाओं के कारण दुनिया के अधिकांश देशों में महंगाई और मुश्किलों के कारण निराशा का परिदृश्य है, तब भारत में आम आदमी डिजिटल व्यवस्था से जुड़ी जनकल्याण योजनाओं से पूरी तरह लाभान्वित होकर महंगाई एवं मुश्किलों का सफलतापूर्वक सामना करते हुए दिखाई दे रहा है। देश के गरीब वर्ग और छोटे किसान से लेकर संपूर्ण अर्थव्यवस्था तक के लिए शुभ-लाभ का परिदृश्य दिखाई दे रहा है। दीपावली की रोशनी में दिखाई दे रहे इस सकारात्मक परिदृश्य के पीछे भारत के डिजिटल विकास की अहम भूमिका है।

दीपावली पर इस समय जब वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और आपूर्ति श्रृंखला की बाधाओं के कारण दुनिया के अधिकांश देशों में महंगाई और मुश्किलों के कारण निराशा का परिदृश्य है, तब भारत में आम आदमी डिजिटल व्यवस्था से जुड़ी जनकल्याण योजनाओं से पूरी तरह लाभान्वित होकर महंगाई एवं मुश्किलों का सफलतापूर्वक सामना करते हुए दिखाई दे रहा है। देश के गरीब वर्ग और छोटे किसान से लेकर संपूर्ण अर्थव्यवस्था तक के लिए शुभ-लाभ का परिदृश्य दिखाई दे रहा है। दीपावली की रोशनी में दिखाई दे रहे इस सकारात्मक परिदृश्य के पीछे भारत के डिजिटल विकास की अहम भूमिका है। हाल ही में 3 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व बैंक की 'पॉवर्टी एंड इक्विटी ब्रीफ' रिपोर्ट के आंकड़ों का हवाला देते हुए पुणे में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि भारत गरीबी उन्मूलन के साथ आर्थिक रूप से तेजी से आगे बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वर्ष 2011 से 2023 के दौरान भारत में लगभग 50 करोड़ लोग अत्यधिक गरीबी के चक्रव्यूह से बाहर निकले हैं। इस अवधि में अत्यधिक गरीबी की दर 27 प्रतिशत से उल्लेखनीय रूप से घटकर मात्र 2.6 प्रतिशत रह गई है। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) और पारदर्शी नीतियों के कारण सरकारी योजनाओं का पैसा बिना किसी लीकेज या घोटाले के सीधे लाभार्थियों के खातों तक पहुंच रहा है। साथ ही डिजिटल प्रणाली के कारण भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की उभरते हुए देशों में सबसे तेजी से आगे बढ़ते हुए दिखाई दे रही है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत का मजबूत होता डिजिटल ढांचा भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था को नई शक्ति देते हुए आर्थिक प्रगति का इंजन बन गया है। हाल ही में प्रकाशित केयरएज ग्लोबल रेटिंग्स की ताजा रिपोर्ट ने यह सिद्ध कर दिया है कि भारत का डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) तंत्र दुनिया के 10 सबसे असरदार संरचनात्मक सुधारों में शामिल हो चुका है। वैश्विक स्तर पर 38 देशों के 43 प्रमुख सुधारों का गहन अध्ययन करने के बाद जारी की गई इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत के इस अभूतपूर्व डिजिटल ढांचे ने न केवल आम नागरिकों के लिए प्रशासनिक और बैंकिंग सेवाओं को सुलभ बनाया है, बल्कि लेन-देन की लागत में भी ऐतिहासिक कटौती की है। इस समावेशी डिजिटल तंत्र ने देश में वित्तीय समावेशन को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है और असंगठित एवं अनौपचारिक अर्थव्यवस्था के औपचारिकीकरण को एक तीव्र गति प्रदान की है। निसंदेह भारतीय अर्थव्यवस्था के तेज़ी से बदलते परिदृश्य में डिजिटल क्रांति अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। हाल ही में जारी 'स्टेट ऑफ इंडियाज डिजिटल इकोनॉमी 2026' रिपोर्ट—जिसे इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल इकोनॉमिक रिलेशंस (आईसीआरआईईआर) और अंग्रेजी प्रोसस द्वारा संयुक्त रूप से तैयार किया गया है, के अनुसार भारत अब विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी डिजिटल अर्थव्यवस्था बन गया है। इस रिपोर्ट से यह स्पष्ट रूप से उजागर होता है कि भारत ने अपनी डिजिटल कार्यक्षमता, नेटवर्क कवरेज और तकनीकी प्रदर्शन में



जर्मनी, फ्रांस, जापान और कनाडा जैसे कई विकसित राष्ट्रों को पीछे छोड़ दिया है। वर्तमान में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में डिजिटल अर्थव्यवस्था का योगदान लगभग 12 से 13 प्रतिशत है, जिसके आगामी एक दशक में बढ़कर 20 प्रतिशत होने का अनुमान है, जबकि भारत का डिजिटल रूप से प्रदत्त व्यापार (जैसे सॉफ्टवेयर, डेटा और क्लाउड सेवाएं) 328 अरब डॉलर के विशाल स्तर को पार कर चुका है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि भारत का डिजिटल विकास देश की आर्थिक प्रगति का नया आधार बन गया है। बीते एक दशक में भारत ने जिस तीव्र गति, दूरदर्शिता और नवाचार के साथ अपने डिजिटल तंत्र का विस्तार किया है, उसने देश के आर्थिक और सामाजिक परिदृश्य को पूरी तरह बदलकर रख दिया है। 'डिजिटल इंडिया' अभियान से आरंभ हुई यह यात्रा आज दुनिया के सबसे बड़े और सबसे सफल 'डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना' के निर्माण तक पहुँच चुकी है। जहां दुनिया के कई विकसित देश डिजिटल ढांचा तैयार करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, वहीं भारत के इस अभूतपूर्व डिजिटल अभियान की मजबूत रीढ़ 'इंडिया स्टैक' है। यह तीन प्रमुख और परस्पर जुड़े स्तंभों- आधार (सर्वस्वीकृत बायोमेट्रिक पहचान), यूपीआई तथा डिजीलॉकर एवं अकाउंट एग्रीगेटर पर टिका हुआ है। इस तकनीकी रीढ़ को जमीनी स्तर पर मजबूती देने में 'जैम ट्रिनिटी' (जन धन, आधार और मोबाइल) की भूमिका ऐतिहासिक रही है। इसने देश के करोड़ों असंगठित, निर्धन और वंचित नागरिकों को सीधे मुख्यधारा की औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा है। सस्ते हाई-स्पीड इंटरनेट डेटा, 5जी नेटवर्क के तीव्र प्रसार और किफायती स्मार्टफोन की व्यापक उपलब्धता ने इस डिजिटल ढांचे को देश के अंतिम गांव तक पहुंचा दिया है। निश्चित रूप से भारत की डिजिटल प्रणाली की सफलता का मूल कारण विभिन्न सरकारी संस्थानों, नियामकों, बैंकों और तकनीकी संस्थाओं के बीच का बेहतर तालमेल और रणनीतिक सहयोग रहा है।

भारत के डिजिटल बुनियादी ढांचे की सफलता का सबसे व्यापक और सकारात्मक प्रभाव सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र तथा छोटे व्यापारियों पर देखा गया है। इससे व्यापार में पारदर्शिता बढ़ी है और देश का कर आधार व्यापक हुआ है। डिजिटल विकास ने भारत को विश्व का तीसरा सबसे बड़ा 'स्टार्टअप ईकोसिस्टम' बना दिया है। फिनटेक, एड-टेक, हेल्थ-टेक और एग्री-टेक जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय स्टार्टअप्स न केवल क्रांतिकारी तकनीकी सुविधाएं प्रदान कर रहे हैं, बल्कि बड़े पैमाने पर नए रोजगार सृजित कर भारी मात्रा में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) भी आकर्षित कर रहे हैं। इसके साथ ही, 'डिजिटल वाणिज्य के लिए खुला नेटवर्क' (ओएनडीसी) जैसी दूरदर्शी पहलों ने ई-कॉमर्स क्षेत्र में बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के एकाधिकार को सीधी चुनौती दी है। निश्चित रूप से डिजिटल कनेक्टिविटी के कारण अब टियर-2 और टियर-3 शहरों तथा ग्रामीण इलाकों के उद्यमी देश की मुख्यधारा की जीडीपी वृद्धि में अपना सक्रिय योगदान दे रहे हैं। उम्मीद करें कि भारत 'इंडिया एआई मिशन' के तहत कृत्रिम बुद्धिमत्ता में भारी निवेश, 6जी अनुसंधान में अग्रणी भूमिका, सेमीकंडक्टर निर्माण के माध्यम से हार्डवेयर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और सुरक्षित डेटा भंडारण के लिए विशाल डेटा सेंटरों का निर्माण तेजी से बढ़ाएगा। उम्मीद करें कि सरकार डिजिटल बढ़त को लंबे समय तक बनाए रखने के लिए साइबर सुरक्षा को और अधिक अभेद्य बनाने, डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन अधिनियम का जमीनी स्तर पर प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने और ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल साक्षरता को बढ़ाने की राह पर तेजी से आगे बढ़ेगी।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

धनतेरस विशेष
बाल मुकुन्द ओझा



पहला सुख निरोगी काया दूसरा सुख घर में माया

भा पहला सुख निरोगी काया, दूसरा सुख घर में माया। इसी माहात्म्य को दृष्टिगत रखते हुए धनतेरस का महापर्व हम धूमधाम से मनाते है। इस वर्ष धनतेरस पांच दिन तक चलने वाले दिवाली पर्व का पहला दिन है। यह पर्व उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और सुख-समृद्धि की मंगलकामना का प्रतीक है। हिंदू धर्म में धनतेरस के त्योहार का बड़ा महत्व है। कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर आने वाला ये त्योहार इस साल 6 नवम्बर को मनाया जा रहा है। हिंदू पंचांग के अनुसार इस वर्ष त्रयोदशी तिथि 6 नवंबर को सुबह 10 बजकर 30 मिनट से शुरू होकर 7 नवंबर की सुबह 10 बजकर 47 मिनट तक रहेगी। ऐसे में धनतेरस का पर्व 6 नवंबर, शुक्रवार को मनाया जाएगा। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान धन्वंतरि सागर मंथन के दौरान हाथ में कलश लिए उत्पन्न हुए थे। भगवान धन्वंतरि आयुर्वेद जगत् के प्रणेता तथा वैद्यक शास्त्र के देवता माने जाते हैं। धनतेरस को स्वास्थ्य के देवता धन्वंतरि का दिवस माना जाता है।

धन्वंतरि आरोग्य, सेहत, आयु और तेज के आराध्य देवता हैं। माना जाता है कि यदि धनतेरस के दिन विधिपूर्वक भगवान धन्वंतरि की पूजा की जाए तो वे प्रसन्न होकर आशीर्वाद देते हैं। ऐसे में परिवार के लोग निरोगी रहते हैं। स्कंद पुराण के मुताबिक समुद्र मंथन से भगवान धन्वंतरि प्रकट हुए थे। जब वह प्रकट हुए तो उनके हाथ में अमृत कलश और पीतल के आभूषण थे। इसलिए धनतेरस पर भगवान की पूजा के साथ बर्तन या किसी पीली धातु को जरूर खरीदा जाता है। भगवान धन्वंतरि विष्णु के अवतार थे और जब समुद्र मंथन हुआ था तो भगवान धन्वंतरि के साथ शरद पूर्णिमा को चंद्रमा, कार्तिक द्वादशी के दिन कामधेनु गाय, त्रयोदशी के दिन धन्वंतरि, चतुर्दशी के दिन मां काली और अमावस्या के दिन मां लक्ष्मी का जन्म हुआ था। इसलिए दिवाली से पूर्व धनतेरस मनाया जाता है। यह सर्वविदित है कि जहां स्वास्थ्य होता है वहीं लक्ष्मी का वास इसलिए भगवान धनवंतरि की जहां पूजा होती है, मां लक्ष्मी वहां अपने आप आ जाती हैं, ऐसा पौराणिक मान्यताओं में कहा गया है। इसलिए धनतेरस पर धनवंतरि, कुबेर और लक्ष्मी मां की पूजा जरूर करनी चाहिए। भारत में कई मंदिरों को भगवान धन्वंतरि मंदिर के रूप में बनाया गया है। तमिलनाडु के वालाजपत में श्री धन्वंतरि आरोग्यपीदम मंदिर स्थापित है। इस आरोग्य मंदिर का निर्माण श्रीमुरलीधरस्वामिगल ने करवाया था। मध्य प्रदेश के मंदसौर में स्थापित तक्षकेश्वर मंदिर में नागराज तक्षक और आरोग्य देव धन्वंतरि की मूर्ति स्थापित है। इस मंदिर के निर्माण के पीछे महाराज परीक्षित की सर्प काटने से मृत्यु और फिर उनके पुत्र जन्मेजय द्वारा नागों से प्रतिशोध की पौराणिक कथा जुड़ी है। कोयंबटूर में स्थित श्री धन्वंतरी मंदिर तमिलनाडु में एक और लोकप्रिय भगवान धन्वंतरी जी का मंदिर है।

भगवान धन्वंतरि के सबसे प्रमुख और प्राचीन मंदिरों में से एक है नेल्लुवाई का धन्वंतरि मंदिर। किंवदंती में कहा गया है कि मंदिर में मूर्ति अश्विनी देवों द्वारा स्थापित की गई थी और यह वही मूर्ति थी जिसकी श्री द्वारा पूजा की जाती थी। पेरिंगवे में श्री धन्वंतरि मंदिर केरल में त्रिशूर शहर के बाहरी इलाके में स्थित एक और पुराना धन्वंतरि मंदिर है। मंदिर का गर्भगृह 2 मंजिलों के साथ गोल आकार में बनाया गया है, जो अन्य केरल शैली की वास्तुकला के विपरीत एक दुर्लभ डिजाइन है। थोट्टूवा श्री धन्वंतरि मंदिर भारत के कुछ भगवान धन्वंतरि मंदिरों में से एक है। इस मंदिर के पीठासीन देवता धन्वंतरि हैं और उनकी मूर्ति लगभग छह फीट लंबी और पूर्व की ओर उन्मुख है। श्री रुद्र धन्वंतरि मंदिर जो लगभग 3500 वर्ष पुराना है, पुलमंथोले के केंद्र में स्थित है। मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में स्थित राजबाड़ा के पास आड़ा बाजार में भगवान धन्वंतरि का 180 साल पुराना मंदिर है, जहां धनतेरस पर बड़ी संख्या में इंदौर के अधिकतर वैद्य और अन्य लोग दर्शन के लिए सुबह से आना शुरू हो जाते हैं। भारत के पूर्वी तट पर पूर्वी गोदावरी क्षेत्र में एक धन्वंतरि मंदिर है।

यह आंध्र प्रदेश का सबसे पहला धन्वंतरि को समर्पित मंदिर है। धनतेरस पर लोग अपने घरों में दीपक जलाते हैं। भगवान धन्वंतरि की पूजा करते हैं। पौराणिक मान्यता है जो भी धनतेरस पर भगवान कुबेर, मां लक्ष्मी संग धन्वंतरि की पूजा करता है, उसका घर हमेशा धन-धान्य, सुख-सुविधा और वैभव से परिपूर्ण रहता है। धनतेरस पर ज्यादातर लोग सोने-चांदी से बनी चीजों को प्रमुखता से खरीदते हैं और इसके लिए शुभ मुहूर्त पर विचार करते हैं। धनतेरस पर शुभ मुहूर्त में सोने-चांदी से बने बर्तन या आभूषण खरीदने पर बहुत ही शुभ परिणाम प्राप्त होता है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

ज्ञान का अभिषेक



संकलित
दर्शन

अखिल ब्रह्मांड ईश्वर का स्वरूप है। श्रावण मास में बरस रही जलधारा ही ऐसी प्रतीत होती है मानो प्रकृति इस धरा का अभिषेक कर रही है। प्रकृति के इसी कृत्य का अनुकरण हम मानव भी करते हैं। श्रावण मास में हम भी शिवलिंग पर जल चढ़ा कर अपने आपको ईश्वर के उसी कृत्य के साथ जोड़ लेते हैं। ईश्वर अथवा प्रकृति के गुणों को अपनाना सदाचार है। श्रावण मास हमें यह अवसर देता है। जल जीवन है और यह धरती को पुनर्जीवित करता है। वर्षा से प्रकृति पनपती है। तपती हुई धरती पर जब वर्षा होती है तो उसे शीतलता का आभास होता है। वनस्पतियां उगने लगती हैं। पेड़ों पर नए पत्ते लगने लगते हैं। जैसे श्रावण में लोगों को गर्मी से राहत मिलती है, वैसे ही ज्ञान के श्रवण से मन को पीड़ा और बेचैनी से राहत मिलती है। श्रावण में लोग एकत्रित होकर ज्ञान-श्रवण करते हैं। दिव्य कथाएं सुनते हैं। ईश्वर का गुणगान करते हैं, जिससे उन्हें संतोष प्राप्त होता है। जब मन पर ज्ञान का अभिषेक होता है, तो मन शांत और शीतल हो जाता है। श्रावण को सबसे पवित्र महीना माना जाता है, क्योंकि यह अनेक धार्मिक उत्सवों और पर्वों को अपने साथ लाता है। हिंदू कैलेंडर में श्रावण मास भगवान शिव को समर्पित है। शिव परिवर्तन के लिए उत्तरदायी ऊर्जा हैं। शिव जीवन के मार्ग की बाधाओं को दूर करने वाले हैं। वह पुरातन को विनष्ट कर नूतन के लिए मार्ग प्रशस्त करते हैं। शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं। कैलाश का अर्थ ही है कि जहां केवल उत्सव हो, केवल आनंद हो।

मृत्यु के बाद के साथी



संकलित
प्रेरणा

एक व्यक्ति के तीन घनिष्ठ मित्र थे। उन्होंने जीवन भर उसका साथ निभाया। जब वह मरने की अवस्था के निकट पहुंचा तो अपने मित्रों को पास बुलाकर बोला- अब मेरा अंतिम समय आ गया है। तुम लोगों ने आजीवन मेरा साथ दिया है। मृत्यु के बाद भी क्या तुम लोग मेरा साथ दोगे? पहला मित्र बोला- मैंने जीवन भर तुम्हारा साथ निभाया। लेकिन अब मैं बेबस हूं। इससे आगे अब मैं तुम्हारी कोई मदद नहीं कर सकता हूं। दूसरा मित्र बोला- मैं मृत्यु को नहीं रोक सकता। मैंने आजीवन तुम्हारा हर परिस्थिति में साथ दिया है। तुम्हारे जाने के बाद, मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि तुम्हारी अंतिम संस्कार की प्रक्रिया यथावत संपन्न हो। तीसरा मित्र बोला- मित्र! तुम तनिक भी चिंता मत करो, मैं मृत्यु के बाद भी तुम्हारा साथ दूंगा, तुम जहाँ भी जाओगे, मैं तुम्हारे साथ रहूंगा। मनुष्य के ये तीन घनिष्ट मित्र हैं- धन, परिवार एवं कर्म। इन तीनों में से मनुष्य के कर्म ही मृत्यु के बाद भी उसका साथ निभाते हैं। धन समय के साथ यहां छूट जाता है। उसे मनुष्य मृत्यु के बाद अपने साथ नहीं ले जा सकता। यही स्थिति परिवार की होती है। मृत्यु के बाद व्यक्ति के साथ उसका परिवार भी नहीं जाता। सिर्फ इस संसार में किए गए अच्छे कर्म ही मृत्यु के उपरान्त उसके साथ जाते हैं।

सटाका



आज की पाती

गलत खान-पान का शिकार होता दिल

स्वास्थ्य ही सच्चा धन होता है, लेकिन अफसोस आज हमने आधुनिकता और भौतिकतावाद की अंधी दौड़ में इस सच्चे धन की परवाह करना ही छोड़ दिया है, इस कारण आज दुनिया में जानलेवा बीमारियों का दायरा बढ़ता जा रहा है, विशेषज्ञ बताते हैं कि दुनियाभर में बहुत से लोगों की मौत हार्ट अटैक से होती है। आज दुनियाभर में दिल की बीमारी के मरीजों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है और इसका शिकार अब उम्रदराज लोग ही नहीं, बल्कि युवा और बच्चे भी हो रहे हैं। अगर दिल की बीमारियों से बचना है तो इसके लिए सबसे पहले अपने खान-पान और जीवनशैली पर ध्यान देना होगा, चिंता और तनाव से बचना होगा, प्रकृति के साथ जुड़ना होगा और साफ सफाई का भी ख्याल रखना होगा। - *मोनिका, करनाल*

ट्रेंड

श्रद्धांजलि



भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की पुण्यतिथि पर उन्हें मेरी श्रद्धांजलि। अपने हृदयस्पर्शी संगीत के माध्यम से, उन्होंने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का बहुत ही सुंदर ढंग से जश्न मनाया।
- **जेपी नड्डा,** केंद्रीय स्वास्थ्यमंत्री

लोकतंत्र राष्ट्रीय शक्ति



लोकतंत्र हमारी राष्ट्रीय शक्ति है, जो जनता के विश्वास, संवैधानिक नियमों के पालन और जनादेश के सम्मान पर टिकी है। 'इंडिया' गठबंधन, जिन्हें जनता ने नकार दिया है, भारत के महान लोकतंत्र को अराजकता, अस्थिरता और अव्यवस्था की आग में झोंकने की लगातार कोशिश कर रहे है। - **योगी आदित्यनाथ,** सीएम, यूपी

बेटियों का स्वाभिमान



दिल्ली पुलिस द्वारा अंकिता भंडारी के माता-पिता के साथ की गई बर्बरता, अमानवीय व्यवहार ने पूरे देश की बेटियों के स्वाभिमान को झकझोर कर रख दिया है। भाजपा के संवेदनहीन शासक कब तक चुप रहेंगे? क्या बेटी के लिए न्याय माँगना कोई अपराध है?
- **डिंपल यादव,** सांसद, सपा

युवाओं में प्रतिभा



देश के युवाओं में प्रतिभा, क्षमता और राष्ट्र के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा है, लेकिन भाजपा सरकार उनकी इस क्षमता को पहचानने और उसका सही इस्तेमाल करने में विफल रही है। 'अग्निपथ' योजना इसका सबसे बड़ा उदाहरण है।
- **सचिन पायलट,** पूर्व केंद्रीय मंत्री

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

करंट अफेयर

इथियोपिया ने दिया सूडान के दूतावास को बंद करने का आदेश

इथियोपिया ने सूडान से सटी सीमा के निकट स्थित अपने पश्चिमी शहर असोसा में सूडान के वाणिज्य दूतावास के छह कर्मचारियों को निष्कासित कर दिया है और दूतावास को बंद करने का आदेश दिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस घटनाक्रम को दोनों अफ्रीकी देशों के बीच बढ़ते कूटनीतिक तनाव के रूप में देखा जा रहा है। यह कदम सूडान के उन आरोपों के बीच उठाया गया है, जिनमें उसने कहा था कि उसके बुनियादी ढांचे को निशाना बना रहे ड्रोन इथियोपिया के क्षेत्र से उड़ाए जा रहे हैं। सूडानी कर्मचारियों का निष्कासन इथियोपिया द्वारा एक अक्टूबर को इरीट्रिया के 10 राजनयिकों को देश छोड़ने का आदेश देने और वहां स्थित अपना दूतावास बंद करने के फैसले के बाद हुआ है। इसके जवाब में इरीट्रिया ने इथियोपिया के साथ कूटनीतिक संबंध तोड़ लिए थे। इथियोपिया ने पिछले महीने मिस्र के एक राजनयिक को भी निष्कासित किया था। नील नदी पर इथियोपिया द्वारा बनाए गए विशाल बांध को लेकर मिस्र के साथ उसके संबंध लंबे समय से तनावपूर्ण रहे हैं। मिस्र को आशंका है कि इस बांध से उसकी जलापूर्ति प्रभावित हो सकती है। इथियोपिया के एक खुफिया अधिकारी ने नाम गोपनीय रखने की शर्त पर बताया कि सूडान के वाणिज्य दूतावास के छह कर्मचारियों को देश छोड़ने के लिए 48 घंटे का समय दिया गया था।



ऑफ बीट

कुछ ब्लैक होल दूसरों से बड़े क्यों होते हैं

ब्लैक होल घने खगोलीय पिंड होते हैं, जिनका गुरुत्वाकर्षण इतना मजबूत होता है कि कुछ भी खुद में समेट लेते हैं, यहां तक कि प्रकाश भी, इससे बच नहीं सकता है। जो कुछ भी ब्लैक होल के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव की सीमा को पार करेगा, वह ब्लैक होल में गिर जाएगा। इस गहरे, घने गड्ढे के अंदर, इसे फिर कभी नहीं देखा जा सकेगा। ब्लैक होल ब्रह्मांड में यहां-वहां फैले रहते हैं। हमारी आकाशगंगा जैसी आकाशगंगाओं में कुछ छोटे ब्लैक होल बेतरतीब ढंग से बिखरे हुए हैं। अन्य विशाल ब्लैक होल, जिन्हें 'सुपरमैसिव' ब्लैक होल कहा जाता है, आकाशगंगाओं के केंद्र में स्थित हैं। इनका वजन हमारे सूर्य के द्रव्यमान से दस लाख से एक अरब गुना तक हो सकता है। तो आप सोच रहे होंगे: खगोलशास्त्री संभवतः इतनी अंधेरी और इतनी बड़ी चीज़ कैसे देख सकते हैं? मैं एक खगोलशास्त्री हूं जो हमारे ब्रह्मांड में बने पहले सुपरमैसिव ब्लैक होल का अध्ययन करता है। मैं यह समझना चाहता हूं कि ब्लैक होल कैसे बनते हैं और वे किस प्रकार के खगोलीय माहौल में विकसित होते हैं। दो प्रसिद्ध वैज्ञानिकों, अल्बर्ट आइंस्टीन और कार्ल श्वार्ज़चाइल्ड ने सबसे पहले ब्लैक होल का विचार प्रस्तुत किया था।





न्यू मार्केट में सफाई कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन।

85 वार्डों में सफाई व्यवस्था ठप 400 से ज्यादा कचरा गाड़ियां खड़ीं चूना भट्टी में कचरे में लगाई आग

सफाईकर्मियों की हड़ताल से सड़कों पर कचरे के ढेर लगे, अब पानी बंद करने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल से शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। लगातार दूसरे दिन घरों से कचरा नहीं उठा। नतीजा यह है कि सड़कों, बाजारों और रहवासी इलाकों में कचरे के ढेर लगने लगे हैं। डस्टबिन भरने के बाद कचरा सड़कों पर फैल रहा है। हालात यह हैं कि कुछ जगह लोग और दुकानदार कचरा उठाने के बजाय उसमें आग लगा रहे हैं। चूना भट्टी में कचरे के ढेर में आग लगा दी गई। इससे आसपास रहने वाले लोगों को धुएं और बदबू का सामना करना पड़ रहा है। हड़ताल का असर अब केवल सफाई तक सीमित नहीं है।

कर्मचारियों ने शुक्रवार से पानी की सप्लाई बंद करने की चेतावनी दी है। इससे शहर के 2.30 लाख से ज्यादा नल कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं के सामने पेयजल संकट खड़ा होने का खतरा है। वहीं, गुरुवार को कर्मचारियों ने नगर निगम मुख्यालय अटल भवन की बिजली सप्लाई बंद कर ताला लगा दिया।

गाड़ियां गार्बेज स्टेशनों पर खड़ी, सफाई कर्मी हड़ताल पर

शहर के सभी 85 वार्डों और 21 जोन में सफाई व्यवस्था प्रभावित है। करीब 11 हजार दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी हड़ताल पर हैं। इनमें सफाईकर्मियों के अलावा जलप्रदाय, बिजली, फायर, उद्यान, अतिक्रमण और अन्य विभागों के कर्मचारी भी शामिल हैं। घरों से कचरा उठाने वाली 400 से ज्यादा गाड़ियां गार्बेज स्टेशनों पर खड़ी हैं। सामान्य दिनों में ये गाड़ियां दो से तीन चक्कर लगाती हैं, लेकिन हड़ताल के कारण कचरा घरों से उठ नहीं पा रहा है। शहर से रोजाना करीब 850 टन कचरा निकलता है। ऐसे में दो दिन से सफाई नहीं होने के कारण कई इलाकों में गंदगी बढ़ गई है।

नगर निगम मुख्यालय की बिजली काटकर लगाया ताला



चौक बाजार में कचरे का ढेर।

कर्मचारियों की मांगों पर नहीं बनी सहमति

हड़ताल खत्म कराने के लिए कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों ने नगरीय प्रशासन विभाग के एसीएस संजय दुबे से मुलाकात की, लेकिन बातचीत में कोई समाधान नहीं निकला। कर्मचारी न्यूनतम वेतन 25 हजार रुपए करने, नियमित करने, सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने और ठेका प्रथा खत्म करने सहित अन्य मांगें कर रहे हैं। उनका कहना है कि मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। अब शुक्रवार से पानी की सप्लाई बंद करने की चेतावनी ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है।

लिंक रोड से एमपी नगर तक कचरे का लगा ढेर

लिंक रोड नंबर-1 पर पेट्रोल पंप के सामने डस्टबिन का कचरा सड़क पर फैल गया है। पांच नंबर स्टॉप, सात नंबर स्थित एमपी नगर एसडीएम कार्यालय के सामने, शिवाजी नगर और तुलसी नगर में भी कचरे के ढेर लगे हैं। रहवासियों का कहना है कि दो दिन से कचरा गाड़ी नहीं आई। न्यू मार्केट सहित कई बाजारों में व्यापारियों को खुद सफाई करानी पड़ रही है। बुधवार को व्यापारियों ने वॉलंटियर्स की मदद से सफाई कराई।

तत्काल टिकटों पर दलालों की नजर, रेलवे ने बढ़ाया निगरानी का जाल

दीपावली पर ट्रेनों में सीटों का संकट, ट्रेनें खचाखच

रिजर्वेशन काउंटर से लेकर स्टेशन परिसर तक रहेगी नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दीपावली और छठ पर घर पहुंचने के लिए ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ गई है। रेल यात्रियों के सामने सबसे बड़ी चुनौती कन्फर्म टिकट हासिल करना है। भोपाल से गुजरने वाली अधिकांश प्रमुख ट्रेनों में सीटें भर चुकी हैं और कई ट्रेनों में लंबी वेटिंग चल रही है। ऐसे में तत्काल कोटे की कुछ सीटों के लिए भी यात्रियों को जद्दोजहद करनी पड़ रही है।

टिकटों की इस बढ़ती मांग के बीच अवैध तरीके से टिकट हासिल कर बेचने वाले दलालों की सक्रियता की आशंका भी बढ़ गई है। यात्रियों की परेशानी का फायदा कोई न उठा सके, इसके लिए भोपाल रेल मंडल ने निगरानी व्यवस्था सख्त कर दी है। आरपीएफ ने विशेष टीमें बनाकर रिजर्वेशन कार्यालयों और आसपास के इलाकों में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने की तैयारी की है।

◆रेलवे स्टेशनों पर उमड़ रही भीड़, भीड़ संभालने आरपीएफ-जीआरपी ने संभाला मोर्चा



भोपाल रेलवे स्टेशन पर मुसाफिरों की भीड़।

टिकट काउंटर पर नजर संदिग्धों की होगी पहचान

तत्काल टिकटों की बुकिंग के समय रिजर्वेशन कार्यालयों में विशेष निगरानी रखी जाएगी। वहां लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के जरिए भी संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। आरपीएफ और जीआरपी के जवान टिकट दलालों की पहचान के लिए निगरानी करेंगे।

दलालों की कुंडली खंगालेगी एसआईबी

टिकटों की अवैध बुकिंग और बिक्री पर कार्रवाई के लिए आरपीएफ की स्पेशल इन्वेस्टिगेटिव ब्रांच (एसआईबी) को भी सक्रिय किया गया है। अतिरिक्त टीमों के जरिए टिकट एजेंटों और संदिग्ध लोगों की गतिविधियों की जानकारी जुटाई जाएगी।

स्टेशनों पर भीड़ संभालने सुरक्षा का अभ्यास

त्योहारी दिनों में स्टेशन पर अचानक बढ़ने वाली भीड़ से निपटने के लिए आरपीएफ और जीआरपी ने मॉकड्रिल कर सुरक्षा इंतजामों को परखा। यात्रियों को एक जगह व्यवस्थित रखने और प्लेटफॉर्म पर अनावश्यक भीड़ रोकने के लिए होल्डिंग एरिया तैयार किए गए हैं। सुरक्षा बलों के जवानों को अलग-अलग शिफ्ट में जिम्मेदारी सौंपी गई है। स्टेशन परिसर में डॉग स्क्वायड के जरिए जांच भी की जा रही है, ताकि संदिग्ध वस्तुओं और गतिविधियों पर समय रहते कार्रवाई की जा सके।

शाम होते ही बढ़ेगा यात्रियों का दबाव: शुक्रवार को स्कूलों के साथ सरकारी और निजी कार्यालयों में भी अवकाश शुरू होने के कारण भोपाल और रानी कमलापति स्टेशन पर यात्रियों की संख्या बढ़ने की संभावना है। अनुमान है कि शाम करीब 5 बजे के बाद घर जाने वाले यात्रियों की आवाजाही तेज होगी। ट्रेनों के प्रस्थान समय के आसपास प्लेटफॉर्म और प्रवेश-निकास द्वारों पर दबाव बढ़ सकता है।

बीयू से दानिश नगर तक 3 किमी लंबा ट्रैफिक जाम, न्यू मार्केट से रवींद्र भवन तक भी यातायात बेहाल

धनतेरस से पहले बाजारों में उमड़ी भीड़, सड़कों पर थम गई रफ्तार, घंटों जाम में फंसे वाहन चालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

धनतेरस और दीपावली की खरीदारी के लिए बाजारों में उमड़ी भीड़ ने शहर की यातायात व्यवस्था की रफ्तार थाम दी। यातायात पुलिस की ओर से विशेष ट्रैफिक प्लान और पार्किंग व्यवस्था तय किए जाने के बावजूद धनतेरस से एक दिन पहले गुरुवार को शहर के कई प्रमुख मार्गों पर जाम के हालात बन गए। सुबह से शाम तक बाजारों में बढ़ती भीड़ के बीच सड़कों पर वाहनों का दबाव इतना बढ़ा कि कई जगह वाहन चालकों को चंद किलोमीटर का सफर तय करने में एक से दो घंटे तक लग गए। सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए और लोग घंटों जाम में फंसे रहे। न्यू मार्केट, रोशनपुरा, रविंद्र भवन रोड, पुलिस कंट्रोल रूम, पीएचक्यू मार्ग, जहांगीराबाद, जनकपुरी, हनुमानगंज, जुमेराती और बैरागढ़ रोड सहित शहर के कई प्रमुख बाजारों के आसपास यातायात प्रभावित रहा। कई स्थानों पर आधा से एक किलोमीटर तक वाहनों की कतारें लग गईं। यातायात पुलिस को व्यवस्था संभालने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी।



बीयू से दानिश नगर तक जाम।



रवींद्र भवन रोड पर जाम।

वाहनों की कतारों में घंटों फंसे रहे शहर के लोग

गुरुवार शाम ऑफिसों की छुट्टी और त्योहार की खरीदारी के लिए निकले लोगों के कारण बीयू से बागसेवनिया थाना चौराहे और दानिश नगर तक यातायात का दबाव बढ़ गया। शाम 5 से 8 बजे के बीच करीब तीन किलोमीटर के दायरे में जाम की स्थिति बन गई। इस दौरान हजारों वाहन कतारों में फंसे रहे और वाहन चालकों को निकलने में काफी परेशानी हुई। बागसेवनिया थाना चौराहे पर हालात ऐसे थे कि टीआई सहित चार-पांच यातायात जवानों को यातायात सुचारू कराने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। इसी तरह रविंद्र भवन रोड पर भी घंटों वाहन जाम में फंसे रहे। त्योहार की खरीदारी के लिए निकले लोगों को बाजारों तक पहुंचने और वापस लौटने में काफी समय लगा।

बरखेड़ा अवधपुरी रोड पर गुरुद्वारे के पास 20 फीट ऊंचा उठा फव्वारा

सुबह फूटी नर्मदा पाइपलाइन, चार घंटे सड़क पर बहता रहा लाखों लीटर पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर में एक ओर लोग पानी की समस्या से परेशान हैं, वहीं दूसरी ओर नगर निगम की लापरवाही से लाखों लीटर पीने का पानी सड़क पर बहकर बर्बाद होता रहा।

दोपहर एक बजे के बाद निगम ने बंद कराई सप्लाई

ब र खे ड़ा अवधपुरी रोड पर गुरुद्वारे के पास गुरुवार सुबह नर्मदा जल सप्लाई की पाइपलाइन अचानक फूट गई।

पाइपलाइन से पानी इतनी तेज गति से निकला कि करीब 20 फीट ऊंचा फव्वारा उठने लगा। देखते ही देखते सड़क पर पानी भर गया और बड़ी मात्रा में पेयजल नालियों और आसपास की खाली जगहों में बहने लगा।



बरखेड़ा अवधपुरी रोड पर फूटी नर्मदा पाइपलाइन।

चार घंटे तक नहीं पहुंची निगम की टीम

स्थानीय लोगों के अनुसार, सुबह पाइपलाइन फूटते ही नगर निगम को इसकी सूचना दे दी गई थी। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी और मरम्मत टीम मौके पर नहीं पहुंची। करीब चार घंटे तक पाइपलाइन से लगातार पानी बहता रहा। इस दौरान सड़क पर पानी फैलता रहा और लाखों लीटर पेयजल बर्बाद हो गया। पानी का तेज बहाव आसपास की झाड़ियों और पेड़-पौधों तक पहुंच गया। रहवासियों का कहना है कि समय पर टीम पहुंच जाती तो पानी की बर्बादी रोकी जा सकती थी।

दोपहर एक बजे बंद हुई सप्लाई

सुबह से बह रहे पानी को रोकने के लिए निगम की ओर से दोपहर करीब एक बजे के बाद सप्लाई बंद कराई गई। इसके बाद पानी का बहाव रुका। सवाल यह है कि जब पाइपलाइन फूटने की सूचना सुबह ही मिल गई थी।

तेरह हजार आपत्तियों पर होगा मंथन, एक जैसी आपत्तियों पर एक दिन में होगी सुनवाई

हुजूर तहसील में 90 दिन चलेगी मास्टर प्लान के दावे-आपत्तियों की सुनवाई, अफसर सुनेंगे समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल के नए मास्टर प्लान को लेकर एक कदम फिर आगे बढ़ गया है। एक महीने में ऑनलाइन और ऑफलाइन आरइं करीब 13 हजार आपत्तियों की सुनवाई को लेकर दिन, जगह और सुनवाई की व्यवस्था तय कर ली गई है। जिसके तहत 16 नवंबर से लालघाटी स्थित हुजूर तहसील के नए भवन में सुनवाई की जाएगी। यहां पर अगले 90 दिनों में एडीएम प्रकाश नायक और टीएंडसीपी के अफसर निराकरण करेंगे। खास बात यह है कि आपत्तिकर्ताओं को बुलाकर उनसे बातचीत भी की जाएगी। जबकि उपस्थित नहीं होने वाले लोग वीडियो कांफ्रेंस से भी सुनवाई कर सकते हैं।

मास्टर प्लान-2047 के ड्राफ्ट पर आईं आपत्तियों को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही तरीकों से सुना जाएगा। गुरुवार को कलेक्टोरेट में सांसद आलोक शर्मा समेत विधायक व अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में सुनवाई के संबंध में चर्चा की गई। सांसद ने कहा कि एक जैसी आपत्तियों को मर्ज कर लिया जाए, जिससे इन आपत्तिकर्ताओं की सुनवाई एक साथ की जा सकेगी। उन्होंने अफसरों से कहा कि प्रत्येक आपत्तिकर्ता को बुलाकर उसकी बात सुनी जाए, जिससे भोपाल के मास्टर प्लॉन को सभी की सहमति से लागू किया जा सके।

आपत्तिकर्ता खुद आकर बता सकेगा वीडियो कांफ्रेंस की भी रहेगी सुविधा

सांसद-विधायक और जनप्रतिनिधियों ने रखे सुझाव



मास्टर प्लान की बैठक में चर्चारत जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी।

तीन हजार आपत्तियों को किया मर्ज

25 अक्टूबर तक आपत्तियां लेने के बाद 16 हजार से ज्यादा आपत्तियां मिली। हालांकि, करीब 3 हजार आपत्तियां ऐसी थीं, जो एक से अधिक बार दी गई थी। यानी, किसी एक व्यक्ति ने ऑनलाइन आपत्ति भी दर्ज करा दी और ऑफलाइन भी दस्तावेज दे दिए। इसके चलते इन्हें हटा दिया गया। आपत्तियों की संख्या अब करीब 13 हजार हो गई हैं।

फंदा के 66 गांवों में बड़े तालाब के प्रतिबंधित जोन हटाने की मांग

मास्टर प्लॉन को लेकर फंदा ब्लॉक के 66 गांवों के किसान बड़े तालाब किनारे की जमीनों पर निर्माण नहीं करने को लेकर नाराज हैं। जिसको लेकर उन्होंने मांग रखी है कि उनकी कृषि भूमि का उपयोग खेती के लिए ही सुरक्षित रखा जाए। किसान अनोखीमान सिंह पटेल ने बताया कि किसानों के पास आजीविका का प्रमुख साधन खेती है। इसलिए उन्होंने भोजताल संरक्षण जोन-1 और जोन-2 को हटाने और कृषि भूमि का लैंडयूज कृषि ही रखने की मांग की है।

11 फायर स्टेशनों पर 30 दमकल वाहन और 22 पानी के टैंकर रहेंगे तैयार, पुराने शहर की संकरी गलियों के लिए छोटे फायर वाहन भी लगाए जाएंगे

पटाखा मार्केट में तैनात रहेंगी दमकलें, दिवाली की रात 400 से ज्यादा कर्मचारी करेंगे डबल शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दिवाली पर पटाखों की बिक्री और आतिशबाजी के दौरान आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए नगर निगम ने अग्निशमन व्यवस्था को लेकर तैयारी की है। त्योहार की रात शहर में आग लगने की किसी भी घटना से निपटने के लिए 400 से ज्यादा निगम कर्मचारियों की ड्यूटी डबल शिफ्ट में लगाई गई है। वहीं, शहर के 11 फायर स्टेशनों पर दमकल वाहन और पानी के टैंकर तैयार रखे जाएंगे। पटाखा बाजारों में भी विशेष निगरानी की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक पटाखा मार्केट में एक दमकल वाहन तैनात रहेगा, ताकि आग लगने पर शुरुआती समय में ही उस पर काबू पाया जा सके।



हलालपुर पटाखा बाजार में तैनात फायर ब्रिगेड।

11 फायर स्टेशनों पर रहेंगे 30 दमकल वाहन

नगर निगम के अग्निशमन विभाग ने शहर के 11 फायर स्टेशनों पर 30 दमकल वाहन और पानी से भरे 22 टैंकर तैयार रखने की व्यवस्था की है। सूचना मिलते ही संबंधित फायर स्टेशन से टीम को घटनास्थल के लिए रवाना किया जाएगा। इसके अलावा पटाखों की बिक्री वाले बाजारों में दमकल वाहन 24 घंटे तैनात रहेंगे। न्यू मार्केट सहित पुराने शहर के पटाखा बाजारों में भी अग्निशमन दल की ड्यूटी लगाई जा रही है।

संकरी गलियों में छोटे वाहन पहुंचेंगे

पुराने भोपाल के बाजारों और रिहायशी इलाकों में कई जगह सड़कें और गलियां काफी संकरी हैं। ऐसे स्थानों पर बड़े दमकल वाहनों को पहुंचने में परेशानी हो सकती है। इसे देखते हुए निगम ने छोटे फायर वाहनों की व्यवस्था भी की है। इन वाहनों की मदद से संकरी गलियों में आग लगने की स्थिति में जल्दी पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया जा सकेगा।

दुकानदारों को भी दी जा रही समझाइश

- पटाखा दुकानों के आसपास आग से बचाव के इंतजामों पर नजर रखी जाएगी। निगम की ओर से बाजारों में जागरूकता पर्चे बांटकर लोगों और दुकानदारों को सावधानी बरतने की समझाइश दी जा रही है। लोगों से अपील की जा रही है कि पटाखे खुले और सुरक्षित स्थान पर चलाएं और दुकानों के आसपास ज्वलनशील सामग्री न रखें।
- फायर ऑफिसर सौरभ पटेल के मुताबिक, दिवाली के दौरान फायर अमले को अलर्ट रखा गया है। प्रत्येक पटाखा मार्केट में दमकल वाहन तैनात रहेगा। शहर के सभी फायर स्टेशनों पर वाहन और पानी के टैंकर तैयार रहेंगे, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई की जा सके।

बांस की कलाकृतियों से सजा रहे दीपावली का संसार, पर्यावरण संरक्षण का दे रहे संदेश

'बम्बू मैन भोपाल' धर्मेंद्र रोहर पारंपरिक शिल्प को आधुनिक डिजाइन से जोड़कर बना रहे 105 तरह की आकर्षक कलाकृतियां


धर्मेंद्र रोहर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दीपावली पर घरों को सजाने के लिए बाजारों में तरह-तरह के सजावटी सामान उपलब्ध हैं, लेकिन प्राकृतिक सामग्री से बनी कलाकृतियां अपनी अलग पहचान बना रही हैं। भोपाल 'बम्बू मैन भोपाल' धर्मेंद्र रोहर अपने हुनर से बांस और अन्य प्राकृतिक सामग्रियों को खूबसूरत सजावटी वस्तुओं का रूप दे रहे हैं। उनकी द्वारा बांस से बनाई तोरण, लटकन, लैंप और आकर्षक सजावटी वस्तुएं न केवल घरों की सुंदरता बढ़ाती हैं, बल्कि पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाने का संदेश भी देती हैं। प्लास्टिक और कृत्रिम सजावटी सामान के बीच धर्मेंद्र की कलाकृतियां प्राकृतिक सजावट का बेहतर विकल्प प्रस्तुत करती हैं। वे बांस के साथ वेस्ट मटेरियल का भी रचनात्मक उपयोग करते हैं, धर्मेंद्र ने कहा कि मेरा प्रयास है कि त्योहारों की सजावट में प्राकृतिक उत्पादों को प्राथमिकता मिले और स्थानीय शिल्पकारों को प्रोत्साहन मिले।



105 तरह की कलाकृतियों में हुनर की झलक

धर्मेंद्र अब तक बांस शिल्प की 105 प्रकार की कलाकृतियां अलग-अलग डिजाइनों में तैयार कर चुके हैं। हर त्योहार और अवसर के अनुसार वे नए प्रयोग करते हैं। उनकी खासियत साधारण बांस को अपनी कल्पनाशीलता और मेहनत से सुंदर एवं उपयोगी कलाकृति में बदलना है।

धर्मेंद्र 95 कार्यशालाएं कर चुके आयोजित

बांस शिल्प को नई पीढ़ी से जोड़ने के लिए धर्मेंद्र अब तक 95 कार्यशालाएं आयोजित कर चुके हैं। इनमें स्कूली और कॉलेज विद्यार्थियों के साथ दिव्यांग बच्चे और महिलाएं भी शामिल हुए हैं। उनका मानना है कि पारंपरिक कला को नए प्रयोगों से जोड़कर ही उसे आने वाली पीढ़ियों तक जीवित रखा जा सकता है।

फाइनल कॉम्पिटीशन में हरिओम जटिया ने विजेताओं को किया सम्मानित

गरिमा मिस और खुशबू मिसेज कैटेगरी में बनी मिस एंड मिसेज मप्र सीजन-4 की विजेता



क्लॉडिया सेसला और चांदनी भगवानी रहीं सेलिब्रिटी जूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

फैशन, ग्लैमर, आत्मविश्वास और नारी शक्ति के खूबसूरत संगम के बीच मिस एंड मिसेज मध्य प्रदेश सीजन-4 का भव्य ग्रैंड फिनाले ताज लेकफ्रंट होटल में आयोजित किया गया। द पेजेंट इंडिया कंपनी की ओर से आयोजित इस कॉम्पिटीशन में मप्र के विभिन्न जिलों से आईं करीब 50 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा, व्यक्तित्व और आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन किया। रैंप पर आकर्षक अंदाज, स्टाइलिश प्रस्तुतियों और खूबसूरत परिधानों ने शाम को फैशन के रंगों से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दिलीप सूर्यवंशी और विशिष्ट अतिथि सेलिब्रिटी प्रमोटर, एक्सीलेंसी टाइम्स एंटरटेन्मेंट के प्रबंध संचालक हरिओम जाटिया उपस्थित हुए। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया। जूरी पैनल में अमानत सिंह चौहान सहित कई प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल रहीं। वहीं, क्लॉडिया सेसला और चांदनी भगवानी ने सेलिब्रिटी जूरी के रूप में सहभागिता की।





सपनों को दी नई उड़ान

शो की संयोजक फरहा अनवर ने कहा कि इस सीजन में बड़े शहरों के साथ-साथ छोटे शहरों और गांवों की महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी की। करीब 50 प्रतिभागियों की मौजूदगी यह दर्शाती है कि मध्य प्रदेश की महिलाएं अब अपने सपनों को नई उड़ान देने और अपनी पहचान राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों तक पहुंचाने के लिए आगे आ रही हैं।

आकांक्षा जैसवाल मिसेज मप्र गोल्ड विनर

प्रतियोगिता गरिमा गोस्वामी ने अपनी प्रतिभा और प्रभावशाली प्रस्तुति के दम पर मिस मप्र का ताज अपने नाम किया। वहीं, मिसेज कैटेगरी में खुशबू गुप्ता मिसेज मप्र सिल्वर विनर और आकांक्षा जैसवाल मिसेज मप्र गोल्ड विनर बनीं। विजेताओं की क्राउनिंग के दौरान दर्शकों ने तालियों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया।



चंदनपुरा नगर वन में प्रकृति अध्ययन भ्रमण का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

क्षेत्रीय प्रकृति विज्ञान संग्रहालय द्वारा चंदनपुरा नगर वन में प्रकृति अध्ययन भ्रमण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मप्र के 05 विद्यालयों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों सहित कुल 32 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस कार्यक्रम के दौरान सुनील कुमार सिन्हा ने चंदनपुरा नगर वन पाये जाने वाले चिरौंजी, तेंदू, चन्दन, पलाश, कत्था, अर्जुन, साजा, आंवला, अमलतास, गधा पलाश, कुसुम, मरोड़फली, हारसिंगार आदि के पेड़ों के पास प्रतिभागियों को ले जाकर, इन पेड़ों को पहचानने का तरीका तथा इनसे मानव एवं प्रकृति को मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तार से बताया। इनके अतिरिक्त प्रतिभागियों ने इस नगर वन में बुलबुल,कोयल, बैबलर, शिकरा आदि पक्षियों, तितलियों एवं ड्रैगनफ़्लाई को देखा तथा उनके बारे में जानकारी प्राप्त किया।



वाल्मीकि जयंती पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद् की हुई काव्य गोष्ठी

भोपाल। अखिल भारतीय साहित्य परिषद् द्वारा वाल्मीकि जयंती के अवसर पर विश्व संवाद केंद्र में साहित्यिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार श्रीराम माहेश्वरी, वरिष्ठ गीतकार पुरुषोत्तम तिवारी 'साहित्यार्थी' एवं वरिष्ठ गीतकार सीमा शर्मा का सानिध्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर राम तिवारी ने भगवान श्रीराम के व्यक्तित्व को समाज के लिए अनुकरणीय बताते हुए कहा कि हमारे ग्रंथ रामायण और गीता हमें आचार-विचार तथा जीवन में सही मार्ग पर चलने का मार्गदर्शन देते हैं। वरिष्ठ गीतकार पुरुषोत्तम तिवारी ने कहा कि श्रीराम के नाम का जप जीव का उद्धार कर देता है। उन्होंने अपना गीत मेरी अंखियां निहार रही डगर-डगर, रघुवर कब तक पधारोगे तुम हमारे नगर प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

हिंदी भवन में 'शब्द मंदिर' मासिक पत्रिका का विमोचन करते हुए बोले विकास दवे



संपादक का काम है चुनौतीपूर्ण, उन्हें रचना चयन करते समय होना चाहिए निर्मम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

संपादक का काम चुनौतीपूर्ण पूर्ण होता है, संपादक को रचना चयन करते समय निर्मम होना चाहिए, आज साहित्य जगत में एक महत्वपूर्ण पत्रिका 'शब्द मंदिर' अपने सृजकों पाठकों के मध्य आ रही है, इसकी सफलता हेतु अग्रिम शुभकामनाएं और बधाई। यह उदगार हैं डॉ. विकास दवे मंत्री संचालक मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति का, वे हिंदी भवन में 'शब्द मंदिर' पत्रिका के विमोचन कार्यकम की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। आयोजन के मुख्य अतिथि भगवानदास सबनानी विधायक ने कहा कि साहित्यिक पत्र पत्रिकाएं हमारे लिए दीप स्तंभ है, आज का दिन साहित्य संस्कृति के लिए महत्वपूर्ण है आज एक पत्रिका का जन्म हो रहा है, पत्रिका दीर्घजीवी हो और अपने लक्ष्य को पाने में सफल हो। सारस्वत अतिथि रघुनंदन शर्मा पूर्व सांसद एवं कार्याध्यक्ष मानस भवन भोपाल ने कहा कि पत्रिका अपने नाम को सार्थक करते हुए साहित्य में संस्कृति राष्ट्रप्रेम आचरण में शुचिता की प्रतिनिधि पत्रिका बने।

108 दिन में 6000 से अधिक पौधे रोपकर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मां और प्रकृति के प्रति समर्पण का संदेश देते एक पेड़ मां के नाम अभियान के 108 दिवसीय संकल्प की पूर्णता पर गुरुवार को रवींद्र भवन में राष्ट्र धर्म सेवा संकल्प समारोह आयोजित किया गया। दादागुरु भगवान की प्रेरणा से शुरू हुए इस अभियान में 1188 पौधे लगाने का लक्ष्य था, लेकिन जनभागीदारी से 6000 से अधिक पौधों का रोपण किया गया। भोपाल के 84 पार्षद क्षेत्रों से शुरू हुआ अभियान आसपास के कई जिलों तक पहुंचा। समारोह में 1200 से अधिक लोगों ने सहभागिता की। दादागुरु भगवान ने कहा कि 108 दिनों का संकल्प पूरा हुआ है, लेकिन पौधों को पेड़ बनने तक सहेजने का दायित्व निरंतर निभाना होगा। इस अवसर पर मंत्री विश्वास सारंग, विधायक रामेश्वर शर्मा और महापौर मालती राय सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। अभियान में योगदान देने वाले 50 से अधिक पार्षदों को सम्मानित भी किया गया।





दीपों की रोशनी में सजा विद्यालय, बच्चों ने दीप मंत्र, चौपाइयों से किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सरस्वती विद्या मंदिर में आठवीं कक्षा तक के बच्चों ने अपनी क्लास को दीपावली की थीम पर डेकोरेट किया। सभी ने दीप जलाकर दीप मंत्र बोला स्वागत गीत प्रस्तुत किया साथ ही रामायण की चौपाइयों का भी पाठ किया। बच्चों ने सरस्वती के साथ-साथ लक्ष्मी की भी आराधना की जिसमें सुधा दुबे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थी। उन्होंने दीपावली मनाने का कारण, रामायण और रामचरितमानस का अंतर तथा बच्चों को सुरक्षित दीपावली मनाने का आग्रह किया।

सरस्वती विद्या मंदिर में आठवीं तक के बच्चों ने क्लास को दिवाली थीम पर सजाया

सेलिब्रेशन

बच्चो, दो दिन बाद दीवाली है। दीवाली सेलिब्रेशन की तुमने पूरी प्लानिंग कर ली होगी। तुम्हारी ही तरह चाइल्ड आर्टिस्ट्स भी दीवाली खूब मन से सेलिब्रेट करते हैं। यहां टीवी के कुछ चाइल्ड आर्टिस्ट्स **बालभूमि** के साथ शेयर कर रहे हैं, अपनी दीवाली सेलिब्रेशन की प्लानिंग। साथ ही एक स्वीट मेमोरी के बारे में भी बता रहे हैं।

दीवाली सबकी खुशियों वाली



प्यार और रोशनी से भरें अपने जीवन को: हरिति जोशी



सन नियो चैनल के शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' में हरिति जोशी तारा का रोल निभा रही है। इस रोल में दर्शक उसे खूब पसंद कर रहे हैं। दीवाली का त्योहार हरिति को बहुत पसंद है। वह इस दिन को किस तरह सेलिब्रेट करती है, इस बार दीवाली को लेकर उसकी क्या खास प्लानिंग है, वह बताती है, 'मैं दीवाली अपने परिवार के साथ दीये जलाकर, मिठाइयां बांटकर, खूब सारी मस्ती के साथ मनाती हूं। इस बार भी घर को सजाने और सबके साथ खुशियां बांटने की स्पेशल तैयारी है।' हरिति को अपने परिवार के साथ दीवाली सेलिब्रेट करना बहुत अच्छा लगता है। वह बताती है, 'मेरी सबसे मेमोरेबल दीवाली वह होती है, जब मैं इसे पूरी फैमिली के साथ मिलकर सेलिब्रेट करती हूं। हम साथ मिलकर दीये जलाते हैं, पटाखे छुड़ाते हैं, ढेर सारी फोटोज खींचते हैं, खूब एंज्वॉय करते हैं।' दीवाली पर हरिति कुछ ऐसा जरूर करना चाहती है, जिससे दूसरों को भी दीवाली की खुशी मिल सके। वह बताती है, 'इस दिन मैं जरूरतमंद लोगों की मदद करके, उनके साथ मिठाइयां बांटकर और उनके चेहरों पर मुस्कान लाकर दीवाली की खुशियां बांटना चाहती हूं।' बालभूमि के पाठकों के लिए हरिति का मैसेज है, 'सभी दोस्तों को मेरी तरफ से हैप्पी दीवाली!'*

सबके चेहरे पर होनी चाहिए स्माइलः भूमि रामोला



इन दिनों भूमि रामोला, सोनी सब के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में तितली के किरदार में दिख रही है। दीवाली का नाम सुनते ही वह उत्साह से भर उठती है। चहकते हुए भूमि बताती है, 'मुझे दीवाली का त्योहार बहुत पसंद है। घर में लाइट्स लगाना, दीये सजाना और रंगोली बनाना, ये सब करना मुझे बहुत भाता है। हर बार की तरह इस बार भी दीवाली पर मैं मम्मी-पापा के साथ मिलकर घर सजाऊंगी और पूजा करूंगी। मुझे बहुत अच्छा लगता है, जब दीवाली पर पूरा घर लाइट्स से चमकता है। हम सब परिवार के लोग साथ में होते हैं।' भूमि दीवाली से जुड़ा एक मेमोरेबल इंसिडेंट भी बताती है, 'एक बार दीवाली पर मैंने आग में पटाखा-गन वाली गोली डाल दी थी। एक आवाज के साथ आग एकाएक तेज से जली। इस आग में मेरा लहंगा जल गया। उस दिन मुझे समझ में आ गया कि पटाखों का गलत इस्तेमाल कितना खतरनाक हो सकता है। अब मैं दीवाली पर पटाखे नहीं जलाती। अब मुझे दीये सजाना, घर डेकोरेट करना और परिवार के साथ पूजा करना ज्यादा अच्छा लगता है।' हम सबको दीवाली पर ऐसा कुछ खास क्या करना चाहिए, जिससे दूसरों के घरों में भी खुशियों का उजाला फैले? पूछने पर भूमि बताती है, 'मुझे अपनी चीजें दूसरों के साथ शेयर करना अच्छा लगता है।



अगर मैं किसी की मदद कर सकूं या किसी को हंसा सकूं, तो मुझे बहुत खुशी होती है। मुझे लगता है कि दीवाली पर सबके चेहरे पर स्माइल होनी चाहिए, सबके साथ खुशियां बांटनी चाहिए!' 'बालभूमि' के अपने दोस्तों के लिए भूमि का मैसेज है, 'दीवाली पर खूब मस्ती करें, मिठाइयां खाएं और अपने परिवार के साथ खुशियां मनाएं। लेकिन पटाखे न जलाएं, क्योंकि उनसे एनिमल्स डर जाते हैं और पॉल्यूशन भी फैलता है। दीवाली पर आप खूब सारे दीये सजाएं, सबके साथ खुशियां बांटें और हमेशा खुश रहें, यही विशेज है! हैप्पी दीपावली!'*

जरूरतमंदों की करें मदद-बांटें खुशियांः सुभाष सिंह



सोनी सब के शो 'हस्तिनापुर के वीर' में भीम का किरदार निभा रहें सुभाष सिंह को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। वह दीवाली सेलिब्रेशन के बारे में बताता है, 'मैं यह त्योहार अपने परिवार के साथ बहुत खुशी से मनाता हूं। हम घर की साफ-सफाई करते हैं, शाम को रंगोली बनाते हैं, दीये जलाते हैं, मां लक्ष्मी-गणेश जी की पूजा करते हैं।' दीवाली से रिलेटेड किसी स्पेशल मेमोरी के बारे में पूछने पर सुभाष बताता है, 'मेरे लिए तो दीवाली से जुड़ी हर मेमोरी स्पेशल होती है। फैमिली मेंबर्स के साथ मिलकर घर सजाना, रंगोली बनाना और पूजा करना, ये सब मेरे लिए मेमोरेबल मोमेंट्स होते हैं। जब पूरा घर दीयों की रोशनी से जगमगा उठता है, सबके चेहरों पर मुस्कान होती है, तो वह पल मेरे लिए बहुत खास होता है।' दीवाली खुशियां मनाने के साथ-साथ खुशियां बांटने का भी पर्व है। इसके लिए सुभाष क्या करता है, वह बताता हैं, 'मेरी कोशिश रहती है कि दीवाली पर जरूरतमंद लोगों की मदद करूं। उनके साथ मिठाइयां और दीवाली से जुड़ी चीजें बांटूं। दीवाली का असली अर्थ सिर्फ अपने घर को रोशन करना नहीं, दूसरों के जीवन में भी खुशियों का उजाला फैलाना है।' दीवाली पर 'बालभूमि' के अपने दोस्तों के लिए सुभाष का मैसेज है, 'आप सभी की जिंदगी प्यार, खुशियों और सफलता की रोशनी से जगमगाती रहे। खूब खुशियां बांटिए।'* **प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स**



एंज्वॉयमेंट/ शिखर चंद जैन

बच्चो, दीपावली पर हर साल तुम दीये जलाते हो, पटाखे-फुलझड़ियां भी छुड़ाते हो। क्यों न इस बार कुछ अलग तरह से दीपावली सेलिब्रेट करो, कुछ आइडियाज।

कुछ अलग तरीके से इस बार मनाओ दीपावली



बच्चो, दीवाली केवल पटाखे छुड़ाने, मिठाइयां खाने का ही त्योहार नहीं है। यह तो एक ऐसा जगमगाता पर्व है, जो हमारे आस-पास के माहौल को खुशियों से भर सकता है। इसके लिए तुम्हें कुछ नए तरीके से दीपावली मनानी होगी।

सजाओ प्यारे दीयेः दीपावली पर हर बार बाजार से दीये लाकर तुम जलाते ही हो। इस बार बाजार से मिट्टी के सादे दीये लाओ। लेकिन उन्हें अपने हाथों से कलर करो। कुछ दीयों पर छोटे-छोटे स्माइली भी बना सकते हो। जब तुम्हारे हाथों से सजे दीये रोशन होंगे तो तुमको अलग ही खुशी मिलेगी।

प्रेजेंट करो ग्रेटिट्यूड कार्डः दीवाली की रात पूजा के बाद अपने मम्मी-पापा को अपने हाथों से बना एक 'थैंक यू' कार्ड देना। उसमें लिखना कि उन्होंने पूरे साल तुम्हारे लिए जो कुछ किया, उसके लिए तुम उनके प्रति बहुत थैंकफुल हो। यकीनन, यह कार्ड देखकर वे बहुत खुश हो जाएंगे।

नो-साउंड लाइट शोः दीपावली की रात को पटाखे जलाकर शोर-शराबा करने के बजाय, घर की छत या टेरेस पर सभी दोस्त इकट्ठे हो जाओ। सब अपनी-अपनी बनाई रंग-बिरंगी लालटेन या ईको-फ्रेंडली कैंडल्स लाएं। धीमी आवाज में पसंदीदा संगीत चलाएं, गद्दे बिछाकर आसमान के तारों को देखें और जगमग रोशनी के नीचे एक-दूसरे को मजेदार कहानियां या चुटकुले सुनाएं।

बुजुर्ग पड़ोसियों की केयर करोः तुम्हारे पड़ोस में ऐसे कुछ बुजुर्ग दादा-दादी रहते होंगे, जिनके बच्चे बाहर रहते हैं या जो अकेले हैं। दीवाली के दिन कम से कम आधा घंटा उनके घर जाकर बिताओ। उनके पुराने दिनों की दीवाली की कहानियां सुनो, उनके साथ दीये जलाओ और अगर किसी काम में कोई दिक्कत हो रही हो, तो उनकी मदद करो। इससे उन्हें बहुत खुशी मिलेगी, उनकी भी दीपावली हैप्पी हो जाएगी।

बेजुबान जानवरों का रखो ध्यानः पटाखों के धमाकों से कुत्ते, बिल्लियां और पक्षी बहुत ज्यादा डर जाते हैं। इस बार दीवाली पर अपने आस-पास के बेजुबान जानवरों के लिए अपने घर के बाहर पानी का बर्तन रखो और उनके छुपने के लिए कोई सुरक्षित जगह बना सकते हो। दोस्तों को भी समझाओ कि जानवरों के पास पटाखे न चलाएं।*

कविता / दिनेश विजयवर्गीय

फुलझड़ी



दीवाली के दीप जले
फुलझड़ी के फूल खिले
चुन्नू-मुन्नू छोटे बच्चे
बस चलाते फुलझड़ी।
आसमान के तारों सी
फूल खिलाती फुलझड़ी
सब बच्चों का मन मुस्काती
प्रकाश फैलाती फुलझड़ी।
पापा चलाते बम-पटाखे
नहीं चलाते फुलझड़ी
हमसे कहते दूर रहो
बस चलाओ फुलझड़ी।

यहां-वहां घूम-घूम कर
खूब चलाते फुलझड़ी
दादा-दादी खुश हो जाते
जब फूल खिलाती फुलझड़ी।

बूझो तो जानें



1 दो अक्षर का है मेरा नाम,
घर रोशन करना मेरा काम।
देखकर मुझको तम भागे है,
घर-आंगन के भाग जागे हैं।

2 घर-आंगन में सजती है,
जीवन में रंग भरती है,
छटा इसकी निराली है,
मन को खूब लुभाती है।

3 दिखता हूं मैं सीधा-सादा,
पर चलता हूं टेढ़ा-मेढ़ा
धरती से है नाता तोड़ा,
मैंने नभ से नाता जोड़ा।

- नलिन खोईवाल

उत्तर: 1. दीया, 2. रंगोली, 3. पतंग



जीके क्विज-230

1. एक दिवसीय क्रिकेट में सबसे तेज दोहरा शतक किसने बनाया है?
2. भारत के वर्तमान कृषि मंत्री कौन हैं?
3. हाल में ही किसे देश का नया वायुसेना प्रमुख नियुक्त किया गया है?
4. डूरंड कप का संबंध किस खेल से है?
5. एवरेस्ट के शिखर तक पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला कौन थी?
6. शांति निकेतन की स्थापना किसने की थी?
7. कोणार्क का सूर्य मंदिर किस प्रदेश में स्थित है?
8. कार्तिक पूर्णिमा को किस महान संत की जयंती मनाते हैं?
9. पृथ्वी अपने अक्ष पर कितने डिग्री झुकी हुई है?
10. आग बुझाने के लिए मुख्यत: किस गैस का इस्तेमाल किया जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-230 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-229 का उत्तरः 1.पैरा शूटिंग, 2.गाजियाबाद और वाराणसी, 3.एस. जयशंकर, 4.ग्यानीमीड, 5.कार्वन डाईऑक्साइड, 6.मध्य प्रदेश, 7.खान अब्दुल गफ्फार खान, 8.ह्वांग-हो, 9.रांची, 10.24 अक्टूबर

जीके क्विज-229 का सही उत्तर देने वालेः ईशान-बस्तर, अदिति-दुर्ग, काव्या-जींद, आर्यन-भोपाल, जूही-कटनी, नितिन-कोंडागांव, राघव-जशपुर, प्रीतिमा-रोहतक, अग्रिम-जबलपुर, टीना-जींद, पंखुड़ी-रायपुर, एकाग्र-बिलासपुर, प्रत्यूष-सतना, पूजा-दिल्ली, पाखी-भिलाई, सुमन-रायगढ़



कहानी
हरीश कुमार 'अमित'

दीवाली की सुबह नितिन के दादा जी को एकाएक बहुत जोर से खांसी शुरू हो गई। उन्हें प्रदूषण के कारण अस्थमा का अटैक हुआ था। घर के सभी लोग दादा जी को लेकर चिंचित हो गए। नितिन ने सिर्फ चिंता ही नहीं की, तुरंत इस समस्या का समाधान पापा को सुझाया। यह सुझाव इतना अच्छा था, दादा जी के लिए दीवाली का बहुत उपयोगी उपहार बना।

दीवाली गिफ्ट



दीवाली की सुबह नितिन की नींद खुली तो वह बिस्तर में लेटे-लेटे आज खरीदे जाने वाले पटाखों के बारे में सोचने लगा। नाश्ता करने के बाद उसे पापा के साथ पटाखे खरीदने बाजार जाना था। तभी नितिन को उसे उसी कमरे में सो रहे दादा जी की खांसी की आवाज सुनाई दी। उन्हें अस्थमा (दमा) की बीमारी है, इसलिए उन्हें अकसर खांसी आया करती है, जो आमतौर पर थोड़ी देर बाद शांत हो जाती है, लेकिन इस बार उनकी खांसी न तो रुकी और न ही कम हुई।

नितिन समझ गया, दादा जी को अस्थमा का दौरा पड़ा है। वह झट बिस्तर से उतरा और मम्मी-पापा के कमरे में जाकर उन्हें दादा जी के खांसने वाली बात बताई। मम्मी-पापा तुरंत दादा जी के पास पहुंचे। वह बहुत ज्यादा खांस रहे थे। पापा ने जल्दी से दादा जी की वह दवा दी, जो ऐसी हालत होने पर देने के लिए डॉक्टर ने कह रखा है। दवा लेने के कुछ देर बाद दादा जी की खांसी काबू में आ गई। वह बिस्तर पर लेट गए।

'प्रदूषण की वजह से पिता जी की ऐसी हालत ही हो जाती है।' पापा बोले।

'दीवाली के कारण इन दिनों बढ़ भी तो गया है न प्रदूषण।' मम्मी बोलीं।

'अभी तो रात तक देखना और कितना बढ़ जाएगा प्रदूषण, जब लोग चलाएंगे पटाखे।' पापा ने कहा तो नितिन बोला, 'पापा, कल स्कूल में विज्ञान के सर प्रदूषण वाला पाठ पढ़ाते हुए बता रहे थे कि एयर प्यूरीफायर लगाने से भी प्रदूषण से बचाव होता है। इसलिए क्यों न घर में एयर प्यूरीफायर लगवा लें। इससे दादा जी को अस्थमा से आराम मिलेगा।'

नितिन की बात सुनकर पापा कुछ पल तक सोचते रहे फिर बोले, 'तुम्हारी बात सही है बेटा, लेकिन एयर प्यूरीफायर कोई दो-चार सौ रुपए का तो आता नहीं, जो तुरंत जाकर खरीद लिया जाए। इस पर तो हजारों रुपए लगते हैं। इसलिए इसे खरीदने के लिए पहले पैसों का प्रबंध करना पड़ेगा।' 'अभी तो दीवाली का ही इतना खर्चा है।' मम्मी कहने लगीं। 'एयर प्यूरीफायर खरीदने की बात तो मेरे दिमाग में भी है, पर इसके लिए पैसा बच ही नहीं पाता। चलो, बाद में खरीद लेंगे कभी।' मजबूरी भरे स्वर में पापा बोले।

पापा की बात सुनकर नितिन कुछ देर तक सोचता रहा जैसे किसी असमंजस में हो। फिर सधी हुई आवाज में बोला,'पापा, आज दीवाली पर मुझे जो पटाखे लेने हैं, अगर वो न लूं तो इससे कुछ पैसे बच सकते हैं न।'

'पर तुम्हारे आठ-नौ सौ रुपए के पटाखे न खरीदने से तो नहीं लिया जा सकता न एयर प्यूरीफायर!' कहते हुए पापा हल्के-से मुस्कुरा पड़े।

'मेरी गुल्लक में भी तो हैं कुछ रुपए!' नितिन हार मानने को तैयार नहीं था।

'लेकिन उसमें भी कितने होंगे बेटू! हजार-डेढ़ हजार से ज्यादा कहां होंगे।' मम्मी बोल उठीं।

बिस्तर पर लेटे हुए दादा जी सारी बातें सुन रहे थे, वह बोले, 'दो-अढ़ाई हजार तो मेरे पास भी निकल आएंगे।' 'मेरे पास तो जो थोड़े-बहुत रुपए थे, सब खर्च हो गए त्योहारों पर!' मम्मी मन मसोस कर बोलीं।

यह सब सुनकर पापा ने कहा, 'लेकिन इतने रुपयों से तो आ नहीं पाएगा एयर प्यूरीफायर। मैं जानता हूं कि पिताजी की सेहत के लिए इसे खरीद लेना चाहिए, पर क्या करें पैसे ना होने की वजह से इसे खरीदना नहीं हो पा रहा है।'

पापा की बात सुनकर नितिन सोच में पड़ गया फिर बोला, 'पापा, खरीद लीजिए न एयर प्यूरीफायर किसी तरह! दादाजी की सेहत की बात है। आप चाहे मेरी ट्यूशन बंद करवा दीजिए।'

पापा ने कुछ सोचा फिर बोले, 'न तो पिताजी से रुपए लेने हैं और न नितिन की गुल्लक खाली करनी है। नितिन की ट्यूशन भी जरूरी है। मैं ऐसा करता हूं कि एयर प्यूरीफायर को किस्तों पर खरीद लेता हूं।'

'बहुत बढ़िया, पापा! पहली किस्त के लिए आप उन रुपयों को मिला लेना, जो मेरे पटाखे न खरीदने से बचेंगे।' नितिन खुशी-खुशी बोला।

'अरे नहीं बेटा, तुम खरीद लेना पटाखे।' पापा मुस्कुरा दिए। 'नहीं पापा, पटाखे चलाकर मैं प्रदूषण को और नहीं बढ़ाना चाहता।' नितिन मजबूत इरादे के साथ बोला। 'ठीक है, जैसी तुम्हारी मर्जी।' पापा बोले।

'शाबाश बेटू, प्रदूषण न बढ़ने पाए, यह तुम्हारी बड़ी अच्छी सोच है!' मम्मी ने नितिन की तरफ प्रशंसा भरी नजरों से देखते हुए कहा।

'तो ठीक है, नाश्ता करके एयर प्यूरीफायर खरीदने चला जाता हूं मैं।' पापा के यह कहते ही नितिन झट से बोला, 'पापा, मैं भी चलूंगा आपके साथ। उसको आज ही घर पर लगवा लेंगे।'

'ठीक है, आज ही लगवा लेंगे।' पापा ने कहा तो नितिन हंसते हुए बोला, 'यह तो दादा जी के लिए स्पेशल दीवाली गिफ्ट होगा!

सुनकर दादा जी, पापा और मम्मी जोरों से हंस पड़े।*

कविता
घमंडीलाल अग्रवाल



दीपों का त्योहार

सजी खुशी की बंदनवार,
आया दीपों का त्योहार!
डरकर भाग गया अंधियारा,
उजियारे ने पाया प्यार।
महानगर-सा दिपदिप करता,
अपना छोटा-सा घर द्वार।
उछल-कूदकर धूम मचाते,
यहां-वहां फुलझड़ी, अनार।
हमें दुकानों पर बुलवाएं,
खील-बताशे बारंबार।
चली गंदगी मुख बिचकाती,
हुई सफाई की जयकार।
नन्हे-नन्हे दीपक बोलें,
अन्यायों को मिलती हार।
आदर्शों को हम अपनाएं,
सभी बड़ों का हो सत्कार।

रंग भरो-214

रंग भरो-214 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





धृष, दिल्ली



ईशांत, दिल्ली



नैतिक, दिल्ली



आन्या, दुर्ग



आस्तिका, चांपा



रशिका, जांजगीर

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

श्वेता-दिल्ली, रचना-दुर्ग, पवन-चंपा, सोनू-जबलपुर, यशवी-भोपाल, जतिन-महासमुंद, मनीष-रोहतक, मानसी-भिवानी, चेतना-जांजगीर, राहुल-धमतरी, हरीश-बिलासपुर, कार्तिक-गरियाबंद, अंकिता-करनाल, जितेश-रायपुर, रोहित-बस्तर

रंग भरो 215



बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में पिंकी दीपावली पर रंगोली के पास दीये जला रही है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक- फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

पेज एक का शेष..

कल 56 घाटों...

जन्मभूमि परिसर तक दीपोत्सव की छटा बिखरी। इस बार आयोजन में पांच देशों की रामलीला मंडलियों और विभिन्न राज्यों के लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से आकर्षण बढ़ाया। रामकथा के मंचन के साथ लोकनृत्य और पारंपरिक संगीत के जरिए देश की सांस्कृतिक विविधता भी देखने को मिली। सात नवंबर को दीपोत्सव का मुख्य आयोजन होगा। इस दिन राम की पैड़ी के घाट लाखों दीपों से जगमगाएंगे। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रामकथा पार्क में प्रभु श्रीराम का राजतिलक करेंगे। दीपोत्सव को भव्य बनाने के लिए राम की पैड़ी के 56 घाटों पर 30 लाख दीप सजाने की तैयारी की गई। घाटों पर स्वयंसेवकों ने दीप बिछाए हैं। रामनगरी की गलियों, मंदिरों और प्रमुख आयोजन स्थलों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। शहर में उत्सव की रौनक छाई रही।

12 साल बाद...

की जगह छह दिन तक मनाया जाएगा।

समुद्र मंथन से प्रकट हुए थे भगवान धन्वंतरि : पुजारी दुबे ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार समुद्र मंथन के दौरान भगवान विष्णु के अवतार भगवान धन्वंतरि अमृत कलश और औषधियों के साथ प्रकट हुए थे। इसलिए धनतेरस को स्वास्थ्य, दीघार्यु और आरोग्य का प्रतीक माना जाता है। इस दिन भगवान धन्वंतरि के साथ माता लक्ष्मी और कुबेर देव की पूजा-अर्चना की जाती है। मान्यता है कि इससे घर में सुख-समृद्धि और खुशहाली आती है।

शेयर बाजार में ...

रहा। मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी जमकर खरीदारी हुई। सेक्टोरल इंडेक्स में ऑटो 4.10 प्रतिशत, फाइनेंशियल सर्विसेज 3.85 प्रतिशत, रियल्टी 3.37 प्रतिशत और सीमेंट 3.45 प्रतिशत चढ़े। बैंक निफ्टी में 3.13 प्रतिशत, पीएसयू बैंक में 2.91 प्रतिशत, प्राइवेट बैंक में 3.14 प्रतिशत और आईटी सेक्टर में 2.35 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। बाजार में चौतरफा खरीदारी से निवेशकों का उत्साह बढ़ गया।

पेज दो का शेष..

भारत खेल में...

का बेसब्री से इंतजार था। उन्हें बहुत खुशी है कि वे पैरा एशियाई खिलाड़ियों से मुलाकात कर रहे हैं। पैरा खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन से पता चलता है कि भारत खेल के क्षेत्र में एक शक्ति के रूप में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि आप सभी पैरा एथलीट ने एक बार फिर ये दिखा दिया है कि सबसे ऊंची उड़ान हौसलों से होती है।

यूजीसी के विवादित ...

असंतोष या आशंका की स्थिति पैदा न हो। सरकार इन नियमों पर नए सिरे से विचार करने के लिए एक कमेटी गठित करने पर भी विचार कर रही है। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान अदालत ने केंद्र सरकार से पूछा कि वह यूजीसी के नए रेगुलेशंस पर दोबारा विचार क्यों नहीं करती। सीजेआई ने कहा कि नई पीढ़ी और हर छात्र के हितों का ध्यान रखा जाना जरूरी है। किसी भी वर्ग को यह महसूस नहीं होना चाहिए कि उसके साथ अन्याय हो रहा है या उसके हितों की अनदेखी की जा रही है। बता दें कि यूजीसी के इन नियमों से जुड़ा मामला आबिदा सलीम तड़वी बनाम यूनियन ऑफ इंडिया याचिका के तहत सुप्रीम कोर्ट पहुंचा है। वर्ष 2019 में पायल तड़वी और रोहित वेमुला की माताओं ने उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिगत भेदभाव रोकने के लिए प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था की मांग करते हुए याचिका दाखिल की थी। याचिका में शैक्षणिक परिसरों में जातिगत भेदभाव की घटनाओं को रोकने और विद्यार्थियों को समानता का अधिकार सुनिश्चित करने के लिए मजबूत व्यवस्था बनाने की मांग की गई थी।

जवाबी हलफनामे के...

उन्होंने स्पष्ट किया कि अदालत कोई सलाहकार नहीं है, लेकिन उसने सरकार के सामने एक सुझाव रखा है। अब देखना होगा कि इस पर आगे क्या कदम उठाए जाते हैं। अदालत की इस टिप्पणी से स्पष्ट है कि वह विवादित नियमों को लेकर सरकार से ठोस कदम उठाने की अपेक्षा कर रही है।

हिरासत के बाद ...

गिना जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जांच एजेंसियां किसी व्यक्ति को पहले हिरासत में लेकर बाद में उसकी गिरफ्तारी दर्ज करने का रास्ता नहीं अपना सकतीं। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला गिरफ्तार त्रिपुरा के चार लोगों की याचिका से जुड़ा है। इनका आरोप है कि हिरासत में लेने और गिरफ्तारी दर्ज करने के बीच करीब 21 घंटे का अंतर था। मामले की सुनवाई जस्टिस उज्जवल भुइयां और जस्टिस अतुल एस. चंद्रकुर की बेंच में हुई।

हरदीप सिंह पुरी...

उम्मीदवार के मैदान में नहीं होने से मतदान की नौबत नहीं आई। दरअसल, मंगलवार को नामांकन पत्रों की जांच के दौरान निर्दलीय उम्मीदवार कांते सयन्ना और कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी राजकुमार लोहानी के नामांकन खारिज कर दिए गए थे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने विधानसभा पहुंचकर हरदीप सिंह पुरी का निर्वाचन प्रमाणपत्र प्राप्त किया।

भाजपा के तीन...

निर्धारित अवसर पर जवाब दाखिल नहीं करने की स्थिति में उनका लिखित जवाब पेश करने का अधिकार समाप्त कर दिया जाएगा। मामले की अगली सुनवाई 27 नवंबर को होगी। न्यायमूर्ति बीपी शर्मा की एकलपीठ में यह मामला कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन की चुनाव याचिका से संबंधित है। याचिका में भाजपा के निर्वाचित राज्यसभा सदस्य महेश केवट के निर्वाचन को चुनौती दी गई है। इसमें आरोप लगाया गया है कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान मीनाक्षी नटराजन की उम्मीदवारी का नामांकन निरस्त करना अनुचित था। याचिका में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग और रजनीश कुमार अग्रवाल को भी प्रतिवादी बनाया गया है।

'23 साल' तक...

सबसे बड़ी उपलब्धियों में 2016 का यूरो कप खिताब शामिल है। पुर्तगाल ने 2019 और 2025 में यूएफा नेशंस लीग का खिताब भी जीता। रोनाल्डो ने छह विश्व कप (2006, 2010, 2014, 2018, 2022 और 2026) में पुर्तगाल का प्रतिनिधित्व किया।

लगातार तीसरी ...

शानदार गोल कर भारत को पहली बार मैच में बढ़त दिलाई। फिर जुगराज सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर का फायदा उठाते हुए बेहतरीन ड्रैग फ्लिक के साथ गोल दागा, जबकि विवेक सागर प्रसाद ने डी में जोरदार शॉट लगाकर जापान के डिफेंस को भेद कर चौथा गोल किया और भारत की जीत सुनिश्चित कर दी। भारत ने रिकॉर्ड छठी बार एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता है। भारतीय टीम इससे पहले 2011, 2016, 2018, 2023 और 2024 में भी यह खिताब जीत चुकी है। इस बार जीत के साथ ही उसने खिताबी जीत की हैट्रिक भी पूरी कर ली।

आईटी विभाग की ...

करनी होंगी। इसके साथ ही आईटी और सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) विभाग पर वरिष्ठ अधिकारी की निगरानी व्यवस्था फिर बहाल हो गई है। भारतीय निर्वाचन आयोग ने बुधवार को जारी आदेश में आईटी और आईसीटी विभाग की जिम्मेदारी पवन कुमार शर्मा को सौंपी है। इससे पहले 28 जुलाई को जारी कार्य आवंटन आदेश में इन विभागों को तत्कालीन डिप्टी इलेक्शन कमिश्नर संजय कुमार के प्रभार से हटाकर सीमा खन्ना को सौंप दिया गया था। इसके तहत खन्ना सीधे चुनाव आयोग को रिपोर्ट करने वाली थीं। इस फैसले पर इलेक्शन कमिश्नर सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने 29 जुलाई को कैबिनेट सचिव टीवी सोमनाथन को पत्र लिखकर आपत्ति जताई थी। उनका आरोप था कि सीनियर डिप्टी इलेक्शन कमिश्नर मनीष गर्ग ने आयोग की मंजूरी के बिना कार्य आवंटन का आदेश जारी किया था।

बीमार गाय के...

निभाने और गोशाला की लापरवाही उजागर करने की उन्हें सजा दी जा रही है। हिमांचली के मुताबिक 23 जुलाई को उन्हें ग्वालियर रेलवे स्टेशन के पास इंडियन कॉफी हाउस के सामने एक बीमार गाय मिली थी। उसके शरीर पर ट्यूमर जैसी गांठ थी। उन्होंने निजी खर्च पर मेटाडोर की व्यवस्था कर गाय को लाल टिपारा आदर्श गोशाला पहुंचाया और उसके ऑपरेशन व इलाज का आग्रह किया। आरोप है कि गोशाला प्रबंधन ने इलाज करने के बजाए गाय को वापस सड़क पर छोड़ दिया। करीब 15 दिन बाद वही गाय मुरार के सात नंबर चौराहे पर गंभीर हालत में मिली। इसके बाद उन्होंने लिखित और ऑनलाइन शिकायतें कीं, जिसके बाद गाय को दोबारा गोशाला पहुंचाया गया। बाद में वहां जाने पर उन्हें गाय की मौत होने की जानकारी दी गई। शिवपुरी कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कहा कि यह प्रकरण उनके संज्ञान में आया है। वह महिला सब-इंजीनियर से बात कर उनकी समस्या का समाधान निकालने का प्रयास करेंगे।

'हरिभूमि' ने लाल टिपारा गोशाला प्रमुख ऋषभ महाराज से देर रात तक संपर्क करने की कोशिश की लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

रोज वैली एसेट्स डिस्पोजल कमेटी (ADC)
ROSE VALLEY ASSETS DISPOSAL COMMITTEE (ADC)

ADC वेबसाइट : www.rosevalleyadc.com

सूचना (Notice)

दिनांक : 15.10.2026

जिन सभी जमाकर्ताओं ने ADC वेबसाइट (www.rosevalleyadc.com) पर अपने दावे अपलोड किए हैं, उन्हें अपने दावे/आवेदन में अपना सक्रिय तथा आधार से जुड़ा मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से अपडेट करना होगा और इसके बाद प्रत्येक दावेदार को अपना आधार कार्ड अपलोड करना होगा तथा आधार कार्ड से जुड़े उस बैंक खाते को अपडेट करना होगा जिसमें भुगतान संवितरित किया जाएगा। निवेशकों / दावेदारों द्वारा यह कार्य ADC वेबसाइट (www.rosevalleyadc.com) पर 15.10.2026 से 15.11.2026 के भीतर किया जाना चाहिए ताकि ADC बेहतर सेवा प्रदान करने और संबंधित जमाकर्ताओं को नियमित एसएमएस भेजने में सक्षम हो सके।

जिन्होंने अभी तक अपने दावे अपलोड नहीं किए हैं, उनसे अनुरोध है कि वे तुरंत ADC वेबसाइट (www.rosevalleyadc.com) पर अपने दावे अपलोड करें क्योंकि दावे अपलोड करने की अंतिम तिथि 30.11.2026 निर्धारित की गई है।

Sd/-
रोज वैली एसेट्स डिस्पोजल कमेटी (ADC)

CBC 15204/11/0132/2627

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल

आम सूचना

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, हर्षवर्धन नगर, भोपाल में स्थित फ्लेट क्रमांक एम.आई.जी.-15 (प्रथम तल) मण्डल द्वारा श्री माधव रामकृष्ण गोखले आत्मज श्री रामकृष्ण गोखले के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख का पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय से दिनांक 30/07/1996 को पंजीकृत है। श्री माधव रामकृष्ण गोखले का स्वर्गवास दिनांक 26/11/2022 को एवं उनकी पत्नी श्रीमती माधुरी उर्फ रेखा गोखले का स्वर्गवास दिनांक 08/10/2012 को हो गया है।

आवेदक आवंटी के इकलोते पुत्र श्री कौस्तुभ गोखले आत्मज स्व. श्री माधव गोखले द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र एवं मण्डल का निर्धारित आवेदन पत्र व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति अपने नाम पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है।

यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / संस्था / वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल

आम सूचना

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, करोंद, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक 1367/ए मण्डल द्वारा श्री मोहम्मद सलमान आत्मज श्री मोहम्मद कदीर के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख मण्डल द्वारा पंजीयन कार्यालय से दिनांक 07/03/2024 को पंजीकृत है। श्री मोहम्मद सलमान आत्मज श्री मोहम्मद कदीर द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री अफजल आत्मज श्री अब्दुल सत्तार को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 24/12/2024 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्री अफजल आत्मज श्री अब्दुल सत्तार के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल

आम सूचना

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, रूसल्ली, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक एस.एल.- 23 मण्डल द्वारा (1) श्री आसिफ मोहम्मद आत्मज श्री मुश्ताक मोहम्मद (2) श्रीमती ताहिरा सिद्दीकी पत्नी श्री आसिफ मोहम्मद के नामों पर हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 15/01/2019 को पंजीकृत किया गया है। तत्पश्चात उक्त सम्पत्ति में से श्रीमती ताहिरा सिद्दीकी का नाम विलोपित कर श्री आसिफ मोहम्मद आत्मज श्री मुश्ताक मोहम्मद के पक्ष में हक त्याग विलेख के माध्यम से त्याग कर दिया है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख / हक त्याग पत्र मण्डल द्वारा पंजीयन कार्यालय से दिनांक 28/06/2021 को पंजीकृत है। श्री आसिफ मोहम्मद आत्मज श्री मुश्ताक मोहम्मद द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री मोहम्मद नईम आत्मज श्री अशरफ अली को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 28/02/2024 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। सम्पत्ति के क्रेता श्री मोहम्मद नईम आत्मज श्री अशरफ अली द्वारा आवेदन, शपथ पत्र (स्वयं का), विक्रय विलेख की छायाप्रति, इत्यादि के आधार पर उक्त सम्पत्ति अपने नाम हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किय गये है। उनके द्वारा यह शपथ-पत्र भी प्रस्तुत किया है कि सम्पत्ति के मूल आवंटी श्रीमती ताहिरा सिद्दीकी व श्री आसिफ मोहम्मद एवं उनके परिवार का वर्तमान में कही पता नही चल रहा है। भविष्य में किसी भी वाद-विवाद हेतु वही स्वयं जिम्मेदार होगे। प्रस्तुत दस्तावेजो एवं विक्रय विलेख दिनांक 28/02/2024 के आधार पर उक्त सम्पत्ति के आधार पर उक्त सम्पत्ति श्रीमती ताहिरा सिद्दीकी का नाम विलोपित कर श्री आसिफ मोहम्मद के एकल नाम से हस्तांतरण एवं श्री आसिफ मोहम्मद से श्री मोहम्मद नईम आत्मज श्री अशरफ अलीके नाम पर हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल

आम सूचना

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, करोंद, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक- 21/बी मण्डल द्वारा (1) श्री मोहम्मद इसरार खान आत्मज स्व. श्री मोहम्मद मुमताज खान (2) श्रीमती रत्ना इसरार पत्नी श्री मोहम्मद इसरार खान के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 22/12/2017 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 04/02/2021 को पंजीकृत किया गया है। इनमें से श्री मोहम्मद इसरार खान का स्वर्गवास दिनांक 05/08/2025 को हो गया है।

आवेदक श्रीमती रत्ना इसरार पत्नी स्व. श्री मोहम्मद इसरार खान द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, अन्य वारिसो के अनापत्ति शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति में से स्व. श्री मोहम्मद इसरार खान का नाम विलोपित कर श्रीमती रत्ना इसरार पत्नी स्व. श्री मोहम्मद इसरार खान के एकल नाम पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति में से नाम विलोपित कर से नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी/संस्था/ वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल

The Court of III Principal Judge, Family Court, District Court Bhopal Presiding Officer (सचिन शर्मा)

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु) MIC-74/2023

मुकेश शर्मा/सलोनी शर्मा

श्री मुकेश शर्मा ..... आवेदक

श्रीमती सलोनी शर्मा ..... अनावेदिका

प्रेषिती-

श्रीमती सलोनी शर्मा, पुत्री श्री प्रकाश शर्मा, पत्नि श्री मुकेश शर्मा उम्र 24 वर्ष, निवासी म नं 13/2/5, सी सेक्टर सर्वधर्म कोलार रोड जिला भोपाल म०प्र०

यह कि आवेदक श्री मुकेश शर्मा ने आपके विरूद्ध धारा 09 नियम 09 व्य.प्र.संहिता बावत वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिए उपसंजात हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करे और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करे जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगे तो वाद की एकपक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा, साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से कराने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 30.10..2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर

न्यायाधीश
(सचिन शर्मा) प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, भोपाल

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

हरिभूमि क्लासीफाइड

संपर्क सूत्र : 9407279644

हरिभूमि उत्तम विचार ही नहीं, विचार भी **भोपाल बाजार**

विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर

साईट:-
220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line

विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद

सफेद दाग

चर्म रोग, पित्ते की पथरी, गुर्दे की पथरी

44 वर्षो का होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा का अनुभव

Timing 10:30 am to 8:00 pm

Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC

कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M. 9425006131, 8871714432

सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल Veronika Khushi Heights Main Road Abbas Nagar Bhopal



This festive season just got special.

Raymond

SINCE 1925
Auth. Stockist

DESIGNER SUIT | INDO WESTERN | KURTA PAJAMA

Guide Collection

80-B, Malviya Nagar, Roshanpura Chouraha, Bhopal
Contact : 0755-4009286

Style Comfort Elegance

Premium Fabrics
Latest Designs
Perfect Fit

Warm Regards - Tailors Guide Brothers, New Market, Bhopal

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 इन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

R-30-07-2026,to 11-08-26
SUNDAY HOLD

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

शब्द पहेली - 6400



बाएँ से दाएँ
1.सहयोग की भावना-5
4.अकस्मात,एकाएक-4
7.पराजय-2
8.नाव चलाने वाला-3
9.भीगा हुआ-2
10.अनुवाद-4
11.बेल-2
13.योग्य,सही-3
14.घोड़ा गाड़ी-2
15.काव्य,गजल-3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान-2
19.नामकरण-2,3
22.राजा का महल-5
25.प्रेम,ममता-2
26.कपड़े की दीवार-3
28.रास्ता,मार्ग-2
29.सिर,खोपड़ी-3
30.माप-2
32.गुस्सा करना-4
34.व्यंग,चुटीली बात-2
36.नायक,नेता-3
37.एक आंख वाला-2
38.रचनाकार-4
39.कृष्ण का एक नाम-3,2

ऊपर से नीचे
1.महोदय (अंग्रेजी-2)
2.डरपोक,भीरू-3
3.व्यंग कसना -5
4.बुद्धि-3
5.झुका हुआ-2
6.कर देने वाला-4
7.चोरी करना,छीनना (मु.-2,3)
10.तहखाना-4
12.एकटक देखना-2
16.वियोग,जुदाई-3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म-2
18.खुजली-2
20.घोटना,मंथन करना-3
21.पत्र,चिट्ठी-2
22.रास्ता-2
23.सुगंधित होना-4
24.बिजली का कौंधना-5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू-5)
26.भगवान,ईश्वर-4
27.पेड़ का मध्य भाग-2
31.पटाखे की बाती,-3
33.अभिव्यक्ति-3
35.नृत्य,डांस-2
37.छोटी सवारी गाड़ी-2

शब्द पहेली- 6399 का हल

	व	र	दा	न		म	क	स	द	
म			न		अ		ल			नि
न		व्य	व	हा	र	कु	श	ल		य
मा	न	व			दा			कि	म	त
नी		था		आ	स	न		र	न	
	र		हा	रा		ह	त्या		का	
	क	वि		म	क	र		क		रा
ह	म	ला			ल			म	वे	शी
वे		प	र	व	र	दि	गा	र		फ
ली			स		व		य			ल
	र	ह	म	त		घ	ब	रा	ना	

राशिफल

मेष वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

वृष आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मिथुन आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

कर्क मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

सिंह आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

कन्या पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

तुला आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

वृश्चिक मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।

धनु व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

मकर मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

कुंभ स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

मीन शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

सूडोकु नवताल - 6410

कठिनतम

			2					4
			6					1
	5		8			2		3
		7					6	
	3					8		
1		6			3		7	
2					5			
8					4			

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6409 का हल

6	5	4	3	1	9	7	2	8
7	2	3	5	8	4	9	6	1
8	9	1	7	2	6	3	4	5
1	7	2	8	3	2	5	9	4
4	3	8	9	6	5	1	7	6
5	6	9	4	7	1	8	3	2
2	8	7	1	4	3



पूर्व जज की जांच कमेटी को हिंसा से जुड़ी याचिकाएं, वीडियो और शिकायतें जल्द सौंपी जाएं, साथ ही समिति एक माह के अंदर अपनी रिपोर्ट पेश करे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जंतर-मंतर पर 20 जुलाई को हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंसा और पुलिस की कथित ज्यादती की जांच कर रही सुप्रीम कोर्ट की उच्चाधिकार प्राप्त समिति को अब तक पीड़ितों की बहुत कम शिकायतें मिली हैं। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट को यह जानकारी दी गई। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने कहा कि शिकायतों और सबूतों की कमी के कारण समिति फिलहाल हिंसा को लेकर किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि हिंसा से जुड़ी याचिकाएं, वीडियो और शिकायतें समिति को सौंपी जाएं। साथ ही समिति को समय-समय पर अपनी अंतरिम रिपोर्ट पेश करने को कहा।

जंतर मंतर हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट सख्त



कई बार शिकायतें मांगी गईं

समिति ने कोर्ट को बताया कि उसने 20 जुलाई को संसद की ओर निकाले गए मार्च के दौरान हुई हिंसा के संबंध में शिकायतें मांगने के लिए 149 अखबारों में नोटिस प्रकाशित कराए थे। इसके बावजूद उसे ऑनलाइन और व्यक्तिगत रूप से बहुत कम शिकायतें मिलीं। इसके बाद 21 अक्टूबर को फिर से शिकायतें मांगी गईं। इसके लिए ऑनलाइन पोर्टल और कार्यालय का पता भी दोबारा जारी किया गया।

जांच समिति में कौन-कौन?

जांच समिति में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति आर सुभाष रेड्डी की अध्यक्षता में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रवि शंकर झा, दिल्ली हाईकोर्ट की पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति शालिंदर कौर, सीबीआई के पूर्व निदेशक ऋषि कुमार शुक्ला आदि शामिल हैं।

छात्रों के खिलाफ की गई कार्रवाई की रिपोर्ट भी दें

समिति को प्रदर्शनकारी छात्रों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई के आरोपों की जांच महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि वह नतीजों के लिए अनिश्चित काल तक इंतजार नहीं कर सकता। शीर्ष अदालत ने गौर किया कि 31 अक्टूबर को समिति द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट केवल एक 'स्टेटस रिपोर्ट' (स्थिति रिपोर्ट) थी, जिसमें अब तक किए गए कार्यों का विवरण था, लेकिन इसमें पुलिस की बर्बरता के आरोपों के संबंध में कोई निष्कर्ष नहीं दिया गया था। अदालत ने समिति से कहा कि वह अब तक मिले सभी दस्तावेजों और सबूतों की जांच करे और संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगे। इसमें यह भी स्पष्ट किया गया कि पैनल को अपनी जांच केवल पीड़ितों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतों तक ही सीमित नहीं रखनी चाहिए।

सीजेपी नेताओं से भी की पूछताछ

सीजेपी के सह-संयोजक सौरभ दास और आशुतोष रांका, अक्टूबर में जंतर-मंतर पर हुए



विरोध-प्रदर्शन और कथित तौर पर बिना अनुमति कहीं घुसने के मामले में दिल्ली दोनों राजौरी गार्डन स्थित दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच के दफ्तर पहुंचे। उन्हें विरोध-प्रदर्शनों से जुड़े मामलों में पूछताछ के लिए बुलाया था। इस दौरान उनसे 70 सवाल किए गए। सीजेपी 7 को कोच्चि के राजेंद्र मैदान में प्रदर्शन करेगी। इसे 'जंतर-मंतर एट कोच्चि' नाम दिया है।

गृहमंत्री शाह ने पंजाब को दी कई सौगातें, कांग्रेस और आप सरकार पर किया बड़ा हमला

राहुल में बहस की हिम्मत हो तो आएं संसद में कर लें दो दो हाथ, घुसपैठियों को चुन-चुनकर देश से बाहर निकालेंगे



एजेंसी ▶▶ करनाल

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने करनाल में एक किमी की लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ पदयात्रा की। मंच से संबोधन करते हुए शाह ने कहा कि कांग्रेस की अराजकता व तुष्टीकरण की राजनीति अब पूरी तरह एक्सपोज हो चुकी है और देशवासी इसके ख़िलाफ सड़कों पर उतर रहे हैं। शाह क ने कहा कि आज हमारी भाजपा द्वारा आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' रैली का आखिरी दिन है। हमने एक जैसा उत्साह और भारी भीड़ देखी है। देश भर की सड़कों पर हमारे नेता प्रधानमंत्री के लिए जनता का जबरदस्त समर्थन देखने को मिला है। राहुल को 3 करोड़ घुसपैठियों की चिंता है, हम एसआईआर पर विशेष सत्र बुलाने के लिए तैयार हैं। हम घुसपैठियों को चुन चुनकर देश से बाहर निकालेंगे। राहुल बेकार की बातों को छोड़कर संसद में आएं और सारी चर्चा कर लें। दोनों दो दो हाथ कर लेंगे।

सम्मेलन के दौरान गृहमंत्री शाह ने 1857 के विद्रोह के वीरों के सम्मान में अंबाला छावनी में निर्मित 'शहीद स्मारक' का उद्घाटन किया, जलबेहड़ा-शाहाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना का भी उद्घाटन किया।

कांग्रेस की अराजकता व तुष्टीकरण की राजनीति अब पूरी तरह एक्सपोज हो गई

लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ

करनाल में शाह ने किया ऐलान



देश की जनता ने राहुल और इंडिया गठबंधन को नकार दिया

शाह ने कहा कि देश की जनता राहुल गांधी, कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के साथ नहीं है। हमारी एक एक रैली में हजारों लोग होते हैं। आपने कांग्रेस की रैली तो देखी होगी।

बिना एसआईआर लगातार हार रहा गठबंधन

गृहमंत्री ने कहा कि राहुल को पता है कि वह हारने वाले हैं, इसीलिए अपनी हार के लिए वह चुनाव आयोग और एसआईआर प्रक्रिया को दोष देते हैं। 2014 में एसआईआर कहां था? तब भी तो आपका पूरी तरह से सफाया हो गया था। 2019 में एसआईआर कहां था? तब भी आप हार गए थे।

राहुल संसद चलने नहीं देते, मुद्दों पर चर्चा नहीं करते

शाह ने कहा कि लोकतंत्र में संसद चर्चा का सर्वोपरि स्थान है। राहुल संसद चलने नहीं देते हैं, मुद्दों पर चर्चा नहीं करते हैं। संसद में शोर-शराबा, बहिष्कार करने को कांग्रेस ने कल्चर बना दिया है। रोड पर भीड़ इकट्ठा करके अराजकता फैलानी है। कांग्रेस ने रैली के लिए एक नवंबर का दिन चुना। इस दिन 1984 में कांग्रेस ने सिख दंगे कराए। कत्ल किए।

अंबाला में नवनिर्मित शहीद स्मारक का लोकार्पण किया

करनाल के बाद शाह अंबाला छावनी पहुंचे। यहां पर शहीद स्मारक का लोकार्पण किया। शाह ने सेक्टर-12 मॉल के पास से 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' पदयात्रा शुरू की। सुरक्षा के मद्देनजर सड़क के दोनों तरफ केंद्रीय गृह मंत्री यहां से पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ पैदल चले।

ये रहा राहुल का रिकॉर्ड

2007 में राहुल कांग्रेस के महासचिव बने, तब कांग्रेस के 1200 विधायक थे। जब उपाध्यक्ष बने, तो 900 विधायक रह गए। अध्यक्ष बने, तो इनके विधायकों की संख्या 700 रह गई। भारत जोड़ो यात्रा निकाली, तो वो और भी कम होकर 600 रह गए।

नवीन ने गोरखपुर में किया 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा का नेतृत्व

2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा भी की



गोरखपुर। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन वर्तमान में उत्तर प्रदेश के दौरे पर हैं। नवीन 4–5 नवंबर 2026 को दो दिवसीय संगठनात्मक दौरे पर गोरखपुर में रहे। वहां उन्होंने 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा का नेतृत्व किया। उन्होंने योगी के साथ गोरखनाथ जाकर गुरु गोरखनाथ के दर्शन-पूजन किए। गोरखपुर में प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी तथा अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ उन्होंने वर्ष 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों और कोर कमेटी की बैठकों में हिस्सा लिया।

जौनपुर में बोले केंद्रीय मंत्री गडकरी

यहां का किसान अन्नदाता ऊर्जादाता बन रहा



जौनपुर। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के किसान न केवल खाद्य उत्पादक होंगे, बल्कि बिजली, ईंधन, विमानन ईंधन और हाइड्रोजन के भी प्रदाता बनेंगे। उन्होंने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश अंततः ऊर्जा निर्यातक राज्य बन सकता है। गडकरी ने मुंगरा बादशाहपुर में कहा कि हमारा किसान न केवल अन्नदाता होगा, बल्कि ऊर्जा, ईंधन, विमानन ईंधन और हाइड्रोजन ऊर्जा का भी प्रदाता होगा।

सूरत में मंत्री राय ने साधा निशाना

कांग्रेस भारत में बांग्लादेश जैसी स्थिति बनाना चाह रही



सूरत। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह चुनाव में हार के डर से भारत में बांग्लादेश जैसी स्थिति पैदा करने की कोशिश कर रही है और 'विदेशी आकाओं' के इशारे पर काम कर रही है। 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया।

जयपुर में बोले मंत्री अश्विनी वैष्णव

राहुल सड़कों में फैसला कर रहे, अराजकता बढ़ा रहे



सूरत। केंद्रीय रेल मंत्री और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जयपुर में भाजपा के 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' के तहत पदयात्रा की। रामलीला मैदान में वैष्णव ने कहा, कांग्रेस लोकतंत्र पर हमले कर रही रही। वह कह रही फैसले संसद में नहीं बल्कि सड़कों पर होंगे, जो अराजकता को बढ़ावा देता है।

राम माधव ने हैदराबाद में की प्रेस कॉन्फ्रेंस

विपक्ष प्रधानमंत्री से मुकाबला करने में सक्षम नहीं



राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राम माधव ने हैदराबाद में भाजपा के राज्य कार्यालय (नांपल्ली) में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने कांग्रेस और राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि यदि वे चाहें तो सरकार विशेष सत्र बुलाकर सभी मुद्दों पर संसद में खुली बहस कर लें। वे प्रधानमंत्री से मुकाबला नहीं कर सकते।

सांसद संबित पात्रा का राहुल पर तंज

संसद में 5-6 मिनट भी नहीं बैठ पाते, बहस क्या करेंगे?



भाजपा सांसद संबित पात्रा ने राहुल की प्रधानमंत्री के साथ खुली बहस की चुनौती पर तंज कसा। उन्होंने कहा राहुल को संसद में बहस करनी चाहिए, न कि सड़कों पर। राहुल में संसद में लगातार 5-6 मिनट से ज्यादा बैठने का धैर्य नहीं है। जो संसद में 5-6 मिनट नहीं बैठ सकता, वह वहां बहस भी नहीं करना चाहेगा।

प्रवक्ता भंडारी ने मान सरकार पर साधा निशाना

आप 'प्रश्नपत्र लीक माफिया' को बचा रही



भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने पंजाब में पीसीएस की मुख्य परीक्षा के नतीजों में कथित अनियमतता पर सत्तारूढ़ आप पर निशाना साधते हुए उस पर कुछ अभ्यर्थियों को अनुचित लाभ पहुंचाने और प्रश्नपत्र लीक माफिया को बचाने का आरोप लगाया। इस दौरान पंजाब की मान सरकार पर बड़ा आरोप लगाया।

खबर संक्षेप

अयोध्या, काशी और मथुरा में बम धमाकों की धमकी

अयोध्या। उत्तर प्रदेश में दिवाली के दौरान अयोध्या, वाराणसी और मथुरा में बम धमाके करने की



धमकी से सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। अयोध्या कोर्ट की ई-मेल आईडी पर स्लेटर जॉन्सन के नाम से धमकी भरा मेल भेजा है। 8 को काली दिवाली की धमकी दी है।

चावड़ी बाजार में इमारत ढही, 2 लोगों की मौत

नई दिल्ली। पुरानी दिल्ली के चावड़ी बाजार में एक निर्माणाधीन



तीन मंजिला इमारत का हिस्सा ढह गया। दमकल विभाग को सुबह 9 बजकर 50 मिनट पर इस घटना की सूचना मिली थी। हादसे के समय 12 मजदूर काम पर थे।

बेंगलुरु में फैक्ट्री स्वामी ने कर्मी की हत्या की

बेंगलुरु। यहां फैक्ट्री मालिक ने 24



साल के कर्मचारी की कथित तौर पर बैट से पीटकर हत्या कर दी, मृतक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट में काम करता था। मालिक की बेटी से प्यार करता था।

खेड़ा ने अरुणाचल-मणिपुर पर शाह को घेरा

गृह मंत्रालय आपसे संभल नहीं रहा, कुर्सी से चिपके मत रहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के राज्यसभा सांसद पवन खेड़ा ने गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा है कि मोटा भाई, गृह मंत्रालय आपसे संभल नहीं रहा, तो कुर्सी से चिपके क्यों बैठे हैं? 7 साल में देश के 3 करोड़ घुसपैठिए नहीं संभल रहे। 3 साल से मणिपुर नहीं संभल रहा। अब तो अरुणाचल प्रदेश भी नहीं संभल रहा। उन्होंने कहा कि पुलवामा हुआ, पहलगाम हुआ, लाल किले पर धमाका हुआ, देश की राजधानी के बिल्कुल बगल में 300 किलो



आरडीएक्स मिला, आपके बस की नहीं है। छोड़ दीजिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनकर अपना मोबाइल सर्कस हैदराबाद से लेकर करनाल और देश के बाकी राज्यों में घुमाइए। गृह मंत्रालय का बेड़ा गर्क क्यों कर रहे हैं? उन्होंने तंज कसा कि बेचारे नितिन नवीन को आजाद कीजिए।

सौर ऊर्जा संयंत्र लगाया

रेलवे मंत्रालय को पीएम सूर्य घर उत्कृष्टता पुरस्कार मिला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रेल मंत्रालय को गुरुवार को यहां भारत मंडपम में आयोजित 'नवीकरणीय ऊर्जा सम्मेलन एवं प्रदर्शनी 2026' में उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने प्रतिष्ठित 'पीएम सूर्य घर उत्कृष्टता पुरस्कार' प्रदान किया। मंत्रालय ने देशभर में छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए 15,868 रेलवे इमारतों की पहचान की है। अब तक कुल 12,495 इमारतों यानी चिह्नित इमारतों में से 79 प्रतिशत में छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जा चुके हैं। मंत्रालय ने 424



मेगावाट के लक्ष्य के मुकाबले 351 मेगावाट क्षमता के छत आधारित सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए हैं। राष्ट्रीय स्तर पर 77 केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों की ओर से चिह्नित 39,135 इमारतों में से अब तक 25,984 में सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जा चुके हैं।

बागी टीएमसी विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग

सीजेआई की पीठ ने दिए कई निर्देश

सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से किया इनकार उन्हें कलकत्ता हाई कोर्ट जाने को कहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को ममता बेनर्जी के नेतृत्व वाले टीएमसी गुट के एक नेता की याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। याचिकाकर्ता ने पश्चिम बंगाल विधानसभा अध्यक्ष को निर्देश देने की मांग की थी कि वे बागी विधायकों को अयोग्य ठहराने की याचिकाओं पर जल्द फैसला लें। सीजेआई सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने शोभनदेब चट्टोपाध्याय द्वारा दायर याचिका का निपटारा करते हुए उन्हें कलकत्ता हाई कोर्ट जाने का निर्देश दिया। पीठ ने कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से आग्रह किया कि वे इस मामले को सुनवाई के लिए डिवीजन बेंच (खंडपीठ) के समक्ष रखें।

डिवीजन बेंच जल्द फैसला ले

पीठ ने आदेश दिया, हमें लगता है कि याचिकाकर्ता को कलकत्ता हाई कोर्ट का रुख करना चाहिए। हम इस स्तर पर इस याचिका का निपटारा करते हैं और याचिकाकर्ता को



हाई कोर्ट में उचित याचिका दायर करने की छूट देते हैं। हम हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से अनुरोध करते हैं कि वे इस मामले को तत्काल विचार के लिए डिवीजन बेंच के समक्ष सूचीबद्ध करें और जल्द से जल्द इस पर फैसला लें। पीठ ने गौर किया कि विधानसभा अध्यक्ष से यह उम्मीद की जाती है कि वे 8 जुलाई को दायर अयोग्यता याचिकाओं पर 3 महीने के भीतर फैसला लें। चट्टोपाध्याय की ओर से पेश वकील ने कहा कि 5 माह में फैसला नहीं किया गया है।

चुनाव आयोग ने एसआईआर के संबंध में की अहम घोषणा

6 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में होगा एसएसआर

21 जनवरी को फाइनल वोटर लिस्ट जारी की जाएगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने देश के 6 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्पेशल समरी रिवीजन (एसएसआर) कराने की घोषणा की है। इन राज्यों में पात्र नागरिकों को वोटर लिस्ट जोड़ा जाएगा, जिनके नाम अब तक शामिल नहीं हो पाए हैं। वहीं अगर किसी को सुधार की जरूरत है, तो उसके लिए भी ये प्रक्रिया सही होगी। राज्यों में 21 जनवरी को फाइनल वोटर लिस्ट जारी की जाएगी। एसएसआर अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, ओडिशा, सिक्किम, चंडीगढ़ और दादरा एवं नगर हवेली एवं दमन एवं दीव में किया जाएगा, जहां एसआईआर पूरा हो चुका है।



राज्यों को विशेष अभियान चलाने के निर्देश

प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को लिखे पत्र में आयोग ने कहा कि उसने छूटे हुए, युवा या पहली बार मतदान करने वाले पात्र मतदाताओं के नामांकन हेतु एक विशेष अभियान चलाने के निर्देश जारी किए थे। केंद्रों का पुनर्व्यवस्थापन 20 नवंबर तक होना चाहिए। ड्राफ्ट 30 नवंबर को प्रकाशित होगा। 30 नवंबर से 30 दिसंबर तक दावे और आपत्तियां दर्ज करने का समय होगा।

कई राज्यों में भी हो रही एसएसआर

आयोग ने उन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसएसआर का आदेश दिया था जहां एसआईआर पूरा हो चुका था। इसमें अंडमान और निकोबार बिहार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, मणिपुर, पुडुचेरी, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और बंगाल हैं।

आयोग को हाई कोर्ट का झटका

10 दिन में फिर से जोड़ें नाम

एसआईआर पर छिड़े सियासी संग्राम के बीच बॉम्बे हाई कोर्ट की गोवा पीठ ने एक अहम फैसला दिया है। कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को आदेश दिया कि वह एक परिवार के उन 6 सदस्यों के नाम मतदाता सूची में शामिल करे, जिन्हें गोवा में एसआईआर के दौरान अंतिम मतदाता सूची से हटा दिया गया था। जस्टिस वाल्मीकि मेनेजेस और जस्टिस अमित जामसांडेकर की खंडपीठ ने गुरुवार को अपना फैसला सुनाया।

इलाहाबाद हाई कोर्ट का फैसला

शक के आधार पर आपराधिक मुकदमा नहीं चलाया जा सकता

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा है कि राहुल गांधी निर्वाचित प्रतिनिधि हैं और उन्हें किसी समुदाय की चिंता उठाने का अधिकार है। अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर सवाल उठाना अपने आप में अपराध नहीं है। केवल शक के आधार पर आपराधिक मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। कोर्ट ने इस आधार पर सिखों के संबंध में दिए गए कथित बयान को लेकर राहुल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। न्यायमूर्ति विक्रम डी. चौहान



की एकलपीठ ने फैसला सुनाया। तिलमापुर के पूर्व प्रधान नागेश्वर मिश्र ने याचिका दायर की थी। उनका आरोप था कि राहुल ने सितंबर 2024 में अमेरिका यात्रा के दौरान वर्जीनिया में कहा था कि भारत में सिखों के बीच असुरक्षा का माहौल है।

पाक सेना की पीओके में फिर बर्बरता

प्रदर्शन कर रहे लोगों पर की फायरिंग, 7 की मौत, 23 से अधिक घायल

एजेंसी ▶▶ रावलकोट

पाकिस्तान की सरकार और सेना ने पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में क्रूरता की हदें पार करते हुए गुरुवार सुबह प्रदर्शन कर रहे लोगों की एक बार फिर लाशें बिछा दी। स्थानीय लोगों के मुताबिक, करीब 8 बजे जब ज्वॉइंट आवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) के बैनर तले लोग रावलकोट के शांतिपूर्ण प्रदर्शन स्थलों पर मौजूद थे, तभी पाकिस्तानी सेना और पुलिस ने अचानक बिना किसी चेतावनी के कार्रवाई शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने चारों तरफ से घेरकर निहत्थे प्रदर्शनकारियों पर अंधाधुंध सीधी फायरिंग कर डाली।

करीब 8 बजे जब ज्वॉइंट आवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) के बैनर तले लोग रावलकोट के शांतिपूर्ण प्रदर्शन स्थलों पर मौजूद थे, तभी पाकिस्तानी सेना और पुलिस ने अचानक बिना किसी चेतावनी के निहत्थे प्रदर्शनकारियों पर अंधाधुंध सीधी फायरिंग कर डाली

पाक सेना ने रिहायशी इलाकों पर बरसाए ड्रोन

सुबह 8 बजे से 2 घंटे तक क्रूरता का तांडव



एआई इमेज

रावलकोट में इंटरनेट और मोबाइल नेटवर्क बंद

ताजा कार्रवाई के बाद रावलकोट में हालात बेहद नाजुक बने हुए हैं। पूरे इलाके में इंटरनेट और मोबाइल नेटवर्क सेवाएं ठप कर दी गई हैं ताकि पाकिस्तानी फौज के इस खूनी खेल की तस्वीरें और वीडियो बाहर की दुनिया तक न पहुंच सकें। चारों तरफ सेना की गाड़ियां गश्त कर रही हैं और जगह-जगह नाकेबंदी कर दी गई है। स्थानीय लोग अपनी सुरक्षा को लेकर बुरी तरह डरे हुए हैं।

7 जून से अब तक 153 मौतें

आंकड़ों के मुताबिक, 7 जून से लेकर अब तक पाकिस्तानी सेना की बर्बरता में मरने वाले नागरिकों की संख्या 153 तक पहुंच चुकी है। हर बीते दिन के साथ पाकिस्तान का दमन चक्र और कड़ा होता जा रहा है। जब भी लोग अपने अधिकारों की मांग को लेकर आवाज उठाते हैं, इस्लामाबाद की शह पर सेना उनकी आवाजों को बंदूकों की गोलियों से दबा देती है। सड़कों पर लाशों के ढेर लग चुके हैं और पीओके का कोना-कोना अपनों के खून से लाल हो रहा है।

जेएएसी की 38 मांगें

दरअसल, जॉइंट आवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) लंबे समय से अपनी 38 जायज मांगों को लेकर पूरे क्षेत्र में एक बड़ा आंदोलन चला रही है। इनमें लोगों को महंगी दर पर बिजली और राशन, सरकारी फिजूलखर्ची पर रोक और स्थानीय लोगों को उनके अपने संसाधनों पर हक देने और इस्लामाबाद का सीधा दखल खत्म करने की मांग की जा रही है।

पहली बार ड्रोन से किया हमला

रावलकोट के निवासियों ने आरोप लगाया है कि पाक सेना ने पहली बार लोगों पर हमले के लिए ड्रोन का सहारा लिया है। सिर्फ सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे लोगों पर ही नहीं, बल्कि आम नागरिकों के रिहायशी घरों को निशाना बनाकर ड्रोन से हमले किए हैं। स्थानीय नेता सरदार उमर नजीर ने खुद सामने आकर पाकिस्तान सेना की इस नीच करतूत का पर्दाफाश किया है। उन्होंने कथित ड्रोन हमले के बाद मौके से बरामद हुए बम और बारूद के जलते-सुलगते टुकड़े दुनिया के सामने रखे हैं। उन्होंने कहा कि ये कोई कानून व्यवस्था संभालने की कार्रवाई नहीं है, बल्कि पाकिस्तानी हुकूमत अपनी ही जनता के खिलाफ सीधी जंग छेड़ चुकी है और मासूमों के घरों को श्मशान बना रही है।

निर्दोषों के खून से रंग गई सड़क

पाकिस्तानी रेंजर्स, फ्रंटियर कॉर्प्स और पुलिस ने मिलकर प्रदर्शनकारियों पर गोलियों की बारिश कर दी। गोलियों का शोर इतना तेज था कि पूरा रावलकोट शहर सहम गया। सड़कों पर खून फैल गया। चारों तरफ चीख-पुकार मच गई और लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे।

खबर संक्षेप

गंगोत्री हाईवे पर नदी में समाई कार, 4 की मौत

उत्तरकाशी। गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार सुबह गंगनानी के पास भागीरथी नदी में इनोवा कार गिरने के



हादसे में अब तक 4 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं। वाहन में 7 लोग सवार थे। इनमें से एक घायल है और 2 लापता हैं। सभी यात्री गुजरात के साबरमती क्षेत्र के निवासी हैं और उत्तरकाशी से गंगोत्री धाम की ओर जा रहे थे। हादसे के बाद लापता लोगों की तलाश के लिए जल पुलिस और गोताखोर नदी के तेज बहाव में सर्च अभियान चला रहे हैं। घायल पटेल वेदांत अशोकभाई (17), को प्राथमिक उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भटवाड़ी लाया गया।

पटाखों के गोदाम में धमाका, 2 की मौत

नागौर। राजस्थान के नागौर जिले के बड़ली इलाके में गुरुवार सुबह पटाखों के गोदाम में हुए भीषण



विस्फोट में दो युवकों की मौत हो गई। दोनों मृतक आपस में चचेरे भाई थे और नागौर शहर के बाजरवाड़ा इलाके के रहने वाले थे। धमाका इतना जोरदार था कि गोदाम की छत उड़ गई और आसपास के मकानों की दीवारों में दरारें आ गईं। घटनास्थल से करीब 100 फीट दूर खड़ी बस के शीशे तक टूट गए। शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी के कारण विस्फोट होने की आशंका जताई जा रही है।

बारूदी सुरंग से टकराए 2 टैंकर, 1 टगबोट, लगी आग

तेहरान। ईरान के आईआरजीसी के अनुसार बुधवार रात होर्मुज स्ट्रेट के दक्षिणी रास्ते से गुजरते समय एक



बड़ा तेल टैंकर बारूदी सुरंग (माइन) से टकरा गया, जिससे उसमें आग लग गई। वहीं, एक दूसरा सुपरटैंकर जलमार्ग के पूर्वी हिस्से से बाहर निकलते समय आग की चपेट में आ गया, और आग बुझाने के लिए भेजी गई एक टगबोट भी बाद में जलने लगी। ये अनधिकृत रास्ते से निकलने की कोशिश कर रहे थे बारूदी सुरंग से टकरा गए जिससे आग लग गई। इसी बीच, ईरान ने अमेरिका के दो 'लुकास' ड्रोन को अपने कब्जे में लेने का दावा भी किया है।

ट्रंप ने अपने करीबी सलाहकारों से मांगी सलाह

मध्यावधि चुनाव में हार के बाद ट्रंप प्रशासन में बड़े फेरबदल की अटकलें

विदेश मंत्री रुबियो की जगह लेंगे सर्जियो गोर! पीट हेगसेथ की रक्षा मंत्री पद से होगी रवानगी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में मिडटर्म चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी को मिली हार के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन में बड़े बदलावों की अटकलें तेज हो गई हैं। अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में अमेरिका के राजदूत और ट्रंप के करीबी सर्जियो गोर को बड़ी जिम्मेदारी मिलने की चर्चा है। उन्हें सरकार में किसी वरिष्ठ पद पर नियुक्त किया जा सकता है। रिपोर्ट में 10 लोगों के हवाले से बताया गया है कि गोर अधिक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी हासिल करना चाहते हैं। मामले से जुड़े एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि गोर ऐसी भूमिका चाहते हैं, जिसमें उनकी सार्वजनिक मौजूदगी ज्यादा हो।

रिपब्लिकन पार्टी के भीतर भी बढ़ी कलह

गोर का नाम व्हाइट हाउस चीफ ऑफ स्टाफ और विदेश मंत्री मार्को रुबियो के उत्तराधिकारी के तौर पर भी सामने आया है। इसके अलावा, वह विदेश विभाग में उप विदेश मंत्री क्रिस लैंडौ की जगह लेने जैसे दूसरे वरिष्ठ पदों पर भी विचार कर सकते हैं। बता दें, सर्जियो गोर पहले व्हाइट हाउस में वरिष्ठ सहयोगी के तौर पर काम कर चुके हैं और राष्ट्रपति ट्रंप के करीबी माने जाते हैं।

एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि गोर ऐसी भूमिका चाहते हैं, जिसमें उनकी सार्वजनिक मौजूदगी ज्यादा हो। गोर का नाम व्हाइट हाउस चीफ ऑफ स्टाफ और विदेश मंत्री मार्को रुबियो के उत्तराधिकारी के तौर पर भी सामने आया है। इसके अलावा, वह विदेश विभाग में उप विदेश मंत्री क्रिस लैंडौ की जगह लेने जैसे दूसरे वरिष्ठ पदों पर भी विचार कर सकते हैं


डोनाल्ड ट्रंप


सर्जियो गोर


मार्को रुबियो


पीट हेगसेथ

खबर पूरी तरह बकवास: गोर

हालांकि, सर्जियो गोर और अमेरिकी प्रशासन के प्रतिनिधियों ने इन खबरों को खारिज किया है। गोर ने एक बयान में कहा कि यह खबर पूरी तरह और बिल्कुल बकवास है। उन्होंने विदेश मंत्री मार्को रुबियो की तारीफ करते हुए कहा कि सेक्रेटरी मार्को रुबियो ने साबित किया है कि वह इतिहास के सबसे योग्य, उपलब्धियां हासिल करने वाले और महान विदेश मंत्री हैं। उनकी जगह कोई नहीं ले सकता। वह मेरे प्रिय मित्र हैं और भारत में अमेरिकी राजदूत के रूप में हर दिन उनके साथ काम करना मेरे लिए खुशी की बात है। यह जीवन का एक सच्चा सम्मान है। मुझे किसी दूसरी भूमिका में कोई दिलचस्पी नहीं है। वहीं, व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने भी इस रिपोर्ट को मनगढ़ंत बताते हुए कहा कि गोर की किसी दूसरे पद में रुचि नहीं है।

हार का प्रमुख कारण ईरान से युद्ध

वहीं, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ को हटाने पर विचार कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मध्यावधि चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की हार के कारणों में सबसे प्रमुख ईरान युद्ध को बताया जा रहा है। यही वजह है कि ट्रंप रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ को हटाने पर विचार कर रहे हैं और उन्होंने इसके लिए अपने सलाहकारों से सलाह मांगी है। हालांकि, हेगसेथ को पद से हटाने को लेकर अभी कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ है। मध्यावधि चुनाव में नुकसान से पहले भी विपक्षी सांसद हेगसेथ के खिलाफ महाभियोग चलाने की मांग कर चुके हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी को कांग्रेस के दोनों सदनों में मजबूत बहुमत मिलने के बाद हेगसेथ पर संसदीय दबाव बढ़ने और उनके खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही शुरू होने की संभावना भी बढ़ गई है।

ट्रंप और व्हाइट हाउस ने दावों को किया खारिज

जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या हेगसेथ टेनेसी की खाली सीनेट सीट भरने के लिए सीनेट में जा सकते हैं, तो उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि अगर वह ऐसा करते हैं तो वह काफी लोकप्रिय होंगे। वहीं व्हाइट हाउस ने भी रक्षा मंत्री के पद पर किसी तरह के खतरे की अटकलों को खारिज किया है। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता अन्ना केली ने आधिकारिक बयान में कहा कि राष्ट्रपति को मंत्री हेगसेथ पर पूरा भरोसा है। केली ने ईरान और वेनेजुएला में प्रशासन की सैन्य कार्रवाइयों का भी बचाव किया। साथ ही उन्होंने पिछले प्रशासन की ओर से शुरू की गई विविधता और समानता से जुड़ी पहलों को खत्म करने के हेगसेथ के प्रयासों की सराहना की।

शीर्ष सैन्य अधिकारियों पर बढ़ा दबाव

व्हाइट हाउस के अधिकारियों का मानना है कि चुनावी नतीजों के बाद सेना के शीर्ष अधिकारियों पर भी दबाव बढ़ सकता है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के प्रमुख एडमिरल ब्रैड कूपर और ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन जनरल डैन केन को भी ईरान युद्ध के संबंध में उनकी सलाहकारी भूमिका को लेकर संसद और जनता के कड़े सवालों का सामना करना पड़ सकता है।

हेगसेथ की जगह ले सकते हैं ये नेता

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पीट हेगसेथ की जगह लेने वाले नामों पर भी चर्चा शुरू हो गई है। फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डीसैंटिस इस पद के संभावित उम्मीदवारों में शामिल हैं। माना जा रहा है कि डीसैंटिस का नाम सीनेट से मंजूरी हासिल कर सकता है। वह पांच जनवरी को अपना गवर्नर पद छोड़ने वाले हैं। ऐसे में उनके कार्यकाल के खत्म होने के बाद रक्षा मंत्रालय की जिम्मेदारी संभालने की संभावना जताई जा रही है।


राष्ट्रपति हर्जोग विभिन्न दलों से चर्चा करते हुए

इजराइल में सरकार बनाने की कवायद

दूसरे दिन भी राष्ट्रपति हर्जोग ने विभिन्न दलों से की बातचीत

- *4 सदस्यों का किसी को समर्थन नहीं देने का ऐलान*
- *3 सदस्यों ने अभी तक रुख स्पष्ट नहीं किया*
- *आइसनकोट के चुने जाने की अधिक संभावना*
- *26वीं संसद का पहला सत्र 10 नवंबर को होगा*

एजेंसी ▶▶ यरूशलम

आम चुनाव के नतीजों में किसी भी दल या गठबंधन के स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने के बाद इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने संसद (नेसेट) के विभिन्न गुटों के साथ राजनीतिक परामर्श का दूसरा दिन शुरू कर दिया है। इन चर्चाओं का मकसद यह है कि देश की अगली सरकार बनाने वाला कौन सा नेता सबसे उपयुक्त है। ये औपचारिक बैठकें मंगलवार शाम को छोटे संसदीय गुटों के साथ शुरू हुई थीं।

जनादेश के लिए चर्चा

राष्ट्रपति हर पार्टी से पूछते हैं कि वे पीएम पद के लिए किस उम्मीदवार का समर्थन करते हैं। इसके आधार पर वे फैसला करते हैं कि किस राजनीतिक नेता को सरकार बनाने का पहला मौका (जनादेश) दिया जाए। उन्हें उस नेता को आमंत्रित करना होता है जिसके पास सरकार बनाने की सबसे अधिक संभावना हो।

आइसेनकोट के पक्ष में गुट रहे दल

दूसरी ओर, याशर, द डेमोक्रेट्स, बीयाचाद और राआम ने गादी आइसेनकोट का समर्थन करने की बात कही है। एविग्डोर लिबरमैन के नेतृत्व वाली यिसरायल बेतेनु पार्टी ने भी अगली सरकार बनाने के लिए आइसेनकोट को अपना पसंदीदा उम्मीदवार बताया है। यूनाइटेड तोराह जुडाइज्म के 'देगेल हातोराह' गुट के चार प्रतिनिधियों ने किसी भी उम्मीदवार को समर्थन न देने की घोषणा की है, 'अगुदात यिसराएल' के बाकी 3 सदस्यों ने अभी तक अपना रुख स्पष्ट नहीं किया है।

5000 मिलियन यूएस डॉलर की मदद

गुयाना में भी शुरू होगा यूपीआई जयशंकर ने किए तीन एमओयू


राष्ट्रपति डॉ. अली और जयशंकर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने एंटीगुआ और बारबुडा में राष्ट्रमंडल शासनाध्यक्षों की बैठक (चौगम) से इतर गुयाना के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद इरफान अली से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत और गुयाना के बीच द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की और आपसी हित के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। बैठक में व्यापार एवं निवेश, ऊर्जा, कृषि, बुनियादी ढांचे का विकास, डिजिटल तकनीक और क्षमता निर्माण जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान भारत और गुयाना के बीच तीन समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

विदेश सचिव मिसरी काठमांडू दौरे पर

नवंबर के अंत में भारत यात्रा पर आएंगे नेपाल के पीएम बालेंद्र


विक्रम मिसरी और पीएम बालेंद्र शाह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने दो दिवसीय नेपाल यात्रा के अंतिम दिन गुरुवार को नेपाल के पीएम बालेंद्र शाह के साथ मुलाकात की। उन्होंने पीएम मोदी की ओर से नेपाल के पीएम को शुभकामनाएं दी। उन्होंने दोनों देशों के बीच उच्च-स्तरीय गतिविधियों और द्विपक्षीय सहयोग से संबंधित विभिन्न मामलों में हुई प्रगति से भी अवगत कराया। इसके बाद मिस्री ने पीएम शाह को उनकी नई दिल्ली की आगामी यात्रा से जुड़े कदमों और संभावित परिणामों के बारे में बताया। मिसरी की यह यात्रा नेपाल के उनके समकक्ष और विदेश सचिव अमृत बहादुर राय के निमंत्रण पर की गई है। बुधवार को दोनों विदेश सचिवों के बीच एक प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक हुई।

उड़ान के दौरान दिशा बदलने में सक्षम

'क्वासी बैलिस्टिक प्रलय' मिसाइल का डीआरडीओ ने किया परीक्षण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने गुरुवार को ओडिशा तट के पास स्थित डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से 11 बजकर 10 मिनट पर क्वासी बैलिस्टिक मिसाइल प्रलय का सफल उड़ान परीक्षण किया है।

इसकी मारक क्षमता लगभग 150 से 500 किमी तक है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसके लिए संगठन, सैन्यबलों और उद्योग जगत के तमाम भागीदारों को बधाई देते हुए उनकी हौसला अफजाई की है।


प्रलय मिसाइल

उन्होंने कहा कि उन्नत प्रौद्योगिकियों से लैस ये मिसाइल उभरते हुए खतरों के खिलाफ सैन्यबलों की रणनीतिक तैयारियों, परिचालन क्षमता को और अधिक सशक्त बनाएगी।

रडार को चकमा देने में माहिर

क्वासी मिसाइल एक ऐसी मिसाइल होती है जिसमें न केवल बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइल दोनों के गुणों का समावेश होता है। बल्कि वह उड़ान के दौरान अपनी पूर्व निर्धारित दिशा को अचानक बदल भी सकती है। जिससे दुश्मन के रडार या मिसाइल को नष्ट करने वाले हथियार उसका सही-सही पता नहीं लगा पाते।

सभी मानकों उतरी खरी

मंत्रालय के मुताबिक, परीक्षण के दौरान मिसाइल की हर छोटी-बड़ी गतिविधि पर चांदीपुर में मौजूद एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) पर तैनात किए गए निगरानी उपकरणों से कड़ी नजर बनाए रखी गई। अंत में मिले आंकड़ों से यह पुष्टि हुई कि प्रलय मिसाइल ने परीक्षण के सभी उद्देश्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया है।

रेसकोर्स स्टेशन के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से जुड़ा मामला

पूरा हुआ हस्तांतरण, वायुसेना ने सरकार को सौंपी 39.5 एकड़ भूमि

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पीएम आवास के आसपास की प्रमुख सरकारी जमीनों को वापस लेने की प्रक्रिया के तहत गुरुवार को भारतीय वायुसेना ने रेसकोर्स एयरफोर्स स्टेशन स्थित कुल करीब 39.5 एकड़ सरकारी जमीन को केंद्र के जमीन विकास कार्यालय (एलएंडडीओ) को औपचारिक रूप से सौंप दिया है। 'जैसा है-जहां है' की तर्ज पर जमीन हस्तांतरण की इस कवायद को अमलीजामा पहनाया गया है। वायुसेना द्वारा सौंपी गई जमीन का संबंध रेसकोर्स एयरफोर्स स्टेशन के अंदर मौजूद स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से जुड़ा हुआ है। जिसमें स्विमिंग पूल, गोल्फ कोर्स और कुछ अन्य खेल सुविधाएं मौजूद थी। यह पूरा इलाका प्रधानमंत्री का सरकारी आवास होने की वजह से सुरक्षा और प्रशासनिक कारणों की वजह से केंद्र की अति-संवेदनशील श्रेणी में शुमार है। जिसकी वजह से यह निर्णय लिया गया है।

सार्वजनिक उद्देश्य से होगा इस्तेमाल

एलएंडडीओ ने मामले में वायुसेना से स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की कुल 39.9 एकड़ जमीन की मांग की थी। जिसमें वायुसेना ने 39.5 एकड़ भूमि ही सौंपी है। भविष्य में एलएंडडीओ,



वायुसेना की संयुक्त टीमें कॉम्प्लेक्स की जमीन का वास्तविक आधार पर संयुक्त सर्वे करेंगी। जिससे जमीन की असली सीमा का निर्धारण किया जाएगा। साथ ही इस बात की भी पुष्टि हो जाएगी कि कहीं कोई कमी पेशी तो नहीं रह गई है। वहीं, इस प्रकरण को लेकर सरकार का यह कहना है कि उसके द्वारा वापस ली गई जमीनों को सार्वजनिक उद्देश्य के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। पीएम आवास के ईद गिर्द मौजूद महत्वपूर्ण जमीनों को अपने अधिकार क्षेत्र में लेने की सरकारी कवायद बीते कई महीनों से चल रही है। जिसमें अब तक दिल्ली रेस क्लब, जयपुर पोलो ग्राउंड को भी कब्जे में लिया जा चुका है। निकट भविष्य में दिल्ली जिमखाना क्लब जैसी अन्य संपत्तियों पर भी सरकारी कार्रवाई संभव है।

4 साल बाद सभी 75% अग्निवीरों को मिलेगा स्थायी नौकरी का मौका

वरिष्ठता पर नहीं होगा असर, किसी भी सूरत में वापस नहीं ली जाएगी योजना

रक्षा और गृह मंत्रालय के बीच उभरे मतभेदों ने कराया 'अग्निपथ' योजना में परिवर्तन!

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा बुधवार को सशस्त्र सेनाओं में बतौर अग्निवीर, जवानों की भर्ती के लिए बनाई गई 'अग्निपथ योजना' में किए गए बड़े बदलाव के ऐलान के बाद रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि किसी भी हालत में अग्निपथ योजना को वापस नहीं लेगा। मौजूदा बदलाव का उद्देश्य वर्ष 2022 में बनाई गई मूल योजना में एक दूसरी दो वर्ष की अतिरिक्त समय अवधि की विंडो को जोड़ना था। जिसकी मदद से 48 महीने के बाद सेनाओं से बाहर जाने वाले सभी 75% अग्निवीरों के लिए स्थायी और सुरक्षित भविष्य की व्यवस्था की जा सके।


अग्निवीर जवान

31 दिसंबर 2026 कट ऑफ डेट

सरकार का ये फैसला अग्निवीरों के संभवतः पहले बैच (2023 से 2026 तक शामिल हुए शुरुआती 5 बैच) या 31 दिसंबर 2026 तक सशस्त्र सेनाओं में शामिल हो चुके अग्निवीरों पर ही लागू होगा।

पीएमओ में 6 घंटे चली थी बैठक

सूत्रों ने हरिभूमि को बताया कि 4 नवंबर को कैबिनेट की बैठक के बाद सरकार ने इस फैसले को सार्वजनिक करने की जिम्मेदारी प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल एनएस राजा सुब्रमणि को सौंपी थी। उससे एक दिन पहले पीएमओ में इस बाबत कैबिनेट में प्रस्तुत किए जाने वाले प्रस्ताव, अन्य जरूरी मुद्दों पर आम सहमति के साथ आगे बढ़ने के लिए एक उच्च-स्तरीय बैठक भी हुई थी। जिसकी अध्यक्षता पीएमओ के शीर्ष अधिकारियों ने की और उसमें रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। सभी पक्षों के बीच 6 घंटे वार्ता हुई।

कई चुनौतियों के बाद लिया यह निर्णय

इस बदलाव को लेकर पर्दे के पीछे सामने आए कई अन्य कारणों की भी भूमिका रही है। जिसमें से एक रक्षा, गृह मंत्रालय के बीच खासकर सेनाओं से बाहर होने वाले 75% अग्निवीरों के लिए भविष्य में नौकरी को लेकर प्रदान की जाने वाली 20% आरक्षण की व्यवस्था सहित अन्य मामलों पर सामने आ रही चुनौतियां मुख्य हैं।

प्रभावित नहीं होगी वरिष्ठता

रक्षा अधिकारियों के मुताबिक, सभी अग्निवीरों को सेनाओं में स्थायी नौकरी दी जाएगी। शुरुआती 4 साल बाद सबसे पहले 25% को इसका मौका मिलेगा। फिर बाकी बचे हुए 75% इस मौके का लाभ उठाएंगे। इस दौरान कोई तय सीमा नहीं होगी और अग्निवीरों का सेनाओं में स्थायी नौकरी पाने की इच्छा, शारीरिक तंदुरुस्ती और अनुशासन बड़े मानक होंगे। 75% अग्निवीरों की वरिष्ठता भी सुरक्षित रहेगी। क्योंकि एक बार नियमित होने के बाद ये अपने ही बैच के जवानों के तुरंत बाद नियमित होंगे। जिसमें ये किसी भी बैच से कनिष्ठ नहीं माने जाएंगे। अग्निपथ योजना वापस नहीं ली जाएगी। अभी बदलाव के साथ इसमें दो साल की एक अतिरिक्त अवधि का समावेश किया गया है।

ऐतिहासिक रहा रोनाल्डो का अंतरराष्ट्रीय फुटबाल कॅरियर

लीग फुटबॉल में खेलते आएंगे नजर



एजेंसी ▶▶| लिस्बन

पुर्तगाल के दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने का ऐलान कर दिया है। उनका अंतरराष्ट्रीय करियर साल 2003 में शुरू हुआ था। इसके बाद उन्होंने करीब 23 साल तक पुर्तगाल की राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व किया। रोनाल्डो ने अपने शानदार प्रदर्शन से कई ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाए और पुर्तगाल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाई। हालांकि रोनाल्ड लीग फुटबॉल में खेलते नजर आएंगे। वह अल-नासर के लिए खेलते हैं।

पुर्तगाल के लिए खेले 234 मैच, किए 146 गोल

रोनाल्डो ने पुर्तगाल की राष्ट्रीय टीम के लिए 234 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले। इसके साथ ही वह पुरुष अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी बने। गोल करने के मामले में भी उनका कोई सानी नहीं है। रोनाल्डो ने इन मुकाबलों में 146 गोल दागे और अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल के इतिहास में सर्वाधिक गोल करने का विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया। लगातार शानदार प्रदर्शन के दम पर उन्होंने पुर्तगाल के सबसे सफल खिलाड़ी के रूप में अपनी पहचान बनाई।

रोनाल्डो ने कहा- मुझे अपने सफर पर गर्व है

रोनाल्डो ने कहा, आज मैं टीम के साथ मैदान पर अपने सफर का अंत कर रहा हूं। मैं गर्व के साथ विदा ले रहा हूं। मुझे अपने सफर पर गर्व है और इस बात का संतोष है कि मैंने पुर्तगाल के लिए अपना सब कुछ दिया। गोल बीत जाते हैं, ट्रॉफियां संग्रहालयों में रख दी जाती हैं और रिकॉर्ड टूट जाते हैं। लेकिन एक चीज है, जिसे समय कभी नहीं मिटा सकता और वह है लोगों के दिलों में हमारी जगह।

6 विश्व कप खेलने वाले पहले फुटबॉलर

रोनाल्डो ने 2006 से 2026 तक लगातार 6 फीफा विश्व कप में हिस्सा लेकर इतिहास रच दिया। वह 6 विश्व कप खेलने वाले दुनिया के पहले फुटबॉलर बने। इतना ही नहीं, उन्होंने 6 अलग-अलग विश्व कप में गोल करने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बनने का गौरव भी हासिल किया। रोनाल्डो ने विश्व कप में कुल 27 मुकाबले खेले और 11 गोल दागे। इसके अलावा उनके नाम 37 असिस्ट भी दर्ज किए हैं। हालांकि, तमाम व्यक्तिगत उपलब्धियों के बावजूद वह अपने करियर में विश्व कप की ट्रॉफी नहीं जीत सके।

कप्तान के तौर पर ऐसे रहे रोनाल्डो के आंकड़े

रोनाल्डो की कप्तानी में पुर्तगाल ने 2016 में पहली बार यूईएफए यूरो कप का खिताब जीतकर इतिहास रचा था। इसके बाद टीम ने 2019 और 2025 में यूईएफए नेशंस लीग की ट्रॉफी भी अपने नाम की। इस तरह रोनाल्डो ने पुर्तगाल को 3 बड़े अंतरराष्ट्रीय खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। 2016 यूरो कप की जीत पुर्तगाली फुटबॉल इतिहास का स्वर्णिम अध्याय मानी जाती है और रोनाल्डो के करियर की सबसे बड़ी उपलब्धियों में शामिल है।

यूरो कप में 14 गोल का ऐतिहासिक रिकॉर्ड

रोनाल्डो का दबदबा यूरो कप में भी देखने को मिला है। वह इस टूर्नामेंट के इतिहास के सबसे सफल खिलाड़ियों में शुमार हैं। रोनाल्डो ने यूरो कप के 30 मुकाबलों में 14 गोल दागे हैं। इसके साथ ही उन्होंने एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम की। वह यूरो कप के लगातार 5 संस्करणों में गोल करने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बने। उनकी यह उपलब्धि अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में उनके लंबे और शानदार करियर की गवाही देती है।

विश्व चैंपियनशिप

मनु और सुरूचि फाइनल में नाकाम, भारतीय टीम ने जीता रजत



एजेंसी ▶▶| दोहा

भारत की स्टार निशानेबाज मनु भाकर और सुरूचि इंदर सिंह बृहस्पतिवार को यहां आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप की महिला 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में निराशाजनक प्रदर्शन करते हुए पदक की दौड़ से बाहर हो गईं। दोनों खिलाड़ी 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए कोटा स्थान हासिल करने में भी नाकाम रहीं। हालांकि भारतीय टीम ने 1738 अंक लेकर रजत पदक जीता जबकि चीन को 1745 अंक के साथ स्वर्ण पदक मिला। पेरिस ओलंपिक 2024 में दो कांस्य पदक जीतने वाली मनु 179.9 अंक के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। एशियाई खेलों की मिश्रित टीम स्पर्धा की स्वर्ण पदक विजेता सुरूचि ने 158.3 अंक के साथ छठा स्थान हासिल किया।

चीन ने स्वर्ण व रजत हंगरी ने जीता कांस्य

चीन की जियांग रानशिन ने 242.4 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि उनकी हमवतन याओ कियानशुन ने 242.1 अंक के साथ रजत पदक अपने नाम किया। हंगरी की वेरोनिका मेजर ने 222.1 अंक के साथ कांस्य पदक हासिल किया। तीनों पदक विजेताओं ने लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए कोटा स्थान भी हासिल किए।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिये तकनीकी विशेषज्ञता, वित्तीय क्षमता एवं पर्याप्त अनुभव रखनेवाले ख्यातिलब्ध प्रतिष्ठानों/ एजेंसियों/ संवेदकों "टू पैकेट बिड" पर ई–निविदायें आमंत्रित है। **1. निविदा संख्या एवं दिनांक:** ई–निविदा संख्या–GEM/2026/B/8204599, दिनांक 31.10.2026 **2. कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** कतरास, चंद्रपुरा, पाथरडीह, गोमोह, पारसनाथ, हजारीबाग टाउन, हजारीबाग रोड, कोडरमा, बरकाकाना, पतरातू, टोरी, बरवाड़ीह, डाल्टनगंज, गढ़वा रोड, रेनुकूट, चोपन और सिंगरौली में रेलवे कॉलोनियों एवं टोरी रेलवे स्टेशन की सफाई चार वर्षों (अर्थात 1460 दिन) की अवधि के लिए। कार्य समापन अवधि– 04 वर्ष। **3. कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 10,56,63,417.32 (दस करोड़ छप्पन लाख तिरेसठ हजार चार सौ सत्रह रुपये और बत्तीस पैसे) मात्र। **4. बयाना राशि :** रु. 6,78,400.00 (छह लाख अठहत्तर हजार चार सौ रुपये) मात्र। **5. ई–निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** तारीख 21.11.2026 को 11:00 बजे। **ई–निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** तारीख 22.11.2026 को 11:00 बजे **6. वेबसाइट विवरण:** https://www.gem.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेल प्रबंधक/डी.ई.एन.एच.एम.
पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/1260/डीएचएन/ईएनएचएम/टी/26–27/40

वेलिंगटन के मैदान पर देखने मिलेगी बल्लेबाजों और गेंदबाजों की टक्कर

दूसरा वनडे कल, सीरीज में बढ़त बनाने भारत और बराबरी करने न्यूजीलैंड बेकरार

एजेंसी ▶▶| वलिंगटन

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम और भारतीय क्रिकेट टीम के बीच 5 मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला शनिवार 7 नवंबर को वेलिंगटन में खेला जाएगा। पहले मैच में भारत ने डकवर्थ लुईस नियम के तहत 5 विकेट से जीत दर्ज की थी। ऐसे में कीवी टीम की नजरें इस मुकाबले में जीत हासिल कर सीरीज में वापसी करने पर होंगी। वहीं, भारतीय टीम अपनी बढ़त को और मजबूत करना चाहेगी। वेलिंगटन में दोनों टीमों के आंकड़े जान लेते हैं।

वेलिंगटन में ऐसा रहा है दोनों टीमों का प्रदर्शन : भारत ने वेलिंगटन में अपना पहला वनडे साल 2003 में खेला था। उन्होंने यहां अब तक 4 वनडे खेले हैं। इस दौरान उसे 2 मैच में जीत मिली है। एक मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा है। एक मैच में कोई नतीजा नहीं निकला है। वहीं, न्यूजीलैंड ने इस मैदान पर 30 वनडे खेले हैं।



ऐसी है वेलिंगटन की पिच रिपोर्ट

वेलिंगटन के स्काई स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के लिए मददगार मानी जाती है। यहां ड्रॉप-इन पिच का इस्तेमाल होता है, जिस पर बल्लेबाजों को रन बनाने के अच्छे मौके मिलते हैं। हालांकि, नई गेंद से तेज गेंदबाजों को स्विंग और उछाल मिल सकता है। इस मैदान पर मौसम और बारिश का भी अहम प्रभाव रहता है। ऐसे में भारत और न्यूजीलैंड के बीच दूसरे वनडे में गेंद और बल्ले के बीच अच्छी टक्कर देखने को मिल सकती है।

इन बल्लेबाजों ने किया है अच्छा प्रदर्शन

इस मैदान पर न्यूजीलैंड के लिए केन विलियमसन ने सबसे ज्यादा 9 पारियों में 67.57 की औसत से 473 रन बनाए हैं। वहीं, ब्रेडन मैकुलम के बल्ले से यहां 20 मैचों की 17 पारियों में 427 रन निकले हैं। न्यूजीलैंड के सक्रिय बल्लेबाजों में किसी खिलाड़ी का यहां अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा है। भारत के लिए यहां अंबाती रायडू ने सबसे ज्यादा 2 पारियों में 110 रन बनाए हैं। विराट कोहली के बल्ले एक पारी में 82 रन निकले हैं।

इन गेंदबाजों का रहा है अच्छा प्रदर्शन

न्यूजीलैंड के लिए टिम साउथी ने यहां सबसे ज्यादा 9 मैचों की 9 पारियों में 17.92 की औसत से 25 विकेट लिए हैं। वहीं, डेनियल विटोरी ने यहां 21 पारियों में 22 विकेट अपने नाम किए हैं। कीवी टीम के कप्तान मिचेल सैंटनर ने इस मैदान पर 5 पारियों में 5 विकेट चटकाए हैं।

अक्टूबर के लिए दीप्ति शर्मा हुई नामांकित

एजेंसी ▶▶| दुबई



इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने अक्टूबर महीने के लिए भारत की दीप्ति शर्मा को 'प्लेयर ऑफ द मंथ' के लिए नामांकित किया है। उनके अलावा बांग्लादेश की सोभना मोस्तरी और ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड भी नामित हुई हैं। दूसरी तरफ पुरुष वर्ग में दक्षिण अफ्रीका के मार्को जानसेन, पाकिस्तान के अराफत मिन्हास और वेस्टइंडीज के शाई होप भी इस पुरस्कार की दौड़ में हैं। अक्टूबर में दीप्ति ने वडोदरा में जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे वनडे में शतक (106*) लगाया था।

पूर्व मध्य रेल

रूचि की अभिव्यक्ति

ECR/HQOMech (EnHM)/18/2020 यांत्रिक विभाग दिनांक 03.11.2026

पूर्व मध्य रेल के मेकैनिकल विभाग ने पूर्व मध्य रेल में चलने वाली कोचिंग ट्रेनों में बेहतर और उच्च गुणवत्ता वाली ऑन–बोर्ड सेवाओं के लिए **पेशेवर हाउसकीपिंग एजेंसियों की नियुक्ति** हेतु अभिरूचि व्यक्त करने के लिए आमंत्रित किया है।

प्रतिक्रियाएं आवश्यक दस्तावेज के साथ सील लिफाफे में जमा की जानी चाहिए और PCME कार्यालय, ईस्ट सेंट्रल रेलवे, तीसरी मंजिल, कमरा संख्या–20, ईस्ट सेंट्रल रेलवे मुख्यालय, हाजीपुर, वैशाली, पिन–844101 में भेजी जानी चाहिए और एक प्रति ईमेल के माध्यम से ecrcenhm@gmail.com पर भेजी जानी चाहिए। आवेदन 25.11.2026 को शाम 15:00 बजे तक या उससे पहले पहुँच जाना चाहिए। विस्तृत तथा नियम एवं शर्तें पूर्व मध्य रेल की वेबसाइट http://ecr.indianrailways.gov.in/ से डाउनलोड की जा सकती है।

पीआर/1263/एचक्यू/ईएनएचएम/ईओआई/26–27/40 मुख्य पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था प्रबंधक/पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर

कार्यालय थाना प्रभारी थाना कोहेफिजा जिला- भोपाल

क्र./था.प्र./कोहे/भो./ अप.क्र. 712/26 दिनांक-25/10/2026

जाहिर सूचना



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 26/09/2026 को सूचक देवा सूर्यवंशी पिता सोमा सूर्यवंशी उम्र 36 साल निवासी सी सेक्टर बाबा नगर शाहपुरा रोड थाना चूनाभट्ठी भोपाल ने सूचना दिया कि दिनांक 10/09/26 को मेरे बडे भाई तुलसीराम सूर्यवंशी पिता सोमा सूर्यवंशी उम्र 41 निवासी सी सेक्टर बाबा नगर शाहपुरा रोड थाना चूनाभट्ठी भोपाल को पीलिया होने से हमीदिया अस्पताल मे बी ब्लाक 8वी मंजिल पर भर्ती किया गया था। जिसका इलाज चल रहा था की दिनांक 25/09/26 रात 12/30 बजे भाई तुलसीराम बिना बताये हमीदिया अस्पताल से कही चले गये है मैंने वार्ड में सभी लोगो से पूछा किसी ने कोई जानकारी नहीं दी फिर नीचे आकर अस्पताल परिसर में सभी जगह तलाश किया परन्तु वह नहीं मिले भाई तुलसीराम सूर्यवंशी का हुलिया रंग-सावंला, बाल छोटे छोटे, चेहरा पतला लंबा, हल्की दाढी मूंछ, कद करीबन 5 फिट 8 इंच, नीले रंग कि टी-शर्ट व काले रंग का हाफ पेंट पहने है तथा नंगे पैर है की सूचना पर गुमइंसान क्र.50/26 का कायम कर जांच में लिया गया दौराने जांच अपराध क्रमांक 712/26 धारा-140(3) बीएनएस का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया।

अतः अपहृत के संबंध मे कोई भी जानकारी प्राप्त हो तो कृपया थाना कोहेफिजा भोपाल (म.प्र.) के संपर्क नंबर 9479990687 तथा जाँच अधिकारी का मो.न.7587601685 पर सूचना देने का कष्ट करें।

थाना प्रभारी
थाना कोहेफिजा भोपाल

जी -21088/26 स्वच्छता ही सेवा

कार्यालय नगर पालिक निगम, देवास (म.प्र.)

-: वार्षिक निविदा आमंत्रण सूचना :-

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक / 161 / वाहन/2026 देवास. दिनांक 30/10/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेन्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1.	2026_UAD_546699_1 30/10/2026	विभागीय वाहनों मरम्मत हेतु किरकोल पार्टस। एवं लेबर कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। (संलग्न सूची अनुसार)	1. 12 माह 2. 40.00 लाख	1. 5000/- 2. 1,20,000/-	20/11/2026 6:00PM

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

उपायुक्त,
नगर पालिक निगम
देवास (म.प्र.)

// कार्यालय पुलिस उपायुक्त, नगरीय पुलिस जिला भोपाल //

कमांक / पु.उपा./न.पु./भो/रनि/निविदा/572-A/26 दिनांकः- 03/11/2026

ई-निविदा सूचना

"मध्यप्रदेश भण्डार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 यथा संसोधित 2022" के नियमानुसार इस कार्यालय द्वारा नगरीय पुलिस भोपाल में विभिन्न कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा ड्यूटियो/कार्यक्रमो / मीटिंग / प्रशिक्षण के दौरान पुलिस अधिकारियो एवं कर्मचारियो को भोजन एवं नास्ता उपलब्ध कराने के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	सामग्री का विवरण	निविदा शुल्क	ईएमडी
1.	नगरीय पुलिस भोपाल में विभिन्न कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा ड्यूटियो/कार्यकमो / मीटिंग/प्रशिक्षण के दौरान पुलिस अधिकारियो एवं कर्मचारियो को भोजन एवं नास्ता उपलब्ध कराने हेतु	10,000/-	6,00,000/-

1. निविदा पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलिस भोपाल म०प्र० के नाम से बेवसाईट www.mptenders.gov.in पर ऑन लाईन जमा की जावेंगी ।
2. निविदा शुल्क एवं ई.एम.डी. ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य है।
3. म.प्र. पुलिस की वेबसाइट www.mppolice.gov.in एवं www.mptenders.gov.in से निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है। साथ ही निविदा के संबंध में रक्षित निरीक्षक कार्यालय, पुराना कंट्रोल रूम से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

शेड्यूल-

निविदा पब्लिकेशन दिनांक	दिनांक 04/11/2026 के 12.00 बजे
निविदा डाउनलोड करने की दिनांक	दिनांक 04/11/ 2026 के 12.00 बजे से
प्रिबिड मीटिंग का दिनांक	दिनांक 11/11/ 2026 के 12.00 बजे
निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक	दिनांक 18/11/2026 के 17.00 बजे तक
निविदा खोलने की दिनांक	दिनांक 19/11/ 2026 के 17.00 बजे
प्रिबिड मीटिंग एवं निविदा खोले जाने का स्थान	पुराना पुलिस कंट्रोल रूम भोपाल

पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय)
नगरीय पुलिस, भोपाल

जी - 21134/26 स्वच्छता ही सेवा

बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम

अंचल कार्यालय :
1/14 प्रशासनिक जोन, अरेरा हिल्स,
भोपाल-462011

आधिपत्य सूचना (स्थावर संपत्ति) नियम-8 (1)

जबकि, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन एवं प्रतिभूति-हित-का प्रवर्तन अधिनियम 2002 अन्तर्गत एवं धारा 13(12) सहपठित प्रतिभूहित हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्राधिकृत अधिकारी ने निम्न वर्णित दिनांक को मांग सूचना पत्र को जारी किया जिसमें निम्नवर्णित ऋणी एवं जमानतदार को नोटिस में निम्न वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्चों सहित नोटिस प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। यह सूचना पत्र रजिस्टर्ड डाक एवं हैंड डिलेवरी द्वारा भेजा गया था।

ऋणी द्वारा राशि के भुगतान नहीं करने पर ऋणी एवं आमजनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त कथित एक्ट की धारा 13 (4) सहपठित उक्त कथित नियम के नियम 8 के अधीन निम्न हस्ताक्षरकर्ता ने निम्नवर्णित संपत्तियों का **कब्जा** निम्नवर्णित दिनांक को ले लिया गया है । ऋणी एवं जमानतदार को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नवर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई भी व्यवहार निम्न वर्णित राशि के लिए **बैंक ऑफ महाराष्ट्र, गोविन्दपुरा शाखा** के निर्मित प्रभार के अध्यधीन होगा। उधारकर्ताओं को एक्ट की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधान के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के एवज में उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।

उधारकर्ता एवं जमानतदार का नाम एवं पता	बंधक रखी संपत्ति के विवरण	बकाया राशि
बैंक ऑफ महाराष्ट्र, गोविन्दपुरा शाखा, भोपाल		
1. **मेसर्स ऋतंभरा एसोसिएट्स,** द्वारा प्रोपराइटर- **श्री विवेक धोते पुत्र श्री पनहारी नाथ धोते (ऋणी)** पता : दुकान नंबर 4 राधा कृष्ण मार्केट, होशंगाबाद रोड, मिसरोद, बावड़िया कलां, भोपाल, म.प्र.-462026 2. **श्री विवेक धोते पुत्र श्री पनहारी नाथ धोते (ऋणी एवं प्रोपराइटर)** **पता 1:** दुकान नंबर 4 राधा कृष्ण मार्केट, होशंगाबाद रोड, मिसरोद, बावड़िया कलां, भोपाल, म.प्र.-462026 **पता 2:** फ्लैट नंबर 108, विमला ईपीरियल्स, गांव- बावड़िया कलां, श्री राम कॉलोनी के पीछे, वार्ड नंबर 52, तहसील-हुजूर, जिला- भोपाल,म.प्र.-462047 पता 3: फ्लैट नं. 302, तृतीय तल, एविंग, स्वामी विवेकानंद परिसर, कटारा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462023 3. **श्री पनहारी नाथ धोते पुत्र श्री रघु नाथ धोते (सहऋणी)** पता1:- फ्लैट नंबर 108, विमला इम्पीरियल्स, गाँव- बावड़िया कलां, श्री राम कॉलोनी के पीछे, वार्ड नंबर 52, तहसील- हुजूर, जिला- भोपाल, म.प्र.-462047 पता2: फ्लैट नं. 302, तृतीय तल, एविंग, स्वामी विवेकानंद परिसर, कटारा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462023	सिक्योरिटी: संपत्ति का समस्त भाग अर्थात एक फ्री होल्ड आवासीय फ्लैट संख्या 108, प्रथम तल, 'विमला इम्पीरियल्स' नामक परियोजना के अंतर्गत जिसका निर्मित क्षेत्रफल 874 वर्ग फुट (81.19 वर्गमीटर) है, भूमि सर्वेक्षण संख्या 338/2/9, का भाग, ग्राम - बावड़िया कलां, पीएच नं. 42, नगरपालिका वार्ड संख्या 52 तहसील-हुजूर, जिला- भोपाल (मध्य प्रदेश) चर्तुसीमाएं- पूर्वः फ्लैट संख्या 101, पश्चिमः फ्लैट संख्या 107, उत्तरः आंतरिक सड़क, दक्षिणः फ्लैट संख्या 103 संपत्ति मालिक -श्री विवेक धोते पुत्र श्री पनहारी नाथ धोते Cersai Asset ID of Property-200055359006	₹ 3,679,851.79 +दिनांक 06/08/2026 से अप्रभारित ब्याज एवं पेनल खर्च मांग सूचना दिनांक 06/08/2026 कब्जा दिनांक 05/11/2026

दिनांक : 06.11.2026 (अमरीत कुमार मिश्रा)
स्थान: भोपाल मुख्य प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी, आंचलिक कार्यालय, भोपाल

खबर संक्षेप

प्रणवी चीन में संयुक्त 68वें स्थान पर

शेनझेन। भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स यहां अरामको चीन चैंपियनशिप 2026 के पहले दौर में पार 72 के स्कोर से संयुक्त 68वें स्थान पर हैं। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता प्रणवी ने दो बर्डी और इतनी ही बोगी से पार का स्कोर बनाया। पहले दौर के बाद तीन खिलाड़ी संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं जिनमें इंग्लैंड की एनाबेल फ्युलर और चार्लोट हीथ के अलावा चीन की लिकि झेंग शामिल हैं। इन तीनों ने आठ अंडर 65 का स्कोर बनाया।

त्रिपुरा ने सौराष्ट्र को हराकर सत्र की पहली जीत दर्ज की

अगरतला। त्रिपुरा ने रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप बी मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए बृहस्पतिवार को यहां पूर्व चैंपियन सौराष्ट्र को 133 रन से करारी शिकस्त देकर मौजूदा सत्र की पहली जीत दर्ज की। ऑफ स्पिनर संदीप सरकार और तेज गेंदबाज अभिजीत सरकार ने सात विकेट साझा कर त्रिपुरा की ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाई।

तन्वी युवा ओलंपिक के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला

एजेंसी ▶▶| डकार (सेनेगल)



बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी पत्री ने युवा ओलंपिक खेलों की महिला एकल स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं। ओडिशा की तन्वी ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सेमीफाइनल में जापान की दूसरी वरीयता प्राप्त युजुनो वतनबे को कड़े मुकाबले में 21-14, 11-21, 21-19 से शिकस्त दी।

मॉडल स्कूल के तीन छात्रों ने भोपाल संभाग को दिलाई तीन सिल्वर मेडल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

70 वीं राज्य स्तरीय शालेय गतका खेल प्रतियोगिता ब्यावरा राजगढ़ में आयोजित हुई, जिसमें विद्यालय से अंडर-19 बालिका वर्ग में रिया शर्मा तथा उजाला ने टीम इवेंट में सिल्वर मेडल हासिल किए। इंडिविजुअल तथा अंडर-19 बालक वर्क में सुरजीत सिंह ने इंडिविजुअल डबल टीम इवेंट में सिल्वर मेडल हासिल किया। तीनों छात्रों द्वारा अपना सर्वोच्च प्रदर्शन करने पर भोपाल संभाग राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहा। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य रेखा शर्मा, उप प्राचार्य डॉ. ममता दीक्षित, खेल अधिकारी दीवान चंद्र मौली एवं समस्त विद्यालय स्टाफ ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।





'रामायण' हिंदी में दिखेगी पूरी, काटे गए गाने-सीन

मुंबई। रणबीर कपूर, साई पल्लवी और यश ने 'रामायण' के नए अंतरराष्ट्रीय संस्करण पर चर्चा की है। अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के लिए, फिल्म के अंग्रेजी संस्करण को 30 मिनट छोटा कर दिया गया है, यानी इसमें गाने और कुछ सीन हटा दिए गए हैं। रणबीर ने मजाक में कहा कि अगर आप 'पूरी' रामायण का अनुभव लेना चाहते हैं, तो इसे हिंदी में देखें। साई ने भी बताया कि इन बदलावों का असर सिर्फ संगीत पर नहीं, बल्कि कहानी के कुछ खास पलों पर भी पड़ा है। यश ने समझाया कि उनकी टीम चाहती थी कि जो दर्शक रामायण के सभी किरदारों से ज्यादा वाकिफ नहीं हैं, उनके लिए कहानी समझना आसान रहे, इसीलिए फिल्म में कुछ एडिटिंग करनी पड़ी।



हॉलीवुड मसाला



11 साल की थी, तब कोकीन ऑफर की गई

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड एक्ट्रेस डैफ्ने कीन ने हाल ही में पॉडकास्ट में बताया कि महज 11साल की उम्र में उन्हें हॉलीवुड पार्टियों में कोकीन ऑफर की जाती थी। हालांकि, उन्होंने हमेशा इसके लिए मना किया। एक्ट्रेस ने यह भी बताया कि वह आज भी शराब और ड्रग्स से दूर रहती हैं। हॉलीवुड एक्ट्रेस डैफ्ने कीन इन दिनों अपने एक खुलासे को लेकर चर्चा में हैं। 'लोगन' फिल्म में छोटी उम्र में एक्स-23 का किरदार निभाकर पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस ने बताया कि जब वह महज 11 से 13 साल की थीं, तब उन्हें हॉलीवुड की पार्टियों में कोकीन ऑफर की जाती थी।



ब्रैड पिट की बेटी ने हटाया पिता का सरनेम

लॉस एंजिलस। पिता ब्रैड पिट और मां एंजेलिना जोली के बीच चल रही लीगल बैटल के बीच अब उनकी बेटी विवियेने मार्शलीन ने एक बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने अपने सरनेम के आगे से पिता का लास्टनेम 'पिट' हटा दिया है। पिट सरनेम हटवाने के लिए विवियेने ने कोर्ट में अर्जी डाली थी, जिसे अदालत ने मंजूरी दे दी है। क्यों विवियेने ने हटवाया सरनेम और क्या है ये पूरा मामला पढ़ें डिटेल्स। एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट की बेटी विवियेने से पहले उनके सिबलिंग्स जहरा मार्ले जोली और मैडॉक्स चिवन जोली की भी लीगल नेम बदलने की अपील सितंबर में मंजूर हुई थी। पेज सिक्स की रिपोर्ट के मुताबिक, कैलिफोर्निया के एक जज ने सोमवार को सुनवाई के बाद विवियेने मार्शलीन को पिट से जोली सरनेम बदलने की मंजूरी दे दी है। एंजेलिना की बेटी विवियेने ने 18 साल की होते ही 12 जुलाई को कोर्ट में नाम बदलने की अर्जी डाल दी थी। उन्हें पिता ब्रैड पिट का सरनेम हटाने की मंजूरी भले ही अभी मिली हो, लेकिन साल 2024 से विवियेने अपने नाम के पीछे जोली सरनेम का इस्तेमाल कर रही हैं। उनके सरनेम चेंज करने के बारे में लोगों को तब पहली बार पता चला था, जब साल 2024 में ब्रोडवे प्रोडक्शन के तहत बने 'द आउटसाइडर्स' के ऑफिशियल प्लेबिल में सिर्फ उनका नाम शामिल किया गया था।

लाइफ Style

श्रद्धा

आलोचना के बीच ट्रोलर्स को दिया करारा जवाब

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर सवाल-जवाब के सेशन के दौरान फैंस से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने ऑनलाइन आलोचना और नकारात्मक टिप्पणियों पर अपनी राय रखी।

श्रद्धा ने कहा कि वह ऐसे कमेंट्स का जवाब देने में समय गंवाने के बजाय अपने काम पर ध्यान देना पसंद करती हैं। उनका यह बयान ऐसे समय आया है, जब आगामी फिल्म 'ईथा' में उनके मराठी लहजे और संवाद अदायगी को लेकर सोशल मीडिया पर आलोचना हो रही है। श्रद्धा से बातचीत के दौरान जब एक फैन ने पूछा कि वह आलोचनाओं से कैसे निपटती हैं, तो श्रद्धा ने कहा, सच कहूं तो, मैं आलोचनाओं को संभालती ही नहीं। इसमें संभालने जैसा है ही क्या? मैं तो अपना व्हाट्सएप भी ठीक से नहीं संभाल पाती हूं। मेरा कोई मैनेजर भी नहीं है और न ही मैं किसी एजेंसी से जुड़ी हूं। मेरे दोस्त, निर्देशक और निर्माता मुझे अक्सर डांटते रहते हैं कि मैं अपना फोन चेक नहीं करती हूं। श्रद्धा ने आगे कहा, मुझे आलोचनाओं से निपटने में कोई दिलचस्पी नहीं है। मैं बस काम करना चाहती हूं और ज्यादा से ज्यादा काम करना चाहती हूं। बस इतना ही। बता दें श्रद्धा जल्द ही लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी फिल्म 'ईधा' में विठाबाई नारायणगांवकर का किरदार निभा रही हैं। विठाबाई लावणी और तमाशा की एक मशहूर कलाकार थीं।

टीवी मसाला



'बिग बॉस 20': यंग ने गर्लफ्रेंड को दिया 10-12 बार धोखा

मुंबई। 'बिग बॉस 20' में ड्रामा लगातार बढ़ता जा रहा है। अब शो के प्रतियोगी यंग डीएसए ने अपनी निजी जिंदगी को लेकर चौंकाने वाला खुलासा किया है। उन्होंने स्वीकार किया कि वह अपनी गर्लफ्रेंड समीक्षा को कई बार धोखा दे चुके हैं। दरअसल, घर में उनके परिवार की ओर से एक ऑडियो मैसेज सुनाया गया, लेकिन गर्लफ्रेंड की तरफ से कोई संदेश नहीं आया, जिससे यंग काफी निराश हो गए। यंग ने अपने साथी प्रतियोगी स्काउट ओपी से अपना दुख साझा करते हुए कहा, मैंने समीक्षा को खो दिया है, स्काउट। जब स्काउट ने उन्हें सांत्वना देने की कोशिश की, तो यंग ने खुलासा करते हुए कहा, मैंने उसे बहुत बार धोखा दिया है। उन्होंने आगे बताया कि उन्होंने समीक्षा को लगभग 10-12 बार धोखा दिया है। यह सुनकर स्काउट ने पूछा, फिर भी वह तुम्हारे साथ रही? यंग ने जवाब दिया, नहीं, उसे पता ही नहीं था। यंग की इस बात का मतलब है कि समीक्षा को उनके धोखे के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। यंग ने आगे अंदाजा लगाते हुए कहा, शायद जब मैं यहां आया, तब उन्हें इस बात का पता चला होगा। 'बिग बॉस 20' में अपने सफर के दौरान, यंग ने कई बार अपनी गर्लफ्रेंड के बारे में बात की है। उन्होंने अक्सर उसे अपनी 'पसंदीदा औरत' कहा है और बताया है कि वह उनकी जिंदगी में बहुत खास है।

यूपीएससी करना चाहते थे पंकज कपिल शर्मा के शो में खोला दिल का

मुंबई। कपिल शर्मा का 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' अपने 5वें सीजन के साथ नेटफ्लिक्स पर लौट चुका है। हालिया एपिसोड का प्रोमो निर्माताओं द्वारा जारी कर दिया गया है, जिसमें मेहमान बनकर पंकज त्रिपाठी, कॉमेडियन जाकिर खान और एजुकेटर डॉ विकास दिव्यकीर्ति पहुंचे। प्रोमो की शुरुआत कपिल द्वारा तीनों मेहमानों के स्वागत से हुई। इसके बाद माहौल काफी मजाकिया और मस्तीभरा हो गया। इस दौरान पंकज ने बताया कि वह यूपीएससी की तैयारी करना चाहते थे। प्रोमो के मुताबिक, पंकज ने विकास के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद करते हुए बताया कि वह उनसे एक क्लासरूम में मिले थे।इस पर कपिल पूछते हैं कि क्या अभिनेता यूपीएससी की तैयारी कर रहे थे, तो पंकज ने स्वीकारा कि वह कॉम्पिटिटिव एग्जाम की तैयारी करना चाहते थे। इस पर कपिल मजाकिया अंदाज में कहते हैं, हम सब यूपीएससी की तैयारी करना चाहते थे। उनकी यह बात सुनकर शो में मौजूद दर्शक भी हंस पड़े। एपिसोड के लिए बेताब दिखे लोग प्रोमो में कई मजेदार पल भी आए जब सुनील ग्रोवर ने स्वर्गीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पैरोडी की।



'मातृभूमि' के ट्रेलर का इंतजार खत्म...

मुंबई। सलमान खान ने 'मातृभूमि: में वॉर रेस्ट इन पीस' का नया गाना 'तेरी सेक्सी ब्यूटी' हाल ही में जारी किया था, जिसने फिल्म के प्रति लोगों को फिर उत्साहित कर दिया। अब खबर है कि युद्ध ड्रामा पर आधारित इस फिल्म का ट्रेलर दर्शकों के बीच आने के लिए तैयार है। इससे त्योहार के मौसम में दर्शकों के पास जश्न मनाने का एक बड़ा मौका होगा। बताया जा रहा है कि ट्रेलर रिलीज के लिए तैयारी शुरू हो गई है। बॉलीवुड हंगामा के मुताबिक, 'मातृभूमि' का ट्रेलर आज शुक्रवार 6 नवंबर को मुंबई में लॉन्च होने जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि फिल्म निर्माता शहर में एक ग्रैंड ट्रेलर लॉन्च इवेंट की योजना बना रहे हैं।

'रामायण' में अपने किरदार को लेकर भावुक हुए सनी देओल

मुंबई। नितेश तिवारी की पौराणिक फिल्म 'रामायण' में सनी देओल का 'हनुमान' किरदार खूब चर्चा बटोर रहा है। फिल्म में भले उनका चेहरा न दिखाया गया हो और पोस्ट-क्रेडिट इंट्रोडक्टरी दृश्य में पीछे से उनकी एक झलक दिखाई गई हो, लेकिन सोशल मीडिया पर यह दृश्य छाया हुआ है। इस बीच, सनी ने सोशल मीडिया पर अपना एक वीडियो साझा किया, जिसमें वह भावुक दिखे। दरअसल, वह अपने पिता धर्मेंद्र के फार्महाउस पर पहुंचकर उन्हें याद करते हुए नजर आए हैं।



धर्मेंद्र का फार्महाउस मुंबई के पास महाराष्ट्र की खूबसूरत लोनावाला-खंडाला पहाड़ियों में लगभग 100 एकड़ में फैला हुआ है, जहां दिवंगत अभिनेता सिनेमा की भागदौड़ से दूर सुकून के पल बिताते थे। यह प्रॉपर्टी अपनी नेचुरल सेटिंग और रस्टिक स्टाइल के लिए जानी जाती है, जहां गांव जैसा माहौल है। इसमें बैठने की एक बड़ी जगह और एक गर्म स्विमिंग पूल भी है। बता दें, अभिनेता का 24 नवंबर, 2025 को 89 साल की उम्र में निधन हो गया था।

पिता धर्मेंद्र की याद में डूबे सनी

सनी अपने बेटे करण देओल के साथ दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र के फॉर्महाउस पर पहुंचे जिसकी झलकियां उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि दोनों फॉर्महाउस पर खड़े हैं और वहां मौजूद खेतों में फसल से जुड़े कुछ काम चल रहे हैं। सनी और करण इस प्रक्रिया को ध्यान से देख रहे हैं। इसके बैकग्राउंड में भावनात्मक गाना चल रहा है। इसके साथ अभिनेता ने कैप्शन दिया, 'आपकी याद आ रही है पापा।'

'जेलर 2' ओटीटी पर 12 को होगी रिलीज

मुंबई। तमिल सिनेमा के सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म 'जेलर 2' डिजिटल प्लेटफॉर्म पर धाक जमाने आ रही है। नेल्सन दिलीपकुमार द्वारा निर्देशित एक्शन-कॉमेडी पिछले महीने 15 अक्टूबर को रिलीज हुई थी।
इसने दुनियाभर में अब तक 800 करोड़ रुपये से ज्यादा कारोबार कर लिया है। सैकनिल्क के अनुसार फिल्म अभी भी सिनेमाघरों में मौजूद है और 21वें दिन तक भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 466.05 करोड़ रुपये कमा चुकी है। आइए जानते हैं कि इसे ओटीटी पर कब और कहां देख सकेंगे। 'जेलर 2' का 2023 में आया पहला भाग अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद है। दूसरा भाग इसी प्लेटफॉर्म पर 12 नवंबर, 2026 से उपलब्ध करा दिया जाएगा। फिल्म तमिल के साथ-साथ हिंदी, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषा में दस्तक देगी।



हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादक: प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930